भोपाल, सोमवार 4 मई 2026 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -3 ■ वर्ष : 13, अंक : 32 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 38 न्यून. 25 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

यह इमारत जिसमें ब्लास्ट के बाद आग लगी थी

एसी बन गया बम 9 लोगों की मौत

दिल्ली के विवेक विहार में चार मंजिला इमारत में एसी में ब्लास्ट

कोई बिस्तर पर नींद में जलकर मर गया कोई सीढ़ियों पर झुलसकर

- रविवार तड़के करीब 3:30 बजे भीषण आग
- इमारत की दूसरी मंजिल के पिछले हिस्से में लगे एसी में धमाका
- शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपलों से जांच होगी, पीएम मोदी ने जताई संवेदना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक चार मंजिला इमारत में रविवार तड़के करीब 3:30 बजे भीषण आग लग गई। इमारत की दूसरी मंजिल के पिछले हिस्से में लगे एयर कंडीशनर (एसी) में जोरदार धमाका हुआ,

जिसने देखते ही देखते ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी ▶▶ शेष पेज 6 पर

रेस्क्यू ऑपरेशन में जाल और इकलौती सीढ़ी बनी बाधा

फायर विभाग के मुताबिक बिल्डिंग के पिछले हिस्से में आग लगने और बाहर निकलने के लिए सिर्फ एक बीच की सीढ़ी होने के कारण लोग फंस गए। बालकनी में सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के जालों ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आज, सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती, दोपहर तक सरकार की स्थिति साफ

पश्चिम बंगाल के 'भाल' पर किसका होगा विजय तिलक? भाजपा या तृणमूल

मतगणना से पहले तगड़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था

- हरिभूमि समूह के जनता टीवी आईएनएच न्यूज और न्यूज पोर्टल पर सबसे सटीक अपडेट के लिए जुड़ें
- आज 1 सीट छोड़कर 293 सीटों पर ही होगी वोटों की गिनती
- फालदा विधानसभा सीट पर 24 मई को होगी काउंटिंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के पांच बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजे आज आएंगे। मतगणना सुबह 8 बजे पोस्टल बैलेट से शुरू होगी, जिसके करीब आधे घंटे बाद ईवीएम की गिनती शुरू होगी। पहले रुझान 2-3 घंटे के अंदर सामने आने लगेंगे, दोपहर तक स्थिति साफ हो ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त, पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई एलएसजी
शाम 7.30 बजे से

इंदौर को सेंट्रल ग्रोथ हब बनाएगा यह कॉरिडोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2360 करोड़ की लागत के कॉरिडोर के पहले चरण का किया भूमिपूजन, कहा

नए मप्र का मार्बलस माइलस्टोन होगा 'इंदौर-पीथमपुर' इकोनॉमिक कॉरिडोर

सीएम ने कहा कि कॉरिडोर के निर्माण से उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रदेश की प्रगति का नया अध्याय है। यह कॉरिडोर सच्चे अर्थों में नए मप्र के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में विशेषकर मालवा क्षेत्र के किसानों का सहयोग और समर्पण अनुकरणीय है। यह कॉरिडोर इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक प्रक्षेत्र सहित पूरे मालवांचल के विकास को नई गति देगा।

इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन एरिया के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। कॉरिडोर के निर्माण से उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी, ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई ऊर्जा

कॉरिडोर के निर्माण में किसानों की बड़ी भूमिका 60 प्रतिशत विकसित भूमि किसानों को दी

सीएम की मौजूदगी में भू स्वामियों ने एमपीआईडीसी को सहमति-पत्र प्रदान किए

हमने किसानों की बात सुनी, उनका समर्थन पाया और उन्हें प्रोजेक्ट में बनाया भागीदार

किसानों को कोई कष्ट नहीं आने देंगे अब मिलेगा चार गुना मुआवजा

पहले चरण में सड़क, परिवहन और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में सड़क, परिवहन और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इस कॉरिडोर से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा और अर्थव्यवस्था ▶▶ शेष पेज 6 पर

परियोजना से 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और 1 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लगभग 2360 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाले कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स से प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार बढ़ेगा। करीब 20 किमी लंबा कॉरिडोर इंदौर की व्यावसायिक क्षमता और पीथमपुर ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रदेश में 1700 किमी लंबे 6 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पर तेजी से काम

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 1700 किमी लंबे 6 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट पर तेजी से काम जारी है। प्रदेश में 3 हजार 368 किमी लंबे 6 बड़े एक्सप्रेस-वे, प्रगति पथ और 48 नए इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का कुल नेटवर्क 1 लाख 46 हजार 200 किमी से अधिक हो चुका है। आज हमारे यहां दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क उपलब्ध है। प्रदेश में 5 ग्रीनफ़ील्ड कॉरिडोर्स बनाए जा रहे हैं। आने वाले तीन सालों में 6 बड़े एक्सप्रेस-वे और प्रगति पथ विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शवों को ले जाते हुए

बरगी डैम हादसाः मृतकों की संख्या 13 पहुंची

अब 9 साल के भतीजे के साथ मिला चाचा का शव

हादसे के 48 घंटे बाद सर्च अभियान समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में गुरुवार को डूबे क्रूज में सवार लापता पर्यटकों में से 48 घंटे बाद नौ वर्षीय मयूरन पिता परिमल और आर कामराज के शव रविवार की सुबह पुनः शुरू हुए सर्च ऑपरेशन में मिल गए हैं। हादसे के 48 घंटे बाद सर्च अभियान भी समाप्त हो गया। अब तक इस हादसे में 13 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घटना के बाद से जबलपुर आयुध निर्माणी खमरिया निवासी आर कामराज, उनका भतीजा मयूरन (9) लापता थे। तलाश के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार को भी रेस्क्यू अभियान चलाया था। शनिवार को दो लोगों के शव मिले थे, लेकिन कामराज और उनके भतीजे मयूरन को नहीं खोजा जा सका था। रविवार ▶▶ शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर रोहित जैन बने

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। केंद्र

सरकार ने रोहित जैन को भारतीय रिजर्व बैंक का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। रोहित जैन की यह नियुक्ति 3 मई, 2026 से प्रभावी होगी और वे तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं देंगे। वे टीरबी शंकर का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया है।

महुअर नदी में डूबे भाई-बहन की मौत

दतिया। बड़ौनी थाना अंतर्गत भैंसा सुनारी गांव में रविवार दोपहर दो सगे भाई बहन की महुअर नदी

में डूबने से मौत हो गई। भैंसा सुनारी स्थित सिद्धपुरा इलाके में रहने वाले महेश केवट के बेटे सुमित केवट (7) और ज्योतिष केवट (5) रविवार दोपहर गांव में खेल रहे थे। दोनों महुअर नदी किनारे पहुंच गए। नदी के किनारे गहराई अधिक होने के कारण दोनों बच्चे पानी में चले गए और डूब गए।

मित्तल-पूनावाला बने नए मालिक

डेढ़ महीने में दूसरी बार बिकी राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी

1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बोली लगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स डेढ़ महीने के अंदर दूसरी बार बिक गई है। मशहूर उद्यमी लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर इस टीम को खरीदा। पूनावाला और मित्तल ने 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 15600 करोड़ से अधिक) की बोली लगाई। यह करार तब पूरा होगा जब इसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल ▶▶ शेष पेज 6 पर

आयोग में 6 साल बाद नियुक्तियां

मप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बनीं रेखा यादव

साधना स्थापक को सदस्य का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करीब छह साल के इंतजार के बाद मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग को नया नेतृत्व मिल गया है। सरकार ने रेखा यादव को अध्यक्ष और साधना स्थापक को सदस्य नियुक्त करते हुए आयोग को फिर सक्रिय कर दिया है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। ये नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। आयोग में अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति होने से इसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

अचानक खोल दिया इमरजेंसी गेट

चेन्नई एयरपोर्ट पर चलते विमान से कूदा यात्री, 'दो बार उल्टी' की

एयर अरेबिया की फ्लाइट की घटना, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चेन्नई एयरपोर्ट पर रविवार तड़के एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। एक यात्री यात्री ने चलती फ्लाइट से इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे छलांग लगा दी। यह घटना शारजाह से आई एयर अरेबिया की फ्लाइट के लैंडिंग के बाद उस समय हुई, जब विमान रनवे छोड़कर टैक्सीवे पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक जब वह कूदा तब विमान कम स्पीड ▶▶ शेष पेज 6 पर

ओलंपियन विनेश फोगाट का बड़ा खुलासा

बृजभूषण ने मेरा भी किया शोषण, मैं भी पीड़ित 6 लड़कियों में से एक

गोंडा में मेरे या मेरी टीम के साथ कुछ हुआ, जिम्मेदार भारत सरकार होगी

विनेश फोगाट

बृजभूषण सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपियन विनेश फोगाट ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि वह पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली छह महिला पहलवानों में से एक हैं। वीडियो संदेश में विनेश ने कहा कि मौजूदा हालात और 2026 एशियन गेम्स से पहले उनकी वापसी रोकने की कोशिशों के कारण उन्हें अपनी पहचान उजागर करनी पड़ी। उन्होंने गोंडा में ट्रायल ▶▶ शेष पेज 6 पर

बृजभूषण के कॉलेज में प्रतियोगिता करवाई जा रही

उन्होंने कहा कि आज से करीब एक महीना पहले रेस्लिंग फेडरेशन द्वारा एक कंपटीशन का अनाउंसमेंट किया गया। यह टूर्नामेंट जहां पर आयोजित करवाया जा रहा है। वो गोंडा यूपी है। जहां बृजभूषण का घर है। उनका अपना निजी कॉलेज है और यह ▶▶ शेष पेज 6 पर

6 मई तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना

आंधी-तूफान के साथ 39 जिलों में बारिश का अलर्ट

42.8 डिग्री के साथ रायसेन प्रदेश का सबसे गर्म शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को बादलों की लुका-छिपी से राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में गर्मी से हल्की राहत मिली। बादलों के कारण प्रदेश के कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। मौसम विभाग ने प्रदेश भर में 6 मई तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जाहिर की है। अगले 24 घंटे प्रदेश के 39 जिलों में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश की अलर्ट है। रविवार को रायसेन प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतकम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नर्मदापुरम ▶▶ शेष पेज 6 पर

डायरेक्टर शुभ्रा रंजन को बागसेवनिया के फ्लैट में बंधक बनाया, कोई शोर न सुने इसलिए वहां सुंदरकांड का पाठ रखवा दिया

आरोपी इसी संस्थान की फ्रेंचाइजी चलाने वाला युवक प्रियंक शर्मा

दिल्ली की आईएएस एकेडमी की महिला डायरेक्टर का अपहरण.. पिस्टल सटाकर करीब 2 करोड़ वसूले, विदेश भागने की फिराक में था मास्टरमाइंड

- भोपाल में कोचिंग की दूसरी ब्रांच खोलने और उस जगह का निरीक्षण कराने दिल्ली से बुलाया था
- गिरफ्तारी के डर से आरोपी एम्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हो गया वहीं से दबोचा गया
- पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बदमाशों ने दिल्ली की केयर आईएएस एकेडमी की महिला डायरेक्टर

शुभ्रा रंजन

को किडनैप कर लिया। उन्हें 4 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान कनपटी पर देसी पिस्टल सटाकर करीब 1 करोड़ 89 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। आरोपी विदेश भागने की तैयारी में ▶▶ शेष पेज 6 पर

भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार जानकारी साझा करते हुए

एम्स में आरोपी ने छाती में दर्द की नौटंकी की थी

प्रियंक वारदात के बाद विदेश भागने की तैयारी में था। इसके लिए वह कई एजेंट्स के संपर्क में था। शिकायत के बाद पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

वारदात के लिए 5-5 लाख में बुलाए थे बदमाश

प्रियंक (आरोपी) | रोहित मालवीय | दीपक भगत | कुनाल यादव | पंकज अहिरवार

प्रियंक शर्मा भोपाल के अयोध्या बाइपास का रहने वाला है। पिता विष्णु शर्मा भेल के रिटायर्ड अधिकारी हैं। वह ग्रेजुएट है। कोचिंग सेंटर चलाता है। पहले यूपीएससी की तैयारी कर चुका है। इसी ने पूरी वारदात की साजिश रची। उसे अंजाम तक पहुंचाया। वारदात में शामिल होने के एवज में पांच-पांच लाख रुपए का लालच देकर बुलाया था। अपराध में सहयोगी रोहित पिता जगन्नाथ मालवीय उम्र 24 साल निवासी कालापीपल शाजापुर, दीपक भगत पिता ▶▶ शेष पेज 6 पर

मिल्क कैपिटल
बनने की दिशा में बढ़ते
मध्यप्रदेश के कदम

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

राज्य स्तरीय
दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

4 मई, 2026 | मेला ग्राउंड, ग्वालियर

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026

समृद्ध पशुपालक - समृद्ध प्रदेश

दुग्ध उत्पादन
- प्रतिदिन 10 लाख लीटर दुग्ध संकलन
- 26 हजार गांवों को जोड़कर 52 लाख लीटर प्रतिदिन संकलन का लक्ष्य
- 226 लाख टन वार्षिक दुग्ध उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर

दुग्ध प्रसंस्करण में वृद्धि
- इंदौर में प्रतिदिन 30 मीट्रिक टन क्षमता का दुग्ध चूर्ण संयंत्र प्रारंभ
- 5 वर्षों में दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों में ₹ 3034 करोड़ का निवेश
- 153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित

नस्ल सुधार एवं स्वास्थ्य
- हिरण्यगर्भा अभियान से नस्ल सुधार
- गोरस मोबाइल ऐप से संतुलित पशु आहार की जानकारी एवं मोबाइल पशु चिकित्सा
- पशु प्रजनन, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

दुग्ध समितियां
- वर्तमान में 7000+ ग्रामीण दुग्ध सहकारी समितियां कार्यशील
- 1752 नयी दुग्ध सहकारी समितियां गठित

निराश्रित गौ-वंश प्रबंधन
- निराश्रित गौ-वंश के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु 6000+ एकड़ भूमि आवंटित
- गौ-शाला निर्माण में निजी भागीदारी

उन्नत तकनीक उत्पादन
- पशु चारा संयंत्रों का आधुनिकीकरण और निर्माण
- डेयरी वैल्यू चैन का डिजिटलीकरण

मध्यप्रदेश में पशुपालकों की आय वृद्धि के लिए दुग्ध उत्पादन और संकलन बढ़ाने, उन्नत नस्ल के पशु तैयार करने और आत्मनिर्भर गौ-शालाओं तथा निराश्रित गौ-वंश के स्थायी आश्रय जैसे हमारे प्रयासों से वह दिन दूर नहीं जब मध्यप्रदेश को देश की मिल्क कैपिटल के रूप से जाना जाएगा।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



D-11015/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

5 केंद्र के बार-बार रिमाइंडर के बाद प्रशिक्षण...

9 स्लॉटर हाउस बंद: वन विहार में बाघ, सिंह के लिए ...

अपनी बिखरी गृहस्थी समेटने में लगे मालीखेड़ी विस्थापित हुए आदिवासी बस्ती के 27 परिवार

परिवारों के आरोप- अलमारी और लॉकर टूटे मिले, किसी के गहने गायब, किसी के कपड़ों से लेकर जरूरी दस्तावेज तक नहीं मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन के पीछे से हटाए गए 27 परिवारों को प्रशासन ने मालीखेड़ी में विस्थापित तो कर दिया, लेकिन वहां रहने पहुंचे परिवार अपनी बिखरी गृहस्थी समेटने में लगे हैं। लोगों का आरोप है कि उन्हें पूरा सामान नहीं मिला। किसी को सामान टूटा मिला तो किसी की अलमारी गायब है। जबकि महिलाओं के गहने और जरूरी दस्तावेज नहीं मिलने से परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

रविवार को हरिभूमि की टीम मालीखेड़ी विस्थापित परिवारों के बीच पहुंची तो महिलाओं और पुरुषों ने लापरवाही से सामान भेजे जाने और बड़ी मात्रा में सामग्री गायब होने यानि उन्हें नहीं मिलने की बात कही।

परिवार सामान पहुंचाने में हुई टूट-फूट और गायब हुए सामान की बना रहे हैं सूची

रियलिटी चैक

सामान पहुंचाने के दौरान अलमारी क्षतिग्रस्त हुई।

रविवार को कई परिवार मानस भवन के पीछे उस जगह पहुंचे, जहां कभी उनके घर हुआ करते थे। लोगों को उम्मीद थी कि शायद मलबे के बीच उनका कुछ सामान मिल जाए, लेकिन वहां जाने तक नहीं दिया गया। उनका कहना है कि बच्चों के स्कूल बैग, कपड़े, बर्तन और जरूरी कागजात मलबे के नीचे दबे हैं। जबकि कुछ परिवार ऐसे भी थे, जिनका कहना था कि उनके सोने के गहने और चांदी की पायल तक गायब हैं। एक परिवार का आरोप यह भी है कि उनके पूरे घर के लोगों के कपड़ों की दो अलमारी सामान के साथ उन्हें नहीं मिलीं।

मालीखेड़ी में आवंटित आवास

दो अलमारी नहीं मिलीं, जरूरी सामान भी गायब

छाया सिंह ने बताया कि कि विस्थापन के दौरान उनका अधिकांश सामान गायब हो गया। घर से निकाले जाने की इतनी जल्दी थी कि हमें समझ ही नहीं आया क्या बचाएं और क्या छोड़ें। अब यहां आए तो पता चला कि दो अलमारियां ही नहीं हैं। उनमें बच्चों के कपड़े और जरूरी सामान रखा था। बर्तन टूटे मिले। परिवार के दस्तावेज भी नहीं मिल रहे हैं, जो सामान हमें नहीं मिला है उसकी सूची बना रहे हैं।

अलमारी का लॉकर टूटा मिला

कमरुज्जमा ने बताया कि उनकी अलमारी का लॉकर टूटा मिला। दुकान का सामान खरीदने के लिए करीब 35 हजार रुपए रखे थे। साढ़े चार तोला सोना, पायल और घर के जरूरी कागज भी उसी में थे। अब कुछ भी नहीं मिल रहा। वे यह भी कहते हैं कि सभी सामान मलबे में ही होगा, लेकिन जाने नहीं दिया जा रहा है।

टूटा हुआ पलंग।

अधिकांश परिवार आधार, पेन कार्ड और मार्कशीट को लेकर चिंतित

मालीखेडी रहने पहुंचे अधिकांश परिवारों को सबसे ज्यादा चिंता उन दस्तावेजों को लेकर है जो उन्हें नहीं मिले हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन और स्कूल से जुड़े कागज नहीं मिलने से लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में सरकारी योजनाओं और रोजमर्रा के कामों में दिक्कतें बढ़ेंगी।

मानस भवन के पीछे पुलिस के पहरे में दीवार बनना शुरू

रविवार को मानस भवन के पीछे जिस स्थल से 27 परिवारों को विस्थापित कर आवासों को जमींदोज किया गया है, वहां दीवार निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। पुलिस के पहरे में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान वहां किसी तो जाने की इजाजत नहीं है। दिनभर यहां बड़ी संख्या में लोग अपना सामान ढूंढने पहुंचे थे, लेकिन जाने नहीं दिया गया।

'जहरीली' आदमपुर कचरा खंती: न हवा साफ न भू-जल, निगम के टैंकरों से होती है पानी की सप्लाई

आग, धुआं और बदबू...आठ साल से झेल रहे ग्रामीण आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत जैसी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड स्थित आदमपुर खंती के आसपास बसे गांवों की जिंदगी पिछले आठ साल से कचरे के धुएं, बदबू और दूषित वातावरण के बीच गुजर रही है। शहर की सफाई का बोझ उठाने वाली यह खंती अब आसपास के ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन चुकी है।

आदमपुर छावनी, हरिपुरा, शांति नगर, पड़रिया और कोलुआ जैसे गांवों के लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि यहां न हवा साफ बची है और न ही भू-जल। रविवार को हरिभमि की टीम ग्रामीण इलाकों में पहुंची तो उनका कहना था कि आग लगने, धुआं फैलने और बदबू से न सिर्फ घरों में रहना मुश्किल हो जाता है, बल्कि आए दिन आंखों में जलन, श्वांस लेने में दिक्कत होती है। शनिवार को खंती में लगी भीषण आग के बाद रविवार को भी इलाके में धुएं और सड़ांध का असर बना रहा। ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान कई जगहों पर हवा में जले हुए कचरे की गंध भी महसूस हुई। ग्रामीणों ने बताया कि खंती में आग लगना अब आम बात हो गई है। गर्मी बढ़ते ही कचरे के ढेर से धुआं उठने लगता है और कई बार आग विकराल रूप ले लेती है।

7 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट हटाने के लिए एजेंसी हो चुकी तय

खंती में लगी भीषण आग से इलाके में धुएं और सड़ांध का बुरा असर

प्रदेश सरकार को ग्रामीणों की समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए

हरिभूमि पड़ताल

आदमपुर कचरा खंती में दूसरे दिन भी आग बुझाने का काम चलता रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2018 में जब भानपुर खंती को बंद कर आदमपुर में कचरा डंपिंग शुरू की गई थी, तब उम्मीद थी कि यहां वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निपटान होगा, लेकिन समय के साथ यहां करीब 7 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा लेगेसी वेस्ट जमा हो गया। अब यह कचरे का पहाड़ आसपास के गांवों की सबसे बड़ी चिंता बन गया है। प्रदेश की सरकार को इन समस्याओं का स्थाई समाधान करना चाहिए।

30 घंटे बाद भी कचरे से उठ रहा था धुआं, दिनभर चला पानी का छिड़काव

रायसेन रोड स्थित आदमपुर खंती में शनिवार को सुबह करीब 9 बजे लगी आग पर भले ही देर रात काबू पाया लिया गया हो, लेकिन रविवार को दिनभर कचरे से धुआं निकलता रहा। 30 घंटे बाद भी निगम के फायरकर्मी कचरे के पहाड़ पर पानी का छिड़काव करने में जुटे रहे। देर रात तक आग का फैलाव रोकने की कोशिशों में फाइर फाइटर लगे रहे। अल-सुबह तक फायर दमकलों की आवाजाही जारी रही। जबकि रविवार को दिनभर रह-रहकर कचरे के ढेर से धुआं उठता रहा। निगम के अधिकारियों के अनुसार देर रात आग पर काबू पा लिया गया था। शनिवार को कचरे से धुआं कई बार उठा, इसलिए टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाने का काम किया गया, ताकि आग दोबारा न लगे। उल्लेखनीय है कि आदमपुर खंती में करीब 7 लाख टन कचरा जमा है, जिसे हटाने के लिए 55 करोड़ रुपए की लागत से लेगेसी वेस्ट प्रोसेसिंग का काम चल रहा है।

भू-जल स्त्रोत पहले से ही बंद हैं

बदबू व धुएं के कारण गांव में चहल पहल कम रही।

आदमपुर छावनी में रहने वाले लोगों का कहना है कि सबसे ज्यादा चिंता पानी को लेकर है। ग्रामीणों के मुताबिक इलाके का भू-जल प्रभावित हो चुका है। इसके कारण बोरवेल बंद हैं। नगर निगम टैंकरों से पानी की सप्लाई करता है।

भोजन करना और रात में सोना तक दूभर

आदमपुर निवासी संतोष प्रजापति का कहना है कि बदबू का हाल यह होता है कि घर में सुकून से बैठकर भोजन भी नहीं कर पाते। कई बार तो रात में सोना तक दूभर हो जाता है। लोग कई बीमारियों से घिरते जा रहे हैं।

एलर्जी, बच्चों को खासी और आंखों में जलन

आदमपुर छावनी निवासी विशाल मीणा बताते हैं कि सुबह घर से बाहर निकलते ही बदबू का सामना करना पड़ता है। कई बार आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। बच्चों को खांसी और एलर्जी की शिकायत लगातार बनी रहती है। आसपास के दस किमी क्षेत्र में बदबू आती है।

हमीदिया अस्पताल के सामने अतिक्रमण हटाने का विरोध, दुकानदार और अमले के बीच कहासुनी, रात में कब्जे हटाए

रात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते प्रभारी नासिर खान व पुलिस अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के हमीदिया अस्पताल के सामने अतिक्रमण हटाने गए अमले को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान सांध्यकालीन अतिक्रमण अमले के प्रभारी नासिर खान और दुकानदारों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाए गए। इसके अलावा रॉयल मार्केट, स्टेट बैंक चौराहा और कोहेफिजा थाने के आसपास से भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

रविवार को नगर निगम का अमला अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान के नेतृत्व में हमीदया अस्पताल के सामने अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। अमले को देखकर दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया और खान के साथ कहासुनी और झूमाझटकी हुई। निगम अमले ने सख्ती दिखाते हुए कब्जे हटाए।

सांयकालीन अधिक्रमण निरोधक दस्ते के प्रभारी नासिर खान ने बताया कि अमले को देखकर दुकानदारों ने विरोध किया और झूमाझटकी करने लगे, लेकिन सख्ती के साथ कार्रवाई की गई। मौके पर पुलिस बल भी बुलाया गया। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के पहले मुनादी भी करवाई गई, लेकिन जब लोगों ने कब्जे नहीं हटाए तो कार्रवाई की गई।

रात्रिकालीन अमला भी मैदान में उतरा

इधर निगम ने शहर की मुख्य सडकों पर लगने वाले हाथ-ठेले, गुमठियां व अन्य प्रकार के अतिकमण को हटाने के लिए रात्रिकालीन अतिक्रमण अमला मैदान में उतार दिया है। रविवार को रात में पुराने शहर की मुख्य सड़कों से बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

कोच फैक्ट्री में मेंटनेंस के लिए आने वाले कोचों से शुरुआत

एसी कोच जैसी होगी जनरल कोच की बर्थ, आरामदायक होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेनों के जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब जनरल कोच में भी यात्रियों का सफर आरामदायक होगा।

रेलवे की ओर से जनरल कोच की डिजाइन में परिवर्तन कराने जा रहा है। इसके तहत जनरल कोच की सीटों को स्लीपर और एसी श्रेणी की जैसे अच्छी सीटें लगाई जाएंगी। इसके लिए निशातपुरा कोच फैक्ट्री में मेंटनेंस के लिए आने वाले कोचों से इस योजना की शुरूआत की जाएगी। जहां पर जनरल कोचों को मॉडल रैक के जनरल कोच की तरह सीट के साथ ही अन्य परिवर्तन किया जाएगा। सबसे पहले भोपाल रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनों में प्राथमिकता से यह सुविधा मिलेगी।

निशातपुरा कोच फैक्ट्री सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में भोपाल रेल मंडल से संचालित होने वाली ट्रेनों के जनरल कोचों में कुछ आवश्यक परिवर्तन करते हुए यात्रियों की सुविधा के हिसाब से कोच की सीट व इंटीरियर में परिवर्तन करने जा रहा है। निशातपुरा कोच फैक्ट्री में यह काम किया जाएगा। रेलवे में एक बहुत बड़ा तबका जनरल श्रेणी के कोच में सफर करता है। समय के साथ-साथ रेलवे से यात्रियों की आशाएं भी बढ़ती जा रही हैं। इसीलिए रेलवे ने यात्री कोचों की डिजाइन को अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाने की तैयारी की है। इन कोच में मॉड्यूलर पॉलीकाबोर्नेटेड वॉल और पैनल लगाए गए हैं, जो स्क्रू रहित हैं। सीट की डिजाइन भी पहले से ज्यादा उन्नत की गई है, ताकि बैठने के दौरान यात्रियों को ज्यादा आराम मिले। इतना ही नहीं, इन कोचों में एलईडी लाइट भी लाइट भी लगाई जाएंगी।

सफाई का काम देख रहे अधिकारियों में हड़कंप

स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच प्रभारी एचओ व एएचओ की जनगणना में डयूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में इन दिनों चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के बीच निगम के प्रभारी एचओ और जोन के एएचओ की जनगणना में डयूटी लगा दी गई है।

इससे उनमें हड़कंप मच गया है। यह वे अधिकारी हैं, जो पहले से सफाई व्यवस्था का काम फील्ड में देख रहे थे। बताया जा रहा है कि निगम के जोन अधिकारियों ने ही डयूटी लगाने का मैसेज बिना पूछताछ के भेज दिया, ऐसे में उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। जनगणना-2027 में निगम ने करीब 2200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके तहत पहले चरण में एक मई से मकानों का सर्वे शुरू हो गया है। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के सहयोग के लिए क्विक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। यह टीमें जरूरत पड़ने पर तत्काल प्रगणकों और सुपरवाइजरों की सहायता करेंगी, लेकिन इनमें ज्यादातर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एचओ और जोन के एएचओ के नाम दे दिए गए हैं, जिससे वे अधिकारी मुश्किल में फंस गए हैं।

बरगी डैम हादसे के बाद बोट क्लब पर दिखने लगी लाइफ जैकेट

बरगी डैम पर हादसे के बाद बोट क्लब पर अब आने वाले सैलानियों को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट दी जा रही है।

ग्राम फंदा, सीहोर जिले की सीमा पर होगा कृषकों का आयोजन

किसानों के कार्यक्रम के चलते आज बदली रहेगी शहर की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को सुबह 9 बजे से किसान महासंघ की ओर से प्रदेश के कृषकों को ग्राम फंदा सीहोर जिले की सीमा पर एकत्रित होने का आह्वान किया गया है। कृषक चार पहिया सवारी वाहन से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना संभावित है। इसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

आयोजन के कारण ऐसी रहेगी राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था

- नर्मदापुरम की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग मंडीदीप, 11 मील मिसरोद से बायपास होकर पटेल नगर चौराहा से रत्नागिरी, अयोध्या नगर, मिनाल मार्ग, भानपुर से चौपड़ा कला चौराहा, लाम्बाखेड़ा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।
- रायसेन की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग बिलखिरिया, पटेल नगर बायपास से रत्नागिरी, अयोध्या नगर, मिनाल मार्ग, भानपुर से चौपड़ा कला चौराहा, लाम्बाखेड़ा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।

- विदिशा, सांची की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग दिवानगंज, सुखीसेवनिया, चौपड़ा कला चौराहा, लाम्बाखेड़ा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।
- बैरसिया की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग ईटखेड़ी, लाम्बाखेड़ा, मुबारकपुर, बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।
- राजगढ़ गुना की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग परवलिया से मुबारकपुर बायपास मार्ग से दायें मुडकर बायपास मार्ग से खजूरी जोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थाल फंदा पहुंचेंगे।
- इन्दौर, सीहोर की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों का मार्ग आष्टा, सीहोर होते हुए कार्यक्रम स्थल फंदा पहुंचेंगे।

सामान्य यातायात व डायवर्सन व्यवस्था

- ऐसे वाहन जो कार्यक्रम में सम्मिलित होने नहीं जा रहे है और इंदौर देवास-सीहोर से भोपाल की ओर आवागमन करना है, वे सभी चार पहिया वाहन बायपास सीहोर से बिलकिसगंज, झगरिया, रातीबढ़ व नीलबड़ होकर भोपाल आवागमन कर सकते हैं।
- लालघाटी से सीहोर इंदौर की ओर जाने वाले चार पहिया वाहन गांधीनगर, मुबारकपुर, आयसर तिराहे के पास से दहिने मुड़कर ग्राम बरखेड़ा सालम, ग्राम तुमड़ा होकर तुमडा जोडु पहुंचकर मुख्य हाइवे पर पहुंचेंगे।
- बसों का आवागमन- भोपाल से इंदौर की ओर जाने वाली सभी प्रकार की बसें लालघाटी से गांधी नगर, मुबारकपुर, परवलिया, दोराहा से श्यामपुर होकर सीहोर होते हुए आवागमन कर सकेगी।
- भारी वाहनों का आवागमन- सभी प्रकार के भारी वाहन भोपाल से सीहोर के मध्य न जाते हुए परवलिया, दोराहा, श्यामपुर, कुरावर से इकलेरा रोड से आष्टा होकर आवागमन कर सकेंगे।

प्रकरणों की जांच पर सीआईडी ने उठाए सवाल, 7 साल से कम सजा वाले मामलों में नहीं हो रही विवेचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए अपराध अनुसंधान विभाग ने गंभीर टिप्पणियां की हैं। विभाग ने पाया है कि जिन अपराधों में सजा की अवधि 7 वर्ष से कम है, उनमें पुलिस द्वारा विधिवत विवेचना नहीं की जा रही है। ऐसे मामलों में पीड़ित पक्ष को न्याय के लिए सीधे अदालत का रुख करना पड़ रहा है।

पुलिस मुख्यालय स्थित अपराध अनुसंधान विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और भोपाल व इंदौर के पुलिस कमिश्नरों को पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट की है। पत्र में कहा गया है कि कुछ कानूनों के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों में पुलिस सीधे एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं करती। विभाग के अनुसार, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत धन शोधन से जुड़े अपराधों में जांच का अधिकार विशेष एजेंसियों के पास होता है, जिनमें सजा की अवधि 7 वर्ष तक हो सकती है, इसलिए ऐसे मामलों में पुलिस सीधे विवेचना नहीं करती। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में कानूनी प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

परीक्षा के दौरान ताबीज उतरवाते सुरक्षाकर्मी

प्रवेश द्वार पर परीक्षा के लिए प्रवेश का इंतजार करते परीक्षार्थी

परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी और उन्हें परीक्षा स्थल तक छोड़ने आए परिजन

तीन चरणों की कड़ी जांच के बाद मिला प्रवेश, 11 बजे से शुरू हुई एंट्री

शहर में 33 केंद्रों पर हुई नीट-यूजी परीक्षाएं ताबीज, कान की बाली, कलावा उतरवाए

धूप से बचाव के लिए प्रवेश द्वार पर लगाए टेंट, पेड़ों के नीचे अभिभावक करते रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शिवाजी नगर स्थित सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 सहित 33 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में शामिल होने के लिए केंद्रों पर अभ्यर्थी अपने अभिभावक

के साथ सुबह करीब 9 बजे से ही पहुंचना शुरू हो गए थे, जिसके बाद 11 बजे से केंद्र पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई। यहां अभ्यर्थियों को तीन चरण की कड़ी जांच के बाद प्रवेश दिया गया। सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग (तलाशी) हुई। इस दौरान कई अभ्यर्थियों के ताबीज, कान की बाली, कलावा सहित अन्य प्रतिबंधित चीजें उतरवाई गईं। जिसके बाद उन्हे केंद्र में प्रवेश दिया गया। केंद्रो पर धूप से बचाव के लिए प्रवेश द्वार पर टेंट लगाए गए थे। हालांकि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक थी, ऐसे में आसपास के पेड़ों के नीचे अभ्यर्थी और उनके अभिभावक इंतजार करते नजर आए। दोपहर 1:30 बजे के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं दी गई। केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से परीक्षा शुरू हुई, जो 5 बजे तक चली। पेपर देकर बाहर आए अभ्यर्थियों ने बेहतर व्यवस्थाओं की बात कहते हुए पेपर सरल बताया। बताया जा रहा है कि राजधानी में करीब 14 हजार अभ्यर्थियों में से लगभग 95 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई।

हेयर बैंड उतारती परीक्षार्थी।

बाली उतारती परीक्षार्थी।

परीक्षा स्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य अमला भी दिखाई दिया अलर्ट

परीक्षा को पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए प्रशासन के कड़े निर्देश थे। ऐसे में सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, पूरे शहर में 66 मेडिकल टीमों की तैनाती की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक डॉक्टर और एक पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा 108 एम्बुलेंस सेवाओं को क्विक रिस्पॉन्स मोड में रखा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

ड्रेस कोड लागू, जूतों पर रोक

निर्देशों के अनुसार, केवल हल्के और हाफ स्लीव कपड़े पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को ही अनुमति दी गई थी। जूतों पर पूरी तरह प्रतिबंध था, जबकि चप्पल या सैंडल पहनने की अनुमति रही। इसका उद्देश्य सुरक्षा जांच को आसान बनाना और किसी भी तरह की अनुचित सामग्री की एंट्री रोकना था।

कुछ परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के परिजनों को 100 मीटर पहले रोका

राजधानी के कुछ परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के परिजनों को 100 मीटर पहले ही रोक दिया गया। इससे केंद्र के आसपास भीड़ को नियंत्रित करने और परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में मदद मिली। प्रबंधन द्वारा अभ्यर्थियों के बैग और अन्य सामान भी केंद्र से 100 मीटर दूर ही रखवाने की व्यवस्था की गई।

परीक्षा में 14 हजार अभ्यर्थी शामिल, स्टूडेंट्स के खिले चेहरे

भोपाल। स्टूडेंट्स ने बताया कि इस बार का पेपर काफी आसान था पिछले साल के तुलना में, पेपर आसान होने के कारण कटऑफ थोड़ा बढ़ सकता है पर जिसने भी मेहनत की है उसका हो जाएगा।

कोचिंग नहीं, खुद पर भरोसा

मेरा पहला अटेम्प्ट है, मैंने सेल्फ स्टडी किया है मुझे कोचिंग से ज्यादा खुद पर भरोसा था। प्रीवियस ईयर के प्रश्नों को हल किया था, जिससे मुझे इस एग्जाम के लिए बहुत मदद मिली, बायो के क्वेश्चन काफी आसान थे। मैंने प्रीवियस ईयर के क्वेश्चंस देखें और आज जो मैंने एग्जाम दिया है उससे मुझे लग रहा है कि आज का पेपर काफी आसान था। कट ऑफ इस बार 600 प्लस जाने की उम्मीद है। बायो में मैं सबसे ज्यादा अटेम्प्ट लिया है। कैमेस्ट्री थोड़ा कठिन था उम्मीद है कि मेरा हो जाएगा। - इशिता मुखर्जी, छात्रा

क्वेश्चन देखते ही मैं खुश हुई

दीपिका ने बताया कि यह मेरा पहला अटेम्प्ट है जब मैंने क्वेश्चन देखा तो मैं खुश हो गई, लगा कि इस तरह से क्वेश्चंस आते हैं तो मेरा पहली ही बार में हो जाएगा। मैंने सेल्फ स्टडी की है, पेपर बहुत टफ नहीं था लेकिन जो मैं तैयारी करके गई थी उससे क्वेश्चन आसान आया था, लेकिन फिजिक्स थोड़ा टफ था। इस बार कट ऑफ 600 प्लस जाने की उम्मीद है। मैंने ऑनलाइन क्लासेस ली थी और सेल्फ स्टडी किया था। उम्मीद है कि मेरा इसका रिजल्ट हो जाएगा। -दीपिका सेन,छात्रा

नया पैटर्न फॉलो किया

मयूर साहू ने बताया कि यह मेरा तीसरा अटेम्प्ट है इससे पहले मैंने ऑनलाइन क्लासेस नहीं ली थी पुराने पैटर्न पर मैंने तैयारी की थी इसलिए मेरा शायद भी हुआ था, इस बार फिजिक्स थोड़ा कठिन थे उसमें न्यूमेरिकल ज़्यादा थे, बायो, और कैमेस्ट्री आसान था। पक्का इस बार हो जाएगा। - मयूर साहू छात्र

इस बार बढ़ेगा कटऑफ

ये मेरा दूसरा अटेंप्ट था, प्रश्न काफी आसान था। जितना मैं डर रहा था उससे कई ज्यादा इजी क्वेश्चन आए थे,बायो में, मैने लगभग 72 प्रश्न हल किया है बाकि फिजिक्स कैमेस्ट्री एवरेज प्रश्न हल किया है। मैने इस परीक्षा के लिए बहुत मेहनत किया है किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया है सेल्फ स्टडी किया था जिसी कोचिंग पर डिपेंड नही था। इस बार का कटऑफ बढ़ सकता है क्योंकि पेपर आसान था।
-गौरव साहू,छात्र

नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

मो. 8770833858, 8349245522

62 आईपीएस अफसरों के तबादले

केंद्र के बार-बार रिमाइंडर के बाद प्रशिक्षण की कमान स्पेशल डीजी को, सागर आईजी व बुरहानपुर पुलिस अधीक्षक की नहीं हुई पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आईपीएस अधिकारियों के तबादलों को लेकर लंबे समय से चल रही देरी और असमंजस के बीच आखिरकार केंद्र सरकार के बार-बार रिमाइंडर के बाद प्रशिक्षण व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। पुलिस प्रशिक्षण की कमान अब स्पेशल डीजी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। शनिवार देर रात हुए तबादलों में 62 आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया। इन तबादलों में पुलिस अधीक्षक रैंक तक के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। बदलाव के पीछे प्रशिक्षण व्यवस्था और प्रशासनिक कसावट को मुख्य कारण बताया जा रहा है। काफी समय से प्रशिक्षण शाखा में स्थायी नेतृत्व की कमी महसूस की जा रही थी। इसके चलते व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। अब वरिष्ठ स्तर पर जिम्मेदारी तय करते हुए स्पेशल डीजी को इसकी कमान सौंपी गई है, जिससे प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने की कोशिश की गई है। सिवनी और सिंगरौली में हाल के कुछ मामलों ने भी प्रशासनिक फेरबदल को प्रभावित किया। इन जिलों में पुलिस अधिकारियों के कार्यों पर सवाल उठे थे, जिसके बाद राज्य स्तर पर समीक्षा कर तबादलों का निर्णय लिया गया।

हवाला कांड के बाद सिवनी एसपी को इंदौर डीसीपी बनाया

सिवनी में हवाला कांड सामने आने के बाद से ही एसपी सुनील मेहता को हटाए जाने की चर्चाएं चल रही थीं। जिन पर लंबे अरसे के बाद मुहर लग पाई। इसी तरह सिंगरौली में हाल ही में हुई बैंक डकैती को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाना दोनों ही मनीष खत्री से नाराज बताए जा रहे थे। जिले के मोरबा थाने में लगातार हो रही प्रभारियों की विवादास्पद नियुक्तियों को लेकर भी पुलिस मुख्यालय के अफसर नाराज थे। अब इन्हीं वजहों को खत्री के तबादले की वजह बताया जा रहा है।

सिंगरौली में बैंक डकैती के बाद एसपी मनीष खत्री को पीएचक्यू भेजा

वरिष्ठ स्तर के इन अधिकारियों की नई पोस्टिंग

रवि कुमार गुप्ता- विशेष पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं निदेशक, पुलिस अकादमी भौंरी (अतिरिक्त प्रभार एडीजी रेल)
राजाबाबू सिंह-अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, रेल, भोपाल
डी.पी. गुप्ता-अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सामुदायिक पुलिसिंग / अनुसंधान / सुधार, पुलिस मुख्यालय भोपाल
सोलोमन कुमार मिंज-अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शिकायत एवं मानव अधिकार / लेखा-कल्याण, पीएचक्यू भोपाल, डीआईजी/ उप पुलिस महानिरीक्षक
अमित सिंह-उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, इंदौर रेंज
अवधेश कुमार गोस्वामी-उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल
अमित सांघी-उप पुलिस महानिरीक्षक, होमगार्ड/एसडीआरएफ, भोपाल
वीरेन्द्र कुमार सिंह-उप पुलिस महानिरीक्षक, रीवा रेंज
प्रशांत खरे-उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल
मनीष कुमार अग्रवाल-उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल
नरेन्द्र कुमार राय-उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल

एसपी स्तर के अधिकारी

- नीरज इरवाल-उप पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
- राहुल कुमार लोढ़ा-उप पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
- सुशील शर्मा प्रसाद-उप पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
- आदित्य यादव-उप पुलिस महानिरीक्षक, ग्वालियर रेंज
- विवेक सिंह-उप पुलिस महानिरीक्षक, शहडोल रेंज

जिला पुलिस अधीक्षक

शैलेन्द्र सिंह चौहान-अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था, नगरीय भोपाल
पंकज कातिक -उप पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स, इंदौर
शिव दयाल-उप पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
मकरंद अवस्थी-अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर
अरविंद तिवारी-सेनानी, 36वीं वाहिनी, विसबल, धार
संजय कुमार-पुलिस अधीक्षक, जिला निवाड़ी
उमाशंकर सिंह-पुलिस अधीक्षक, जिला रीवा
दीपक कुमार शुक्ला-सेनानी, 32वीं वाहिनी, विसबल उज्जैन
अनिल सिंह राठौर-पुलिस उपायुक्त (जोन-2), नगरीय इंदौर
अरुण रजक-पुलिस अधीक्षक, जिला सागर
सचिन शर्मा-पुलिस अधीक्षक, जिला दमोह
वाहिनी सिंह-पुलिस अधीक्षक, पेट्रोलियम/विशेष इकाई इंदौर
विकास कुमार-पुलिस उपायुक्त (जोन-2), भोपाल

अन्य (एसपी/डीसीपी/बटालियन/विशेष इकाई)

दिलीप सोनी-एसपी, आगर मालवा
राजेश वर्मा-एसपी, देहात इंदौर
विनीत मुद्गल-एसपी, जिला अनूपपुर
सुरेश कुमार जैन-एसपी, मंदसौर
आशीष खरे- एसपी, जिला डिंडोरी
अंकित जायसवाल-एसपी, रेल भोपाल
राजेश रघुवंशी- एसपी, जिला मंडला
मोतीउर रहमान-सेनानी, 9वीं वाहिनी, विसबल रीवा
शैलेन्द्र सोमवंशी-सेनानी, 13वीं वाहिनी, विसबल ग्वालियर
मयूर खंडेलवाल-एसपी, जिला दतिया

नवीन बैच/हालिया अधिकारी

सुरेश कुमार-एसपी, जिला सीहोर
शिशिर कुमार-एसपी, सिंगरौली
आलोक कावले-एसपी, दमोह
कृष्ण लालचंदानी-एसपी, सिवनी
आयुष गुप्ता-डीसीपी, जोन-3 भोपाल
आदित्य शुक्ला-डीसीपी, जोन-4 भोपाल
नरेन्द्र रावत-डीसीपी, जोन-1 इंदौर
संजीव रंजन-डीसीपी, जोन-3 इंदौर
राहुल देशमुख-ओएसडी, राजभवन

अन्य जिला/फील्ड पोस्टिंग

अजय जैन-,एसपी, जिला खंडवा
मनोज खत्री-सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
सुनील कुमार मेहता-पुलिस उपायुक्त (जोन-4), इंदौर
देवेंद्र पाटीदार-एसपी, झाबुआ
नारायण प्रसाद-सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पीएचक्यू भोपाल
सुनील कंवर-एसपी, रेल जबलपुर
राजेश व्यास-एसपी, जिला नीमच
विनोद कुमार सिंह-सेनानी, 24वीं वाहिनी, विसबल
पंकज पाण्डे-एसपी, देहात भोपाल
यशपाल यादव-एसपी, जिला पन्ना

मंत्रालय वल्लभ भवन में हुआ अल्पविराम कार्यक्रम

■ निजी जीवन व कार्यस्थल पर सरल कार्य के टिप्स दिए

भोपाल। पुलिस कर्मियों को बिना स्ट्रेस के आनंदपूर्वक अपनी सेवा देने के उद्देश्य से मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं की स्वयं से बात में विशेषज्ञों ने कई टिप्स दिए। निजी जीवन और कार्यस्थल पर सरल कार्य संस्कृति पर विशेष बल दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों को निजी जीवन एवं कार्य स्थल पर आनंद के महत्व को बताया गया। जीवन में आंतरिक आनंद के महत्व को बताया गया सभी ने जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्साह और ऊर्जा के विभिन्न आयामों पर विमर्श किया और कार्य स्थल पर टिप्स को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर मंत्रालय के रजिस्ट्रार मनोज श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अविनाश शर्मा, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्रीमती अंजना श्रीवास्तव, मुकेश, अजीत एवं समन्वयक के रूप में आनंद विभाग के मनु दीक्षित भी उपस्थित रहें।

मध्यप्रदेश में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने कराया पंजीयन

सीएम ने वितरित किए प्लेसमेंट प्रमाण पत्र स्टार्टअप को बढ़ावा देने सरकार सदा तत्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य शासन स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने अपना पंजीयन कराया है। स्टार्टअप शुरू करने वालों को राज्य सरकार प्रतिमाह स्टाइफंड भी दे रही है। प्रदेश में चारों ओर उद्योगों का फैलाव हो, इसके लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। बाहर की कंपनियों को निवेश के लिए औद्योगिक समिट के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के महू में एक निजी कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट प्रोग्राम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कॉलेज के उन युवाओं को प्लेसमेंट के प्रमाण-पत्र वितरित किए, जिनका प्लेसमेंट विभिन्न कम्पनियों में हुआ। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, कॉलेज के सेक्रेटरी सुनील बंसल और शरद त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि यदि हम किसी विषय को मन लगाकर गहराई से पढ़ते हैं, तो उसकी याददाश्त लम्बे समय तक बनी रहती है।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद

युवाओं से संवाद करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने शिक्षक बनकर विद्यार्थियों से प्रश्न किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षक बनकर विद्यार्थियों से प्रश्न किए, तो वहीं विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री से प्रश्न किए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से विज्ञान और राजनीति से जुड़े प्रश्न किए, तो वहीं विद्यार्थियों ने उद्योग और नवाचार को लेकर प्रश्न किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल पाठ्यक्रम तक ही विद्यार्थी स्वयं को सीमित न रखें, वह आगे भी अपना मनन और चिंतन जारी रखे। नए नए नवाचार करें और स्वयं को भी परखें। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप, गुरूत्वाकर्षण, ब्रह्माण्ड, नवाचार, निवेश आदि को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने सुशीला देवी बंसल कॉलेज परिसर में आयोजित विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सामूहिक चित्र भी खिंचवाए।

सीएम आज दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री विभागीय योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी वितरित करेंगे। मेला ग्राउंड ग्वालियर में होने वाले सम्मेलन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने ग्वालियर जिले में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 20 हजार पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, लाभान्वित हितग्राही, सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालक शामिल होंगे। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उन्नत पशुपालन को बढ़ावा देने और सहकारिता के माध्यम से पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि पर विशेष जोर दिया जाएगा।

मिशन दृष्टि के सफल प्रक्षेपण पर सीएम ने दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व के पहले और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी ऑप्टोसार उपग्रह 'मिशन दृष्टि' के सफल प्रक्षेपण पर गैलेक्सआई के संस्थापकों और पूरी युवा टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को दी जन्मदिन की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। डॉ. यादव ने कहा है कि सांस्कृतिक उत्थान और जनकल्याण के प्रति उमा की दूरगामी दृष्टि एवं सेवाभाव आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने मां नर्मदा से उमा को सुदीर्घ, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन प्रदान करने की कामना की है।

राजस्व विभाग ने बुलाई जानकारी

भू अर्जन के जिन प्रकरणों में अंतिम अवॉर्ड पारित नहीं, उन्हें 4 गुना मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अर्जन से जुड़े लंबित प्रकरणों में राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। जिन मामलों में अब तक अंतिम अवार्ड पारित नहीं हो पाया है, उन सभी प्रकरणों में अब 24 अप्रैल के बाद चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। राजस्व विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि के अर्जन पर अब बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों के मल्टीप्लिकेशन फैक्टर का पुनर्निर्धारण किया गया है। राजस्व विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे सभी प्रकरणों की जानकारी भेजें, जिनमें भूमि अर्जन के बाद भी अंतिम अवार्ड पारित नहीं हुआ है। नए नियम लागू होने के बाद 24 अप्रैल के पश्चात पारित होने वाले सभी अवार्ड में बढ़ी हुई दर से मुआवजा दिया जाएगा।

तत्काल प्रभाव से लागू

यह निर्णय पूरे मध्यप्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण में उपयोग होने वाले गुणांक (फैक्टर) को बढ़ाकर चार गुना कर दिया गया है।

किसानों को होगा लाभ

इस निर्णय से उन किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा, जिनके भूमि अर्जन के प्रकरण अभी लंबित हैं या विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं और जिनमें अंतिम अवार्ड जारी नहीं हो सका है। अब ऐसे मामलों में भी कैबिनेट के निर्णय के अनुसार चार गुना मुआवजा दिया जाएगा।

दो दर्जन पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बर्राढाना में आगजनी प्रभावितों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बैतूल जिले के भैंसदेही विधानसभा के ग्राम बर्राढाना पहुंचकर आगजनी से प्रभावित हुए परिवारों से मिलकर सांत्वना दी।

खण्डेलवाल ने दो दर्जन पीड़ित परिवारों को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि पीड़ित परिवारों का तुरंत पुनर्वास करें। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ भाजपा संगठन और सरकार खड़ी है। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ राहत कार्यों का अवलोकन भी किया। इस दौरान स्थानीय विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने विधायक स्वेच्छानुदान निधि से प्रत्येक पीड़ति परिवार को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। नुकसान का विस्तृत आंकलन कर शीघ्र प्रदान की जाए आर्थिक सहायता खण्डेलवाल ने कलेक्टर से कहा कि शनिवार को हुई आगजनी से पीड़ति परिवारों को हुए नुकसान का विस्तृत आंकलन कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

अब मंत्रिमंडल में फेरबदल की तैयारी

निगम-मंडलों, आयोगों में नियुक्तियों के बाद अब प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल की बारी है। निगम-मंडलों में नियुक्तियों के जरिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संगठन ने क्षेत्रीय, जातीय और गुटीय संतुलन साधने क कोशिश की है। यह बात अलग है कि केपी यादव को महत्वपूर्ण जवाबदारी देने और कुछ खास समर्थकों को तवज्जो न मिलने के कारण केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे में निराशा है। पर ग्वालियर में अशोक शर्मा को लेकर भरपाई की कोशिश की गई है। मंत्रिमंडल फेरबदल में परफॉरमेंस न देने और विवादों में रहने वाले मंत्रियों की छुट्टी होगी, जबकि कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए छिंदवाड़ा के आदिवासी नेता कमलेश शाह और भाजपा के कुछ वरिष्ठ विधायकों गोपाल भार्गव व भूपेंद्र सिंह जैसों को जगह मिल सकती है।

जवाबदार कानून के दायरे में क्यों नहीं?

पर्यटकों की मौज-मस्ती के लिए चलने वाला क्रूज बरगी डैम में 13 लोगों की जिंदगियां लील गया। हालात बताते हैं कि हादसा लापरवाही का नतीजा था। मौसम की चेतावनी के बावजूद क्रूज को डैम में ले जाया गया। पर्यटकों को लाइफ जैकेट नहीं पहनाई गई। भला हो उन मजदूरों का, जो पास में काम कर रहे थे, उन्होंने डैम में कूद कर अधिकांश पर्यटकों की जान बचाई, वर्ना किसी का भी बचना मुश्किल था। कफ सीरप कांड हो या दूषित पेयजल के कारण मौतों का मामला, आपराधिक कार्रवाई कर जवाबदारों को कानून के दायरे में क्यों नहीं लाया जाता?

पं. धीरेंद्र शास्त्री का फिर विवादित बयान

बागेश्वरधाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कह दिया कि बड़े घरों की महिलाएं शराबी होती हैं। इसे लेकर सड़कों पर विरोध हो रहा है और धीरेंद्र शास्त्री से माफी की मांग की जा रही है। बड़ा सवाल यह है कि पीठाधीश्वर विवादित बयान देने के आदी होते जा रहे हैं या चर्चा में बने रहने के लिए वे जानबूझ कर ऐसा करते हैं? उनका कोई भक्त उन्हें माफी मांगते नहीं देखना चाहता। पर बार-बार ऐसा हो रहा है। लोगों के लिए कैंसर अस्पताल की नींव रखने और कन्याओं का विवाह जैसे नेक काम करने वाले व्यक्तित्व के दामन में लोग किसी भी तरह का दाग नहीं देखना चाहते।

बढ़ सकती है चिंतामणि की 'चिंता'

भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी द्वारा लगाए गए आरोप से मुसीबत में हैं। मामला इसलिए गंभीर है, क्योंकि मामला एक महिला के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़ा है। चिंतामणि ने कहा कि लगाए गए आरोप झूठे हैं। उन्होंने कह दिया कि मैं रीना को पवन खेड़ा बनाकर छोड़ूंगा। जवाब देने कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक सामने आए। उन्होंने कहा कि रीना महिला हैं और पवन पुरुष, भला चिंतामणि एक महिला को पुरुष कैसे बना सकते हैं? रीना का आरोप है कि चिंतामणि ने विक्रम विवि की एक महिला प्रोफेसर का चरित्र हनन कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। पीड़िता 10 साल से न्याय मांग रही है, लेकिन नहीं मिला। सवाल है कि क्या ये आरोप साबूतों पर आधारित है?

दिग्विजय ने ऐसा मैसेज क्यों दिया?

वरिष्ठतम होने के नाते दिग्वजय सिंह को कांग्रेस को मजबूत करने की वजह बनना चाहिए, लेकिन अक्सर वे पार्टी को मुसीबत में डाल देते हैं। दिग्विजय सिंह ने पार्टी की एक बैठक में जीतू को खरी-खरी सुनाते हुए कह दिया कि वाल्मीकि समाज और बसोड़ समाज का कोई व्यक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी में क्यों नहीं है, जबकि जीतू केसी वेणुगोपाल से कुछ भी लिखवाकर ला सकते हैं। कांग्रेस आलाकमान तक जो जीतू की पकड़ है वो हमारी भी नहीं। जीतू ने भी जवाब दिया और कहा कि चेला तो मैं आप ही का हूं। इस पर दिग्विजय ने कहा-मेरे चेले हो लेकिन गुरु रह गया गुड़ और चेला बन गया शक्कर। डैमेज कंट्रोल के लिए जीतू को दिग्विजय से मिलने उनके बंगले जाना पड़ा। सवाल है कि आखिर दिग्विजय ने ऐसा मैसेज क्यों दिया कि कांग्रेस के अंदर सब ठीकठाक नहीं है?

-दिनेश निगम 'त्यागी'

आदिवासी अन्नेलाल के साथ मारपीट, पटवारी ने की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदिवासी अन्ने लाल बैगा के जंगल में लकड़ी लेने जाने पर के साथ कोल माइंस के अधिकारियों द्वारा मारपीट किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और निंदनीय है। उन्होंने बताया कि रविवार को वीडियो कॉल के माध्यम से उन्होंने अन्नेलाल से घटना की जानकारी ली। उन्होंने अन्नेलाल को आश्वस्त किया कि वे इस मामले को सीएम के संज्ञान में लाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि मैं और पूरी कांग्रेस पार्टी आदिवासी परिवार के साथ मजबूती से खड़ी हैं।

पुलिस ने तरुण पुष्कर के पास रोका, छीनी अर्थियां

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्रूज हादसे के विरोध में घेरा पर्यटन मंत्री का बंगला, 11 अर्थियां निकालीं, फिर पुलिस ने खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में डूबने से 13 लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना के लिए पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी को जिम्मेदार बताते हुए भोपाल में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को शव यात्रा निकाली। जवाहर बाल भवन से जैसे ही युवा कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़े, पुलिस ने प्रकाश तरण पुष्कर के सामने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की।

हालांकि, यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं माने और धक्का-मुक्की करने लगे। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित खत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के नेतृत्व में निकाली गई शव यात्रा में प्रतीकात्मक तौर पर 11 अर्थियां शामिल की गईं। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक अर्थियों और लाठी-डंडों को बैरिकेडिंग की ओर फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस ने पहले कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वे नहीं माने तो हल्का बल प्रयोग करते हुए युवा कांग्रेसियों को खदेड़ दिया।

प्रदेश में अव्यवस्थाओं को लेकर पटवारी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

भोपाल। प्रदेश में अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में लिखा है कि अनेक घटनाएं इस विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उन्होंने पहली घटना में छिंदवाड़ा की घटना का हवाला देते हुए लिखा है कि वहां मासूम बच्चों की मृत्यु जहरीली दवा सेवन से होना, न केवल प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण है, बल्कि यह स्वास्थ्य तंत्र की भयावह स्थिति को भी उजागर करता है। वहीं, इंदौर में जहरीले पानी की आपूर्ति जैसी घटना, मूलभूत सुविधाओं के प्रबंधन में गंभीर चूक है, जहां जीवनदायिनी सेवा ही जानलेवा बन गई। इधर, हाल ही में जबलपुर में क्रूज दुर्घटना में अनेक नागरिकों की असमय मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया। उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र से अवगत कराया है कि इन घटनाओं के अतिरिक्त प्रदेश में निरंतर हो रहे सड़क हादसे, किसानों की समस्याएं एवं आमजन की पीड़ा भी अत्यंत गंभीर चिंता का विषय हैं। हाल ही में धार जिले में सड़क दुर्घटना में अनेक आदिवासी नागरिकों की मृत्यु इस बात का संकेत है कि सुरक्षा और प्रशासनिक उत्तरदायित्व दोनों ही स्तरों पर कमी है। पटवारी ने लिखा है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था एवं प्रशासनिक नियंत्रण कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। सरकार के प्रति जनता का विश्वास निरंतर घट रहा है और भय एवं असंतोष का वातावरण बन रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति से निवेदन किया है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रदेश सरकार को आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दें, जिससे प्रदेश में सुशासन, सुरक्षा एवं जन-विश्वास की पुनर्स्थापना हो सके।

पेज एक का शेष...

कोई बिस्तर पर...

तेज और अचानक थी कि बिल्डिंग में सो रहे लोगों को संभलने या जान बचाने का जरा भी मौका नहीं मिला। चश्मदीदों के मुताबिक आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि सुबह 5 बजे तक पूरा इलाका धुएं और रोशनी से भर गया था। हादसे का सबसे दर्दनाक मंजर तब सामने आया जब बचाव दल अंदर पहुंचा और उन्हें बिस्तर पर ही जली हुई लाशें मिलीं। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि तीन लोग बिस्तर से उठ तक नहीं पाए और सोते हुए ही मौत की आगोश में समा गए। तीसरे फ्लोर पर रहने वाला एक परिवार अपनी जान बचाने के लिए छत की तरफ भागा था, लेकिन छत का दरवाजा बंद होने के कारण वे वहां फंस गए। छत तक पहुंचने की कोशिश में नाकाम रहने पर उन लोगों की सीढ़ियों पर ही झुलसकर मौत हो गई। इस अग्निकांड में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और यह आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई गई है। लाशें इस हद तक झुलस चुकी हैं कि उनकी पहचान करना और जेंडर का पता लगाना भी नामुमकिन हो गया है। शवों की पहचान के लिए अब डीएनए टेस्टिंग का सहारा लिया जाएगा। हालांकि शुरुआती तौर पर आग का कारण एसी ब्लास्ट और शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, लेकिन प्रशासन अभी घटना के सटीक कारणों की आधिकारिक जांच कर रहा है।

दिल्ली हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना बेहद दुखद है, जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जिन लोगों की जान गई है, उनके परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

रेस्क्यू ऑपरेशन में ....

बचाव कार्य को और मुश्किल बना दिया, जिसे काटकर दमकल कर्मियों को अंदर घुसना पड़ा। हालांकि आगे की तरफ रहने वाले कुछ लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जिनमें एक बच्ची और एक महिला शामिल हैं, लेकिन पीछे के हिस्से में मौजूद लोगों के लिए कोई रास्ता नहीं बचा था. इकलौती सीढ़ी और जालों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी हुई जो कई जिंदगियों पर भारी पड़ गई।

पश्चिम बंगाल के ....

सकती है। सुरक्षा के लिए सभी काउंटिंग सेंटर पर सेंट्रल फोर्स तैनात की गई है और सभी राज्यों में ड्राई डे घोषित किया गया है। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा मुकाबला देखा जा रहा है। यहां ममता बेनर्जी चौथी बार सरकार बनाने की कोशिश में हैं, जबकि भाजपा पहली बार बहुमत पाने की उम्मीद कर रही है। एग्जिट पोल में भाजपा को बढ़त दिखाई गई है, लेकिन बंगाल में पहले भी अनुमान गलत साबित हुए हैं। तमिलनाडु में मुकाबला दिलचस्प है क्योंकि यहां एक नई पार्टी टीवीके भी चर्चा में है। ज्यादातर एग्जिट पोल डीएमके गठबंधन को आगे दिखा रहे हैं, लेकिन कुछ अनुमान टीवीके को भी मजबूत स्थिति में बताते हैं। ऐसे में यहां बड़ा उलटफेर संभव है। केरल में हर बार सरकार बदलने का ट्रेंड रहा है। इस बार कांग्रेस की अगुवाई वाला यूडीएफ वापसी कर सकता है, जबकि एलडीएफ लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रहा है। असम में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने की कोशिश में है और एग्जिट पोल भी उसे बढ़त देते नजर आ रहे हैं। पुडुचेरी में छोटी विधानसभा जरूर है, लेकिन इसका राजनीतिक महत्व कम नहीं है। यहां एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान है।

नए मप्र का ...

लॉजिस्टिक्स और आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को इंदौर जिले में ग्राम नैनोद में इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना के तहत 2360 करोड़ की लागत से विकसित होने वाले इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण के कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों की बात सुनी। उनका समर्थन पाया और उन्हें इस कॉरिडोर के निर्माण में भागीदार भी बनाया। उन्होंने बताया कि इस कॉरिडोर निर्माण में करीब 650 करोड़ रुपए के विकसित प्लॉट किसानों को दिए गए। इससे वे भी विकास के इस महायज्ञ में भागीदार बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह किसानों की सरकार है। किसानों को कोई भी कष्ट नहीं आने देंगे। अब हम किसानों को चार गुना मुआवजा देंगे।

पहले चरण में ...

भी मजबूत होगी। यह कॉरिडोर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए मप्र को एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा तथा बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आधुनिक अधोसंरचनाओं से लैस यह क्षेत्र जल्द ही देश के प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

परियोजना से 5 ....

के औद्योगिक सामर्थ्य के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी स्थापित करेगा। इससे लॉजिस्टिक्स की लागत घटेगी और मार्केट में तेजी आएगी। इस परियोजना से 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और 1 लाख अप्रत्यक्ष, रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना में किसानों के हितों को केंद्र में रखते हुए 60 प्रतिशत विकसित भूमि वापस देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इससे अब वे विकास प्रक्रिया में भागीदार भी बन रहे हैं।

प्रदेश में 1700...

विकास पथ, अटल प्रगति पथ, बुंदेलखंड विकास पथ और मध्य भारत विकास पथ शामिल हैं।

अब 9 साल ...

सुबह पुनः बचाव दल ने रेस्क्यू अभियान चलाया, जिसके बाद उन दोनों के शव बरामद हुए। दुर्घटना में मृत दो महिला पर्यटकों के शव को शनिवार को विशेष विमान से तमिलनाडु ले जाए गए थे। आयुध निर्माणी खमरिया में कार्यरत कामराज अपनी पत्नी, बच्चों, तमिलनाडु से आए माता-पिता, भाई-भाभी एवं अन्य परिजनों के साथ घूमने पहुंचे थे। हादसे के दौरान 10 वर्षीय बेटा लहरों के सहारे किनारे आ गया था, जिसे सुरक्षित बचा लिया गया। लेकिन उसका छोटा बेटा श्रीतमिलवेंदन और भतीजा मयूरन सहित स्वयं आर कामराज डूब गए थे। रविवार की सुबह भतीजा मयूरन और आर कामराज के शव भी मिल गए। कामकराज का परिवार मूलतः तमिलनाडु के त्रिची का रहने वाला है। परिवार ने मृतक महिलाओं का अंतिम संस्कार गृहग्राम में करने की इच्छा जताई थी। इसके बाद प्रशासन ने शवों एवं परिजनों को विशेष विमान से पहुंचाने की व्यवस्था की।

डेढ़ महीने में ...

बोर्ड (बीसीसीआई), सीसीआई और आईपीएल शीर्ष परिषद की बैठक से मंजूरी मिलेगी। माना जा रहा है कि यह करार 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

मप्र राज्य महिला ...

महिला सशक्तिकरण के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है। बता दें रेखा यादव का नाम महिला आयोग के अध्यक्ष के लिए तय हो गया था, लेकिन उनके नाम को लेकर आपत्ति आने के बाद उसे होल्ड कर दिया गया था। अब सरकार ने उनके नाम पर ही मुहर लगा दी है। प्रदेश में इन दिनों निगम, मंडल, आयोग और विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियों का दौर तेज है। अब तक करीब दो दर्जन से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जबकि शेष रिक्त पदों को भी भरने की प्रक्रिया लगातार जारी है। महिला आयोग को अध्यक्ष और सदस्य मिलने से प्रदेश में महिलाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई और नीतिगत फैसलों को नई गति मिलेगी। लंबे समय से आयोग में शीर्ष पद खाली होने के कारण कई मामलों में निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी।

चेन्नई एयरपोर्ट पर...

से चल रहा था। इस घटना में किसी की जान नहीं गई और न ही विमान को कोई नुकसान पहुंचा है। यह घटना मेन रनवे पर नहीं घटी। एक अधिकारी ने बताया कि उसे उल्टी जैसा महसूस होने की शिकायत थी और माना जाता है कि उसने फ्लाइट पर दो बार उल्टी की। यात्री की पहचान 34 साल के मोहम्मद शरीफ मोहम्मद नजमुद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी यात्री से पूछताछ कर रहे हैं और उसकी मानसिक स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है। इस घटना के कारण एयरपोर्ट का संचालन कुछ समय के लिए बाधित रहा। एहतियात के तौर पर मुख्य रनवे को सुबह 3:23 बजे से 4:23 बजे के बीच बंद कर दिया गया था और इस दौरान उड़ानों को डायवर्ट किया गया था।

बृजभूषण ने मेरा ...

कराने के फैसले पर भी सवाल उठाए और निष्पक्ष प्रतियोगिता पर संदेह जताया। गौर हो कि पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद करीब 18 महीने के ब्रेक के बाद विनेश वापसी की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गोंडा में अगर प्रतियोगिता के दौरान मेरे साथ, मेरी टीम के साथ या मेरे समर्थकों के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदार भारत सरकार होगी। उधर, मुजफ्फरनगर में फोगाट द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछे जाने पर भी बृजभूषण सिंह ने जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर फिलहाल कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

बृजभूषण के कॉलेज...

प्रतियोगिता वहीं कराई जा रही है। वहां हर मेहनती खिलाड़ी को उसका हक मिलेगा, यह बहुत कम संभव है, लगभग नामुमकिन है। विनेश ने दावा किया कि भले ही बृजभूषण आधिकारिक पद पर नहीं हैं, लेकिन महासंघ पर अब भी उनका प्रभाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि किस मैच में कौन रेफरी होगा, किसे कितने अंक दिए जाएंगे? यह सब बृजभूषण और उनके लोग नियंत्रित करेंगे। और सरकार व खेल मंत्रालय मूक दर्शक बने हुए हैं।

आंधी-तूफान के ...

में प्रदेश का सबसे न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को एक बार फिर से प्रदेश का मौसम बदलेगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें और तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

दिल्ली की आईएएस ...

था, लेकिन एम्स से पकड़ा गया। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के मुताबिक वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी संस्थान की फ्रेंचाइजी चलाने वाला युवक प्रियंक शर्मा (32) है। आरोपी भेल के एक रिटायर्ड अधिकारी का बेटा है। वह पहले दिल्ली में रहकर आईएएस कोचिंग के जरिए यूपीएससी की तैयारी कर चुका है। डायरेक्टर शुभ्रा रंजन के मुताबिक आरोपी ने भोपाल में कोचिंग की दूसरी ब्रांच खोलने और उस जगह का निरीक्षण कराने के बहाने उन्हें 30 अप्रैल को बुलाया था। वह दिल्ली से भोपाल आई थीं। वह होटल ताज में ठहरी थीं। गुरुवार को आरोपी प्रियंक शर्मा उन्हें होटल से दोपहर करीब 2-3 बजे अपने साथ ले गया। इसके बाद बागसेवनिया इलाके के एक फ्लैट में ले जाकर बंधक बना लिया। यहां उन्हें करीब 4 घंटे तक कैद रखा गया। पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने बताया कि प्रियंक पहले से केयर एकेडमी की एक फ्रेंचाइजी चला रहा था। उसे अंदाजा था कि डायरेक्टर के पास पर्याप्त पैसा है, इसलिए उसने साजिश रची। उसने दतिया और रीवा में रहने वाले बदमाशों को बुलाया था। प्रियंक ने शुभ्रा की कनपटी पर देशी पिस्टल रखी गई। जान बख्शने के एवज में अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जिस फ्लैट में महिला डायरेक्टर को बंधक बनाया गया था, वहां वारदात वाले दिन सोमवार को सुंदरकांड का पाठ कराया गया। मकसद था कि पीड़िता शोर मचाए तो आवाज बाहर तक न पहुंचे। गुरुवार रात साढ़े 8 बजे उनकी रिहाई हुई। पुलिस ने सभी खातों में रकम होल्ड करा दी है, ताकि रकम सुरक्षित रहे।

एम्स में आरोपी ...

उसके रिश्तेदारों की निगरानी शुरू की। गिरफ्तारी के डर से वह एम्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हो गया। उसने डॉक्टरों के सामने छाती में दर्द की नौटंकी की और जमीन पर गिर गया। क्राइम ब्रांच को भनक लगते ही टीम ने अस्पताल पहुंचकर आईसीयू से ही उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसकी मां, साला और पत्नी गरिमा ने गिरफ्तारी का विरोध किया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई जारी रखते हुए उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य 5 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

वारदात के लिए ....

परशुराम भगत निवासी लहारपुर दुर्गा मंदिर के पास थाना बागसेवनिया भोपाल, विकास उर्फ विक्की दाहिया पिता रामअवतार निवासी रीवा (खालका पुरा दतिया), कुनाल यादव पिता कप्तान निवासी ग्राम चिरूला दतिया, पंकज अहिरवार पिता कालीचरण अहिरवार निवासी खालका पुरा दतिया को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी रोहित के कब्जे से एक घटना प्रयुक्त पिस्टल को जब्त कर जांच जारी है। कुल आरोपी बताए जा रहे हैं।

हज यात्राः अव्यवस्थाओं का वीडियो वायरल, भारतीयों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हज यात्रा से पहले ही मक्का में भारतीय हाजियों के ठहरने को लेकर अव्यवस्थाओं का वीडियो वायरल होने के बाद विरोध शुरू हो गया है। वायरल वीडियो में हाजियों ने ठहरने, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर नाराजगी जताई है। इसे लेकर मध्य प्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान हारून ने केंद्रीय हज कमेटी से तत्काल संज्ञान लेकर वीडियो की सत्यता की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक हज के लिए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों से व्यवस्थाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इस बार भी मक्का के अज़ीज़िया क्षेत्र से जो वीडियो सामने आया है, उसमें हालात चिंताजनक नजर आ रहे हैं।

कर्मचारी कांग्रेस मुख्य सचिव को सौंपेगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रांतीय कार्यालय में मप्रकर्मचारी कल्याण के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र खोंगल की अध्यक्षता में प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक की गई। संगठन के प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम ने बताया कि राज्य शासन के अधिकतर विभाग मुख्यालय भोपाल में है। यही से कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड में जन्म तिथि, नियुक्ति तिथि में त्रुटि सुधार कार्य, समयमान वेतनमान का निर्धारण होता है। विभागों द्वारा उक्त कार्य समय पर नहीं किए जा रहे है। जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के पश्चात भुगतान नहीं हो रहे हैं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003

web site: www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

निविदा क्रमांक. 9 एवं 10/2026-27 भोपाल, दिनांक 29/04/2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

क्र.	पोर्टल टेंडर नं.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में)
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_PWDRB_504054_1	भोपाल	डिपोजीट कार्य	कमला नेहरू अस्पताल, गैस राहत भोपाल में वर्षिक रखरखाव और संचालन एवं विद्युत स्थापना का कार्य ।	प्रथम	22.903
2	2025_PWDRB_504055_1	भोपाल	वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य	लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला भोपाल के अन्तर्गत अलग-अलग स्थानो पर 33 केवी 11 केवी / एलटी लाइन / डीटीआर शिफ्टिंग का कार्य ।	प्रथम	49.952

उपरोक्त बेव साईट से आनें लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 18/05/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित्त किया जायेंगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि/यां.)
संभाग क्र. 1. भोपाल

जी - 12411/26 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955
D-17/5/26

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खेजड़ा की प्राईम लोकेशन
में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
सम्पर्क 9755600569, 8200502943, 7748022609

राशिफल

मेष — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

तुला — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

शब्द पहेली - 6215



बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रृंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6214 का हल



सूडोकु नवताल - 6225

★☆☆☆☆ सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6224 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

खबर संक्षेप

ओप्पो एफ33 सीरीज दो स्मार्टफोन लांच

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो एफ33 सीरीज लांच की है, जिसमें दो स्मार्टफोन, ओप्पो एफ33 प्रो 5जी और ओप्पो एफ33 5जी शामिल हैं। एफ 33 सीरीज ओप्पो की एफ लाईन में अभी तक की सबसे आधुनिक सीरीज है, जिसमें सेगमेंट में सबसे बेहतर 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड सेल्फी कैमरा, आईपी69के ड्यूरेबिलिटी, 7,000 एमएएच की जबरदस्त बैटरी, कलरओएस16 और 5जी प्लस कनेक्टिविटी दी गई है। ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने बताया कि एफ सीरीज भारत की सबसे ड्यूरेबल चैंपियन है। यह स्मार्टफोन जीवन की वास्तविक परिस्थितियों के लिए बनाया गया है।

एक्सिस बैंक ने डिजिटल लॉकर केंद्रित शाखा शुरू की

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है। इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया। बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है।

एलिटकॉन ने रखा 20 हजार करोड़ रेवेन्यू का लक्ष्य

नई दिल्ली। एलिटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2030 तक लगभग 20 हजार करोड़ के एफएमसीजी रेवेन्यू का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी 5,000 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स और 5 लाख से ज्यादा रिटेल आउटलेट्स का नेटवर्क तैयार कर रही है, साथ ही 15 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। कंपनी ने कहाकि अगले दो वर्षों में, हमारा लक्ष्य प्रमुख निर्यात कॉरिडोर में पैठ बनाने के साथ घरेलू वितरण नेटवर्क का महत्वपूर्ण विस्तार करना है। लंबी अवधि में, हमारा लक्ष्य एक मल्टी-ब्रांड एफएमसीजी व्यवसाय खड़ा करना है, जिसकी पहुंच 15 से अधिक देशों में हो और वित्त वर्ष 2030 तक 15,000-20,000 करोड़ रुपए के रेवेन्यू की क्षमता रखता हो।

विख्यात उद्योगपति और डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक एवं चेयरमैन एमेरिटस दीनदयाल गुप्ता का निधन

अटूट प्रतिबद्धता: 1700 करोड़ रुपए से अधिक के बड़े व्यापारिक समूह के रूप में उभरी डॉलर इंडस्ट्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

होजरी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस, विख्यात उद्योगपति दीनदयाल गुप्ता का कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण स्वर्गवास हो गया। उनका निधन कंपनी के साथ-साथ भारतीय होजरी और परिधान उद्योग के एक युग के अंत का प्रतीक है।

एक दूरदर्शी नेता और कंपनी की उल्लेखनीय यात्रा के मार्गदर्शक रहे दीनदयाल गुप्ता ने पांच दशकों से अधिक समय तक अटूट प्रतिबद्धता, दूरदर्शिता और अखंडता के साथ डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में, कंपनी एक मामूली शुरुआत से विकसित होकर होजरी और परिधान क्षेत्र में भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एक बन गई। उनके मार्गदर्शन मे डॉलर इंडस्ट्रीज 1700 करोड़ से अधिक के बड़े व्यापारिक समूह के रूप में उभरी। हरियाणा के भिवानी जिले के मनहेरू गांव में 13 सितंबर, 1937 को एक साधारण और बड़े परिवार में जन्मे गुप्ता का जीवन दृढ़ता, जुझारूपन और बड़े सपने देखने की शक्ति का प्रमाण था। वर्ष 1962 में कोलकाता (तब कलकत्ता) आकर उन्होंने खरीदारों के बजट और आवश्यकताओं के अनुरूप होजरी उत्पादों का निर्माण और बिक्री शुरू की। उन्होंने निर्माण और फिनिशिंग सुविधाओं के समानांतर विकास, बिक्री केंद्रों और खुदरा विक्रेताओं के नेटवर्क के निर्माण और अन्य कंपनियों द्वारा उपेक्षित बाजारों के प्रत्यक्ष विकास के माध्यम से इसे संभव बनाया।

स्मृति शेष... दीनदयाल गुप्ता

दीनदयाल की सक्रियता ने घर-घर में पहचाने जाने वाला नाम बना दिया

एक युवा के रूप में, उनमें कुछ सार्थक बनाने का दृढ़ संकल्प था और इसी के साथ उन्होंने 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आधारशिला रखी। उनकी उद्यमशीलता और निरंतर प्रयास ने कंपनी को घर-घर में पहचाने जाने वाला नाम बना दिया, जिसे अपनी गुणवत्ता, नवाचार और बाजार में मजबूत उपस्थिति के लिए सराहा गया। जल्द ही, डॉलर मध्य प्रदेश (अब मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़), पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' और पूर्वी हिमालय के दार्जिलिंग जैसे पहाड़ी जिलों जैसे पिछड़े क्षेत्रों में आपूर्ति और सेवा देने वाली पहली कंपनियों में से एक बन गई। अपने शानदार व्यावसायिक करियर के अलावा दीनदयाल गुप्ता सक्रिय रूप से आर्य प्रतिनिधि सभा से जुड़े रहे, जो सामाजिक और सामुदायिक सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वह बंगाल प्रतिनिधि सभा की कई शाखाओं में एक प्रमुख नेता थे। वह सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व उपाध्यक्ष और अजमेर की परोपकारिणी सभा (जो स्वामी दयानंद सरस्वती की निजी वस्तुओं का प्रमुख भंडार है) के सक्रिय सदस्य भी थे।

शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक योगदान और विश्वास को साबित करता

उन्होंने कोलकाता के मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी में बर्न्स यूनिट और संबंधित बुनियादी ढांचे की शुरुआत और स्थापना की थी। गुप्ता पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना स्थित बिधाननगर के सीबीएसई स्कूल, हरियाणा विद्या मंदिर के संस्थापक जनक थे। वे सह-संस्थापक और प्रायोजक के रूप में गुरुकुलों से भी जुड़े थे। अपने साधारण गांव मनहेरू के स्कूल के पुनरुद्धार के पीछे भी उन्हीं का हाथ था। शिक्षा के क्षेत्र में उनका निरंतर और व्यापक योगदान इस विश्वास को साबित करता है कि सभी स्तरों पर शिक्षा तक पहुंच का अवसर ही सामाजिक विकास और राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि को सक्षम करने का एकमात्र सच्चा तरीका है।

बिजनेस अवार्ड सहित कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा

वह बुजुर्गों की सहायता के क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक सेवा संगठनों जैसे महर्षि दयानंद योगाश्रम त्रिपुरा और सुखानंद फाउंडेशन के विकास और प्रभावशीलता में भी प्रमुख योगदानकर्ता थे। उनका योगदान उद्योग से परे था, जिसने समाज पर एक सार्थक प्रभाव छोड़ा। अपनी शानदार यात्रा के दौरान उन्हें पश्चिम बंगाल होजरी एसोसिएशन की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और सन्मार्ग बिजनेस अवार्ड सहित कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया। दीनदयाल गुप्ता के परिवार में उनकी पत्नी, चार बेटे और पोते-पोतियां हैं, जो वर्तमान में डॉलर इंडस्ट्रीज के व्यापारिक साम्राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं।

व्यापारिक संगठन कैट के पदाधिकारियों की मांग

डीजल-पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ाएं और 'टैक्स चोरी' पर करें सख्त कार्रवाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारिक संगठन कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) ने केंद्र और राज्य सरकार से डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी न करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता और व्यापारियों पर पहले ही भारी दबाव है, ऐसे में ईंधन की कीमतों में इजाफा आर्थिक स्थिति को और बिगाड़ सकता है। कैट के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमाकांत तिवारी ने कहाकि केंद्र सरकार को डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाने के बजाय विलासिता की वस्तुओं पर लगने वाले टैक्स की चोरी रोकने पर ध्यान देना चाहिए। आज पूरे भारत में पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट जैसी वस्तुओं पर बड़े स्तर पर टैक्स चोरी हो रही है, जिस पर सरकार को तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो व्यापारी करेंगे देशव्यापी आंदोलन

संगठन ने सरकार से अपील की है कि बाजार में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए टैक्स व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही ईंधन कीमतों को स्थिर रखकर आम जनता को राहत देने की दिशा में कदम उठाए जाएं।

अगर ईंधन के दाम बढ़े तो दैनिक उपयोग की चीजें आसमान छूने लगेंगीं

कैट मध्यप्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 ने कहाकि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का प्रभाव भारत के नागरिकों पर डीजल-पेट्रोल और गैस सिलेंडर की कीमतों के रूप में पड़ रहा है। यदि सरकार डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाती है, तो महंगाई और अधिक बढ़ेगी, जिससे खाद्य वस्तुओं सहित दैनिक उपयोग की चीजों के दाम भी आसमान छूने लगेंगे। इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ेगा।

चेंबर ऑफ कॉमर्स का नए टैक्स को लेकर सेमिनार, विशेषज्ञों ने व्यापारियों को समझाया

शहर के व्यापारी हुए नई टैक्स व्यवस्था के पहलुओं से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सेमिनार में स्वागत

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज द्वारा 1 अप्रैल से लागू हुए नए टैक्स प्रणाली को लेकर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। सेमिनार का उद्देश्य व्यापारियों को नई टैक्स व्यवस्था और उससे जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी देना था।

सेमिनार में व्यापारियों को प्रभावित करने वाले आयकर के नवीनतम संशोधन के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने व्यापारियों को टैक्स से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया, और नियमों में हुए बदलावों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि सही तरीके से टैक्स अनुपालन करने से न केवल कानूनी परेशानियों से बचा जा सकता है, बल्कि व्यापार को भी सुचारू रूप से चलाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने व्यापारियों के सवालों के जवाब भी दिए और उन्हें डिजिटल माध्यमों के जरिए टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने के तरीके बताए। सेमिनार में पारदर्शिता और ईमानदारी से व्यापार करने पर विशेष जोर दिया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल, महामंत्री ललित तातेड अन्य सदस्यों ने कहा इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि व्यापारी वर्ग को समय-समय पर नई नीतियों की जानकारी मिलती रहे और वे किसी भी भ्रम की स्थिति से बच सकें। कार्यक्रम संयोजक सीएस अमित जैन ने कहाकि वर्तमान में नए -नए परिवर्तन से व्यापारियों को अपग्रेट रहना होगा।

होंडा की अप्रैल में कुल सेल्स 5.63 लाख यूनिट्स की रही

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अप्रैल 2026 के लिए अपनी सेल्स परफॉर्मेंस की घोषणा की। अप्रैल 2026 में कंपनी की कुल सेल्स 5.63 लाख यूनिट्स रही, जबकि अप्रैल 2025 में यह 4.80 लाख यूनिट्स थी, जो साल-दर-साल 17 फीसदी की बढ़ोतरी दिखाती है।

अप्रैल 2026 में घरेलू सेल्स 4.84 लाख यूनिट्स रही, जबकि अप्रैल 2025 में यह 4.22 लाख यूनिट्स थी, जो 14.7फीसदी की बढ़ोतरी दिखाती है। अप्रैल 2026 में एक्सपोर्ट 0.796 लाख यूनिट्स था, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 0.579 लाख यूनिट्स था, जो 37.4 फीसदी की बढ़ोतरी दिखाता है। परफॉर्मेंस पर कमेंट करते हुए, एचएमएसआई के प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि हम डिसिप्लिंड और लगातार एग्जीक्यूशन के जरिए कस्टमर का भरोसा मज़बूत करना जारी रखे हुए हैं। टू-व्हीलर मार्केट में डिमांड सभी सेगमेंट में मजबूत बनी हुई है। हम मार्केट के डायनामिक्स के हिसाब से तेजी से रिस्पॉन्ड करते रहेंगे, साथ ही सस्टेनेबल और स्टेबल ग्रोथ देने पर फोकस करेंगे। एक मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और देश भर में हमारे डीलर पार्टनर्स के सपोर्ट से, हम लॉन्ग-टर्म एंटरप्राइज वैल्यू बढ़ाने के लिए कमिटेड हैं।

फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं, सरसो तेल 180 रुपए प्रति लीटर के पार

तेल में उबाल, 5 से 6 फीसदी तक महंगा, रसोई का बजट बिगड़ा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देशभर में खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सरसों, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के दामों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है, जबकि फिलहाल राहत के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। खुदरा बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। सरसों तेल पहले ही 180 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है, वहीं अन्य खाद्य तेलों के दाम भी 5 से 8 फीसदी तक बढ़े हैं। इससे रसोई का मासिक बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में तेजी, आयात लागत में इजाफा और घरेलू उत्पादन में कमी जैसे कई कारणों से यह स्थिति बनी हुई है। मांग और आपूर्ति के असंतुलन ने भी दामों को ऊपर धकेला है। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए यह बढ़ोतरी बड़ी परेशानी बनती जा रही है। कई घरों में अब तेल की खपत कम करने तक की नौबत आ गई है। सरकार की ओर से अभी तक कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस और तत्काल कदम सामने नहीं आया है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है, लेकिन फिलहाल लोगों को महंगाई से राहत मिलती नहीं दिख रही है। भोपाल समेत कई शहरों में खुदरा बाजार में सरसों तेल 10 से 15 रुपए प्रति लीटर तक महंगा हो गया है, जबकि सोयाबीन और पाम तेल की कीमतों में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गृहिणियों का कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए यह बढ़ोतरी और मुश्किलें खड़ी कर रही है। रसोई का मासिक बजट अब पहले से ज्यादा प्रभावित हो रहा है। सरकार की ओर से फिलहाल कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं की गई है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर कदम उठाए जाएंगे।

असर मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर

सरसों तेल की कीमतों में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके बाद कई शहरों में इसके दाम 180 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच गए हैं। खुदरा बाजार में अचानक आई इस तेजी ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। व्यापारियों के अनुसार कच्चे माल की लागत बढ़ने, आपूर्ति में कमी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते कीमतों में उछाल आया है। भोपाल सहित मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में उपभोक्ताओं को पहले के मुकाबले 15 से 20 रुपए प्रति लीटर अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इसका सीधा असर मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में कीमतों में और बढ़ोतरी संभव है, अगर आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। वहीं, आम लोगों ने सरकार से दामों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

आम उपभोक्ताओं को लग रहा झटके पर झटका

बाजार जानकार रमाकांत तिवारी अनुसार एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस, इमामी एग्रोटेक और पतंजलि फूड्स जैसी प्रमुख कंपनियों ने तेल के दाम बढ़ाए थे और अब लगातार बढ़ रही लागत के कारण आम उपभोक्ताओं को झटके पर झटका लग रहा है, जिसके जेब पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इस मूल्य वृद्धि के पीछे मुख्य कारण कच्चे तेल में भारी उछाल, आयात और ढुलाई का बढ़ता खर्च, घरेलू कारण माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले एक साल के भीतर आयात लागत में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। पाम ऑयल 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,270 डॉलर प्रति टन, सोयाबीन ऑयल 20 प्रतिशत बढ़कर 1,335 डॉलर प्रति टन और सूरजमुखी ऑयल 17 फीसदी महंगा होकर 1,425 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गया है।

टाइम्स हायर एजुकेशन विश्व रैंकिंग 2026 में गलगोटियाज विवि की छलांग

भारत के 1,300 से अधिक विश्वविद्यालय में से केवल 128 संस्थानों को टीएचई रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गलगोटियाज विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में बड़ी मान्यता दी गई है। इससे दुनिया के उच्च शिक्षण संस्थानों के सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मूल्यांकनों में गलगोटियाज यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय और वैश्विक स्थिति को और मजबूत मिली है। भारत के 1,300 से अधिक विश्वविद्यालयों में से केवल 128 संस्थानों को टीएचई रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में शामिल किया गया है। इन चुनिंदा संस्थानों में गलगोटियाज विश्वविद्यालय भी शामिल है, जिसे भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 27वें स्थान पर रखा गया है, जो इस विश्वविद्यालय के बढ़ते शैक्षणिक प्रोफाइल और उच्च शिक्षा परिदृश्य में इसकी बढ़ती पहचान को रेखांकित करता है।

टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग टीचिंग क्वालिटी, रिसर्च एनवॉयरमेंट, रिसर्च क्वालिटी, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और इंडस्ट्री से जुड़ाव सहित विभिन्न मानकों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है। 2026 के संस्करण में रिसर्च क्वालिटी गलगोटियाज विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत पहलू के रूप में सामने आया है, जो इसके सुदृढ़ विद्वतापूर्ण आउटपुट, एकेडमिक दृश्यता में वृद्धि और बढ़ते अनुसंधान प्रभाव को साबित करता है। इस बारे में गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि यह रैंकिंग हमारे लिए एक विश्वविद्यालय के रूप में सिर्फ मील का पत्थर ही नहीं है, बल्कि यह हमारे हर उस स्टूडेंट का उत्सव है जिसने सपने देखने का साहस किया, हर उस माता-पिता का जो उन सपनों में विश्वास करते हैं और हर उस भारतीय का जो हमारी यात्रा पर गर्व करते हैं। यह केवल गलगोटियाज के लिए ही खास पल नहीं है, इससे भी अधिक यह एक शक्तिशाली रिमाइंडर है कि यह भारत के उठने और नेतृत्व करने का समय है।

गलगोटियाज यूनिवर्सिटी

गलगोटियाज विवि भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 11वें स्थान पर

टीएचई की ताजा मान्यता इंटरनेशनल रैंकिंग में विश्वविद्यालय की व्यापक प्रगति को दर्शाती है और कंप्यूटर विज्ञान के लिए क्यूएस सब्जेक्ट रैंकिंग में इसके प्रदर्शन का अनुसरण करती है, जिसमें गलगोटियाज विश्वविद्यालय भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 11वें स्थान पर रहा। लगभग एक साथ मिलीं ये मान्यताएं एकेडमिक क्वालिटी, इनोवेशन-आधारित लर्निंग और भविष्य-उन्मुख शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय की बढ़ती प्रतिष्ठा साबित करती हैं। गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने मल्टीडिसिप्लिनरी प्रोग्राम्स का विस्तार करने, अनुसंधान क्षमता को मजबूत करने, इंडस्ट्री के साथ साझेदारी बढ़ाने और छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसर उत्पन्न करने का सिलसिला लगातार जारी रखा है। तेजी से बदलती दुनिया में उभरते अवसरों के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय ने खास तौर पर डिजाइन किए गए तकनीक-सक्षम लर्निंग सिस्टम, इनोवेशन इकोसिस्टम और कॅरियर-फोकस्ड एकेडमिक उपायों में भी निवेश किया है। फैकल्टी की गुणवत्ता, रिसर्च की गहराई, वैश्विक जुड़ाव और स्टूडेंट के बेहतर परिणामों में निवेश जारी रखने के साथ गलगोटियाज विश्वविद्यालय लगातार नई पीढ़ी के शिक्षार्थियों की आकांक्षाओं के अनुरूप एक बेहद प्रासंगिक संस्थान के रूप में खुद को आगे बढ़ा रहा है।

हासिल किए कुल 31 पेटेंट

गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने एक मजबूत और गतिशील रिसर्च इकोसिस्टम का निर्माण किया है और कुल 31 पेटेंट हासिल किए हैं, जो इनोवेशन और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के निर्माण के प्रति इसकी बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसका स्कोपस प्रकाशन प्रोफाइल 8,500 से अधिक इंडेक्स दस्तावेजों, 65,500 से अधिक संदर्भों और 94 के प्रभावशाली एच-इंडेक्स के साथ उल्लेखनीय शैक्षणिक सुदृढ़ता को प्रदर्शित करता है।

15 गवर्नमेंट फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट हासिल

विश्वविद्यालय की वैश्विक स्थिति को आगे बढ़ाते हुए सात संकाय सदस्यों को उनके असाधारण शोध योगदान के लिए दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों में स्थान दिया गया है। विश्वविद्यालय ने आईसीएसएसआर, एएनआरएफ, सीएसआईआर, एसईआरबी, डीएचआर, आईयूएसी और आईआईटी बॉम्बे टीआईएच फाउंडेशन जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों से 1.70 करोड़ रुपए के कुल बाहरी वित्त पोषण के साथ 15 गवर्नमेंट फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट हासिल की है।

केंद्र सरकार ने नियम का उल्लंघन पर 16 चीनी मिलों का फ्री सेल कोटा रोका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पिछले महीनों के दौरान स्टॉक धारिता सीमा के नियम का उल्लंघन करने तथा स्टॉक के सम्बंध में गलत जानकारी होने के कारण मई माह के लिए 16 चीनी मिलों का फ्री सेल कोटा रोक दिया है। इस कटौती के बाद अब मई 2026 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कुल घरेलू बिक्री का कोटा घटकर 21.80 लाख टन रह गया है। यह पूर्व में घोषित 22.50 लाख टन चीनी के फ्री सेल कोटे से 70 हजार टन कम है। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार मार्च 2026 के लिए पी- 2 फार्म में चीनी मिलों द्वारा क्लोजिंग स्टॉक का जो आंकड़ा भेजा गया उसका परीक्षण-आंकलन करने से पता चलता कि वास्तविक स्टॉक की तुलना में सूचित स्टॉक कम था। सरकार प्रत्येक चीनी मिल को किसी एक माह में बेचने के लिए जो कोटा प्रदान करती है वह उच्चतम स्तर का होता है और मिलर्स उस कोटे से अधिक मात्रा में चीनी की बिक्री नहीं कर सकता है। नियमानुसार यदि अधिक मात्रा में चीनी बेची गई तो अगले महीने के कोटे में उतनी मात्रा की कटौती हो जाती है। जरूरत से ज्यादा माल बेचने पर कोटा स्थगित भी किया जा सकता है। इन मिलों के साथ कुछ ऐसा ही मामला बना है।

सोनालीका ने अप्रैल माह में की सर्वाधिक 16,223 ट्रैक्टर बिक्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16,223 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ एक मज़बूत और रणनीतिक शुरुआत की है और उद्योग में सबसे अधिक मार्किट शेयर में बढ़ोतरी हासिल की है। कंपनी ने जबरदस्त 35.6 फीसदी की कुल वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग की 27 फीसदी वृद्धि दर को भी पीछे किया है। सोनालीका ने अपने 30वें वर्ष में किसानों को 'जीतने का दम' देने के अपनी विचारधारा पर कायम रहते हुए, अपनी उन्नत कृषि इनोवेशन द्वारा किसानों की दक्षता और आय क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। सोनालीका 19 लाख से अधिक किसानों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में मजबूती से खड़ी है और यह सुनिश्चित करती है कि कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैक्टर विभिन्न एप्लीकेशन में निर्बाध रूप से कार्य करें। विश्व के सबसे बड़े एकीकृत ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और उन्नत अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं द्वारा समर्थित, सोनालीका दमदार और भविष्य के लिए तैयार समाधानों से भारतीय कृषि में बदलाव को आगे बढ़ा रहा है।

मजबूत संकल्प के साथ लगातार कदम बढ़ा रहे : मित्तल

रमन मित्तल, ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहाकि ऐतिहासिक 30वें वर्ष में अप्रैल की हमारी अब तक की सर्वाधिक 16,223 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्शाती है कि किसान तेजी से तकनीक-आधारित खेती की ओर बढ़ रहे हैं और हम वित्त वर्ष 2027 में किसानों को 'जीतने का दम' देने के लिए मजबूत संकल्प के साथ लगातार कदम बढ़ा रहे हैं। हमने 35.6 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है, जिससे हमने उद्योग की वृद्धि को पीछे छोड़ा है और बाजार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हासिल करने वाले ब्रांड्स में जगह बनाई है। वित्त वर्ष 2027 के लिए हम भारत में बेहतर इनोवेशन और किसानों से मजबूत जुड़ाव के साथ कृषि में बदलाव को आगे बढ़ा रहे हैं। कृषि का भविष्य पहले से कहीं अधिक मजबूत और आधुनिक होने वाला है और हम गोल्ड सीरीज जैसे भविष्यवादी उत्पादों और भारतीय किसानों की आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता के साथ स्पष्ट दृष्टिकोण से तैयार हैं।

चिंतन

विनेश फौगाट की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

भारतीय खेल जगत एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां प्रदर्शन से ज्यादा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट द्वारा बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए ताजा आरोप केवल एक व्यक्तिगत विवाद नहीं हैं, बल्कि यह पूरे खेल तंत्र की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और संवेदनशीलता की परीक्षा बन चुके हैं। यह संस्थागत जवाबदेही और महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। ऐसे में सरकार को भी चहिए कि वह विनेश समेत सभी महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। विनेश का बयान एक संवेदनशील और असहज सच को सामने लाता है कि देश के शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भी खुद को सुरक्षित और निष्पक्ष माहौल में नहीं पाते। अगर एक ओलंपियन को यह कहना पड़ रहा है कि वह किसी प्रतियोगिता में अपना 100% नहीं दे पाएंगी, तो यह केवल व्यक्तिगत मानसिक स्थिति का मामला नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का भी संकेत है। बता दें कि यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट होने जा रहा है। गोंडा जाने को लेकर विनेश ने असुरक्षा का खतरा जताया है। हालांकि इस मामले का दूसरा पहलू यह भी है कि गोंडा में होने वाले टूर्नामेंट में देशभर से करीब 1400 खिलाड़ी भाग लेंगे। ऐसे में विनेश द्वारा उठाए जा रहे सवाल क्या जायज हैं, यह भी एक बड़ा सवाल है। कहीं, विनेश वहां जाने से बचने के लिए तो ऐसा नहीं कर रही हैं, क्योंकि उनके भारवर्ग 57 किलोग्राम में तीन अन्य महिला खिलाड़ी अंशु मलिक, मनीषा भनवाला भी मुकाबला करेंगी, जहां इन पहलवानों के साथ विनेश का मुकाबला होना तय माना जा रहा है। या वे राजनीति से प्रेरित होकर ऐसा कदम उठा रही हैं। बहरहाल, देश की इस बड़ी खिलाड़ी को ऐसी डिमांड नहीं करनी चाहिए। बता दें कि विनेश ने आशंका जताई है कि गोंडा (बृजभूषण शरण सिंह का प्रभाव क्षेत्र) में प्रतियोगिता में उनके साथ या उनकी टीम के साथ कुछ अप्रिय घटना हो सकती है और यदि ऐसा कुछ होता है, तो भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां निष्पक्षता के साथ फैसले नहीं होंगे। वहीं, इस मामले में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने विनेश के आरोपों को 'बेवजह का हंगामा' बताया है और कहा कि विनेश का रजिस्ट्रेशन पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने विनेश की सुरक्षा की 'निजी गारंटी' देते हुए उन्हें राजनीति न करने की नसीहत दी है। यौन उत्पीड़न के आरोप केवल कानूनी मुद्दे नहीं होते, वे सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी तय करते हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन पीड़ित की पहचान को गोपनीय रखने की बात करती है, लेकिन जब एक खिलाड़ी खुद सामने आकर अपनी पहचान स्वीकार करती है, तो यह दिखाता है कि वह भीतर से कितनी दबाव और असुरक्षा महसूस कर रही होगी। यह स्थिति अन्य महिला खिलाड़ियों के लिए भी एक नकारात्मक संदेश दे सकती है। अंततः, यह मामला केवल एक खिलाड़ी और एक पूर्व पदाधिकारी के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि भारतीय खेल व्यवस्था के चरित्र और विश्वसनीयता की परीक्षा है। यदि इस अवसर पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर केवल कुश्ती तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे खेल जगत में अविश्वास की भावना गहराएगी। अब जरूरत है खेल मंत्रालय और डब्ल्यूएफआई ठोस कार्रवाई, पारदर्शी प्रक्रिया और खिलाड़ियों के भरोसे को फिर से कायम करने करे, क्योंकि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास और निष्पक्षता का प्रतीक भी हैं।



चिंतन शिविर
मनसुख एल. मांडविया

सहभागी संघीयता से खेलों का भविष्य

> यह शिविर बिखरे हुए प्रयासों से हटकर सहभागी संघवाद के एक ऐसे मॉडल में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें केंद्र और राज्य भारत के खेल इकोसिस्टम के सह-निर्माता के रूप में कार्य करते हैं। यदि भारत को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी करनी है तथा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करना है तो यह समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह शिविर भारत के खेल प्रक्षेप पथ को पुनर्परिभाषित कर सकता है जिससे राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी और वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने का सपना न केवल आकांक्षात्मक होगा, बल्कि साध्य बन सकेगा।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का चिंतन शिविर 2026 संस्करण वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में भारत की खेल यात्रा में एक अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षण है। सप्ताहांत में श्रीनगर में आयोजित इस शिविर में केंद्रीय नेतृत्व तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के साथ साथ प्रमुख खिलाड़ियों, खेल प्रशासकों तथा भारतीय ओलंपिक संघ को एक मंच पर लाया गया, ताकि खेल प्रशासन, खिलाड़ी विकास और ओलंपिक उत्कृष्टता के लिए एकीकृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जा सके। अपने मूल में, यह शिविर बिखरे हुए प्रयासों से हटकर सहभागी संघवाद के एक ऐसे मॉडल में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें केंद्र और राज्य भारत के खेल इकोसिस्टम के सह-निर्माता के रूप में कार्य करते हैं। यदि भारत को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी करनी है तथा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करना है तो यह समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वर्ष 2026 संस्करण की विशेषता इसके क्रियान्वयन-उन्मुख दृष्टिकोण परिणामों पर ज़ोर देती है और यह भी सुनिश्चित करती है कि विचार-विमर्श के दौरान प्रस्तुत किए गए विचारों का धरातल पर मापनीय प्रभाव पड़े। इसके लिए राज्य के खेल विभागों और केंद्रीय खेल मंत्रालय के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 'श्रीनगर खेल संकल्प' के शुभारंभ ने आगे के जमीनी सहयोगों के लिए दिशा निर्धारित की है, जिसमें राज्यों और केंद्र सरकार के साथ भारत के खेल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने, खेल पर्यटन को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण हेतु खेलों को बढ़ावा देने वाले प्रमुख क्षेत्रों पर सहमति बनाई गई। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग, जो वर्तमान में प्रशिक्षक एवं भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य हैं, ने सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने की भारत की महत्वाकांक्षा केवल सहभागी संघीयता तथा सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से ही संभव है। सभी हितधारकों का एक साथ आना भारत को एक मजबूत खेल राष्ट्र बनाने के लिए सबसे बड़ा उत्प्रेरक सिद्ध होगा और इसकी शुरुआत इस शिविर से हो चुकी है।

भारत का खेल इकोसिस्टम स्वाभाविक रूप से संघीय है, जहां राज्य जमीनी स्तर के बुनियादी ढांचे का बड़ा हिस्सा संचालित करते हैं, स्कूली खेलों को प्रोत्साहित करते हैं और स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान करते हैं,वहीं केंद्र सरकार राष्ट्रीय योजनाओं, उत्कृष्ट प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन को बढ़ावा देती है। निर्बाध समन्वय के अभाव में यह व्यवस्था अक्षमता का कारण बन सकती है। शिविर ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाएं अलग-अलग प्रयासों से नहीं, बल्कि समन्वित योजना, साझा संसाधनों और सतत प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से ही साकार हो सकती हैं। शिविर का एक प्रमुख विषय प्रारंभिक प्रतिभा पहचान और संरचित मार्गों के माध्यम से व्यापक प्रतिभा आधार तैयार करना था। देश में 15 लाख से अधिक

स्कूलों और 8 करोड़ विद्यार्थियों के साथ, भारत के पास अपार प्रतिभा का भंडार है। हालांकि, इस क्षमता का करने के लिए 'खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान कार्यक्रम' जैसे एकीकृत प्रतिभा पहचान तंत्र, जिला स्तर से उत्कृष्ट स्तर तक खिलाड़ियों की प्रगति को ट्रैक करने हेतु राष्ट्रीय खेल भंडार तथा स्कूल और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं को पुनर्गठित कर उन्हें राष्ट्रीय अकादमियों से जोड़ने वाली संरचित प्रणाली उपयोग की आवश्यकता है। वास्तव में, शिविर में हुई चर्चाओं ने यह स्पष्ट किया कि ओलंपिक पदक रातों-रात प्राप्त नहीं होते, वे एक दशक लंबी प्रक्रिया का परिणाम होते हैं, जिसकी शुरुआत जमीनी स्तर से होती है। जब राज्यों ने अपनी जमीनी प्रतिभा योजनाओं को साझा किया और केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना के साथ उनके समन्वय पर प्रकाश डाला, तब यह स्पष्ट हुआ कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है और निरंतर सहयोग इस व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण घटक है। चर्चाओं से प्राप्त एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि प्रशिक्षक खेल सफलता की रीढ़ होते हैं। अतः कोचिंग प्रमाणन के मानकीकरण, प्रशिक्षकों के कौशल उन्नयन एवं कल्याण तथा पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग इकोसिस्टम में सम्मिलित करने के प्रस्तावों को सभी हितधारकों का समर्थन प्राप्त हुआ। वर्तमान में, देशभर के लगभग 1000 खेलो इंडिया केंद्रों में पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों (पीसीए) की भागीदारी से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, जो कोचिंग इकोसिस्टम में पूर्व खिलाड़ियों के व्यापक समावेशन के लिए एक मॉडल के रूप में उभर रहा है। भारत ने विशेष रूप से खेलो इंडिया केंद्रों और अकादमियों के माध्यम से खेल अवसंरचना के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है। तथापि, शिविर ने कुछ ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जिन पर ध्यान केंद्रित कर देश के सुदूर क्षेत्रों तक खेल अवसंरचना की उपलब्धता को और सुदृढ़ किया जा सकता है। प्रमुख प्रस्तावों में मौजूदा अवसंरचना का साझा उपयोग मॉडल के माध्यम से उसे अनुकूलित करना, क्षेत्रीय उच्च प्रदर्शन केंद्रों का विकास करना तथा विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए सार्वजनिक-निजी सहभागिता को प्रोत्साहित करना शामिल हैं। इस संदर्भ में जहां राज्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, वहीं केंद्र वित्तीय ढांचा, तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक मानकों के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी केवल स्टेडियम निर्माण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक खेल-सक्षम राष्ट्र के निर्माण के बारे में भी है।

चिंतन शिविर में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि तैयारी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शहर-स्तरीय अवसंरचना, प्रभावी लॉजिस्टिक्स, सुशासन और खिलाड़ियों के लिए सेवाएं तथा एक सुदृढ़ घरेलू प्रतियोगिता कैलेंडर की आवश्यकता है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की सफल मेज़बानी के लिए, राज्यों और केंद्र सरकार की साझा ज़िम्मेदारियां-न केवल नीति-निर्माण के स्तर पर है, बल्कि उसके क्रियान्वयन के चरण में भी-एक प्रमुख विशेषता के रूप में उभरकर सामने आईं। केंद्र और राज्यों के बीच दायित्वों के वितरण से भारत देशभर में अनेक "आयोजन-तत्पर समूह" बना सकता हैं, जिससे एक ही मेजबान शहर पर दबाव कम पड़ेगा और विरासत लाभ सुनिश्चित होगा। चिंतन शिविर केवल एक सम्मेलन ही नहीं, बल्कि एक परिवर्तन उत्प्रेरक भी है। यदि इन विचारों को प्रभावी रूप से लागू किया जाता है, तो यह शिविर भारत के खेल प्रक्षेप पथ को पुनर्परिभाषित कर सकता है- जिससे राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी और वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने का सपना न केवल आकांक्षात्मक होगा, बल्कि साध्य बन सकेगा।

(लेखक केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
राज कुमार सिंह

पंजाब : प्रचंड बहुमत के बावजूद विश्वास मत!

आम तौर पर नवगठित सरकार ही सदन में विश्वास मत हासिल करती है या फिर राजनीतिक उठापटक के बीच किसी सरकार को सदन में बहुमत हासिल करने के लिए कहा जाता है, लेकिन पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी यानि आप सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर विश्वास मत हासिल किया। उसके लिए श्रमिक दिवस को ही चुनकर भी खास संदेश देने की कोशिश की गई है। जब 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के 94 विधायक हैं, तब उसकी सरकार के बहुमत पर किसे संदेह रहा होगा? दरअसल, इस कदम से मान सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। 2022 में प्रचंड बहुमत से पंजाब में सत्तारूढ़ हुई आप में सब कुछ सामान्य तो अरसे से नहीं चल रहा, पर हाल ही में 10 में से सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल हो जाने से शायद मान सरकार का आत्मविश्वास डगमगा गया है। इनमें से छह सांसद पंजाब से हैं। उसके बाद से ही पंजाब में भी आप में विभाजन की चर्चाएं चल पड़ी हैं। बेशक किसी भी दल के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों का दलबदल सामान्य घटना नहीं है। फिर इनमें शामिल राघव चड्ढा और संदीप पाठक की पंजाब में आप की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका भी रही। जाहिर है, बेहतर संभावनाएं देख कर बड़ी संख्या में दूसरे दलों से भी आप में नेता आएं। इसलिए उनकी निष्ठा की बाबत कोई खुशफहमी आप नेतृत्व को भी नहीं होगी। फिर न सिर्फ दलबदलू सांसदों, बल्कि भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस ने भी पंजाब आप विधायक दल में विभाजन और परिणामस्वरूप मान सरकार पर संकट की अटकलों को हवा देना शुरू कर दिया। दरअसल, आप पंजाब में भाजपा और कांग्रेस की साझा दुश्मन है। आप को भले ही राष्ट्रीय दल का दर्जा मिल गया हो, पर उसका मुख्य राजनीतिक आधार दिल्ली और पंजाब में ही रहा है। दिल्ली की सत्ता पिछले साल विधानसभा चुनाव में गवां चुकी आप पंजाब की सत्ता भी खो देने का जोखिम नहीं उठाना चाहती। जाहिर है, फैसला तो अगले साल पंजाब के मतदाता ही करेंगे, लेकिन एक दिन के विशेष सत्र में विश्वास मत हासिल कर मान सरकार और आप ने अपने डगमगाते आत्म विश्वास को बचाने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए माहौल बनाने की कवायद शुरू कर दी है। पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला स्वागत योग्य है, पर उसका चुनावी असर अगले साल चुनाव परिणाम ही बताएंगे। विपक्ष के वॉकआउट के बीच पेश विश्वास मत प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए सदन में 88 विधायक ही मौजूद थे। छह विधायक अलग-अलग कारणों से अनुपस्थित रहे। भगवंत मान सरकार द्वारा विशेष सत्र बुला कर इस तरह विश्वास मत हासिल करने का यह कारण समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि विश्वास मत हासिल कर चुकी सरकार के विरुद्ध छह माह तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता, लेकिन इसे आप विधायक दल में अनंतकाल तक एकता की गारंटी नहीं माना जा सकता। भाजपा में शामिल हुए आप राज्यसभा सांसदों में से किसी का भी जनाधार नहीं है। ऐसे में उनके आगामी विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित होने की गलतफहमी खुद भाजपा को भी नहीं होगी, लेकिन वे विधायक दल में विभाजन की कोशिश अवश्य कर सकते हैं। अनेक आप विधायकों को टिकट दिलवाने में राघव चड्ढा और संदीप पाठक की भूमिका रही थी। इसलिए कुछ विधायक तो उनके साथ पाला बदलने की बाबत सोच ही सकते हैं। जाहिर है, 94 विधायकों में विभाजन के लिए जरूरी दो-तिहाई का आंकड़ा आसान नहीं, लेकिन अगर जोड़तोड़ ने रफ्तार पकड़ी तो राजनीतिक उठापटक के बीच राज्यपाल छह महीने की अवधि में भी मान सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करने का निर्देश दे सकते हैं। ऐसे में विशेष सत्र बुला कर हासिल किया गया विश्वास मत मान सरकार की सुरक्षा की असीमित गारंटी हरगिज नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के मतदाताओं ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा सरीखे परंपरागत राजनीतिक दलों से निराश हो कर बड़ी उम्मीदों से 2022 में आप को सत्ता सौंपी थी, लेकिन उन पर खरा उतरने का दावा शायद ईमानदारी से आप भी नहीं कर पाएगी। न तो नशे का कारोबार रुका, न कानून –व्यवस्था सुधरी। शिक्षा, सेहत से लेकर रोजगार तक का हाल भी बुरा ही है। वैकल्पिक राजनीति का वादा करने वाली आप की सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप भी कम नहीं लगे। अगर आप में बड़ा विभाजन हुआ तथा शिरोमणि अकाली दल और भाजपा में फिर गठबंधन हो गया, तब अवश्य आगामी चुनाव दिलचस्प हो जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अतीत पर नहीं करना चाहिए शोक

संकलित
दर्शन

आचार्य चाणक्य ने अपने नीति ग्रंथ में जीवन से जुड़ी कई गहरी और उपयोगी बातें बताई हैं। उन्होंने रिश्तों, व्यवहार और सफलता के सिद्धांतों को बहुत ही सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया है। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही असरदार और प्रासंगिक हैं, जितनी प्राचीन समय में थीं। माना जाता है कि जो व्यक्ति इन नीतियों को अपने जीवन में अपनाता है, उसके लिए सफलता के रास्ते आसान हो जाते हैं। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि यदि मनुष्य उज्जवल कर्म करके एक दिन भी जिंदा रहे, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। ऐसा जीवन बहुत लंबा जीने से बेहतर है, जो कष्टों से भरा हो और इस लोक व परलोक दोनों के खिलाफ हो। यानी कम समय का अच्छा और सही जीवन, लंबे लेकिन गलत और दुखभरे जीवन से ज्यादा मूल्यवान होता है। बीती हुई बातों यानी अतीत पर शोक नहीं करना चाहिए, और आने वाले समय यानी भविष्य की ज्यादा चिंता भी नहीं करनी चाहिए। बुद्धिमान लोग हमेशा वर्तमान समय में रहकर ही काम करते हैं। अलग-अलग लोगों को प्रसन्न करने के तरीके अलग होते हैं और हमें उसी अनुसार व्यवहार करना चाहिए। देवता, सज्जन पुरुष और पिता ऐसे होते हैं जो स्वभाव से ही सरल और दयालु होते हैं। उन्हें खुश करने के लिए ज्यादा दिखावा या विशेष प्रयास की जरूरत नहीं होती।

सबसे बड़ा धन है संतोष

संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध की शिक्षाएं आज भी हमें जीवन की कई परेशानियों से बचने का मार्ग दिखाती हैं। वे प्रतिदिन अपने शिष्यों को उपदेश देते थे और अपने प्रवचनों में क्रोध, अहंकार, लोभ और द्वेष को त्यागने पर जोर देते थे। उनके प्रेरणादायक विचार आज भी उतने ही प्रभावशाली हैं और हमें सफलता, संतुलन और आंतरिक शांति की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वे कहते हैं, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा संबंध है और स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। दुख का मूल कारण आसक्ति है। यह विचार बताता है कि मोह और चिपकाव ही जीवन की समस्त पीड़ा का केंद्र हैं। अतीत में मत उलझो, भविष्य के सपने मत देखो, अपना ध्यान वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। यह शिक्षा मानसिक तनाव से मुक्त होकर वर्तमान को भरपूर जीने का व्यावहारिक सूत्र है। सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

जिरहनामा
कनक तिवारी

बुनियादी न्यायिक अवधारणाएं कहां चली गईं

अंगरेजी के महान लेखक और दार्शनिक फ्रांसिस बेकन इंग्लैंड के 16 वीं शताब्दी में चीफ जस्टिस भी रहे। उनके जैसा उद्भट विद्वान दुनिया में नहीं हुआ। वे वहां के चीफ जस्टिस भी थे। दुखद यही था कि वे भ्रष्ट थे। वे दोनों ओर के पक्षकारों से घूस खा लेते थे। इस कारण उन्हें आजन्म कारावास भुगतना पड़ा। जेल में ही उनकी मौत हुई। उजला पक्ष यह है किसी भी संवैधानिक गुत्थी या उलझन को लेकर बेकन ने जो तर्कशास्त्र गढ़ा है। वह आज तक ढहाया नहीं जा सका। उनके फैसलों को बेकोनियन जजमेंट कहते हैं। दुनिया के तमाम न्यायिक महारथी बेकन के मुरीद हैं।

भारत दुनिया का सबसे बहुसंख्यक संवैधानिक लोकतंत्र है। जिस तरह देह में हड्डियों का ढांचा बुनियाद की तरह रहता है। उसी तरह देश का संविधान देश के विकास और जीवन की बुनियाद होता है। समझना ज़रूरी है कि संविधान में भारत का अतीत स्मरण या उससे निरंतरता नहीं है। आजकल लफ्फाजी का युग है। जो अपढ़, कुपढ़ और बहुत सा जानबूझकर स्वांग करते हैं। वे जबरिया संविधान पर ऊलजलूल टिप्पणियां करते लोकतंत्र को जख्मी करते रहते हैं। संविधान नियंता बाबा साहब अम्बेडकर के इस साहसिक बयान को अपनी दृष्टि बनाने के लिए समझना होगा कि यह संविधान हम भारतीय इतिहास, पूर्व उदाहरणों और परंपराओं से सीख लेकर बिल्कुल नहीं बना रहे हैं। यह संविधान की कोख यूरो अमेरिकन उन मानवीय साहसिक उद्घाटनों में से है जो इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी जैसे कई देशों में हुई जनवादी क्रांति से पैदा हुई है। इसी नजरिए से संविधान को वैज्ञानिक ढंग से देखा और परखा जा सकता है। विकृत दृष्टि तो असंख्य लोगों में पैठ ही चुकी है। संविधान का अब तो कचूमर ही निकाला जा रहा है।

संविधान केवल शब्दो और लकीरों में लिखी हिदायतों का जखीरा नहीं होता। हर शब्द और वाक्य में अदृष्य लगती कोई परंपरा, अवधारणा या समझबूझ की बुद्धि होती है। संविधान केवल इबारतों को पढ़ना नहीं है। अपनी अनुगूंजों को सुनकर संविधान के मर्म की समझ विकसित करना न्याय सत्ता के लिए पहली और जरूरी शर्त है। खासतौर पर सुप्रीम कोर्ट के लिए जो अंतिम न्यायिक वचन का स्त्रोत है। कहती हैं परंपराएं कि बिना किसी को सुने उसके बारे में फैसला मत करो। नागरिकों की आजादी उनका बुनियादी अधिकार है। उन्हें गैर जरूरी वजह से जेल में मत ठूंसो। कहती हैं अवधारणाएं भारत को वैज्ञानिक परंपराओं वाला देश बनाओ यह भी कहती हैं कि जज को एक तरह से सन्यासी जैसा रहना है। उसे घूसखोरी करते रिटायरमेंट के बाद सरकारी पद, नेता बनने की हविश, सामंती भाषा में चीखने का षऊर और रोज बल्कि बरस दर बरस बीतते अपने सिद्धांतों को



बदलने का रवैया नहीं पालना चाहिए। इन्हीं अवधारणाओं से भारतीय न्यायपालिका को कठिन या संकुल चरित्र परिवार बनाया। मातृ संस्था बिटेन की सुप्रीम कोर्ट और उसके इतिहास से समानान्तर ढूंढ़े जाते हैं। वहां कोई ना कोई बीजक कथा मिल जाती है। वह अंधेरी राह के लिए टॉर्च की रोशनी बनकर उजाला बनती है। ऐसी कई मान्यताएं हैं जो भारतीय जजों के आचरण में पिछले 40, 50 वर्षों में स्थिर हो चुकी थीं। देश काफी कुछ भरोसे में रहा है कि अदालतों के रहते निजाम या और कोई जनता पर खुलेआम जुल्म नहीं कर पाएगा। धन डाकुओं को भी अदालतें ठिकाने तो लगाएंगी ही।

सृष्टि का नियम है कि समय बदलता है। भारतीय इतिहास में भी कुछ लोग संकीर्ण और जाहिल दिमाग के बने बैठे कौरव कहलाते पांडवों के साथ जुल्म कर रहे थे। महाभारत के युद्ध में दुराचार और अनाचार को शिकस्त मिली ही थी। जय श्रीराम का नारा लगाना तो कंठ का नारा नहीं, उसमें रावण की कथा का संदेश भी है कि किसी भी अन्य तरह के समाज में न्याय दिलाने की ताकतों के रहते वे सफल नहीं हो पाएं। आजकल जो फल फूल ही रही हैं। देश का धन लेकर भगोडे.विदेशों में भी ऐश कर ही रहे हैं। सरकार से जनता की पूरी दौलत एक उद्योग को कानून तोड़कर चली जा रही है। सिलसिला रुक नहीं रहा है। सैकड़ों, हजारों, करोड़ों की अफरातफरी करने वाले अचानक किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाते हैं। वे प्रेत आत्माएं देवता बन जाती हैं, विदेशी ताकतें भारत में तकनीकी आधारों पर जासूसी का जाल फैला चुकी हैं। लेकिन भारत इन सबसे बेखबर है।

न्यायपालिका ने कार्यपालिका और विधायिका के समानांतर अपनी आजाद हैसियत लगभग खो ही दी है। जनता की निगाह में वह एक सरकारी विभाग है। न्याय कॉरपोरेटियों के अंगूठे के नीचे दबा हुआ है।

देष के पूर्व चीफ जस्टिस एस पी भरूचा ने कभी कहा था भारतीय हाई कोर्ट में एक तिहाई जज भ्रष्ट हैं। और यह संख्या बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट के एक बहुत जानदार वकील दुष्यंत दवे ने बहुत संघर्ष करने के बाद खीझकर अदानी रुख के ही कारण अपनी वकालत बंद कर दी। यह केवल एक वकील का मामला नहीं है। न्याय व्यवस्था में चोरी से घुस गई कई कातिल अवधारणाओं का मुंह नोचना है। जो दुष्यंत ने एक प्रतीक बनकर किया। देश किसी न्यायिक देश के चरित्र की नकल नहीं करता। लेकिन उसका खुद का चरित्र अपने संस्कारों के अनुरूप हो जाए तो वह देष नजीरें बनाता है।

जज के घर से करोड़ों रुपयों के नोट निकल रहे हैं। उसका बाल भी बांका नहीं हो रहा। संविधान में नहीं लिखा है कि क्या ऐसा होना ही चाहिए कि देश के नागरिकों को इलाज और शिक्षा का कोई बुनियादी अधिकार तक नहीं है। जज खुलेआम कहते हैं कि हमें तथ्यों से अलग हटकर जनता में आस्था है हमको उसके मुताबिक न्याय करना है। यूरो अमेरिकी न्याय की अवधारणा में ऐसा कोई तत्व नहीं है। अमेरिका, इंग्लैंड, ब्रिटेन और फ्रांस चाहे जितने भी अमीर मुल्क कहे जाएं। वहां अब भी मजबूत परंपराओं और संविधानों के आधार पर ही न्याय हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप यदि किसी भी तरह का कोई टैरिफ लगाते भी हैं तो अमेरिकी अदालतें उसमें बाकायदा हस्तक्षेप करती हैं। न्यायपालिक अवधारणाओं के उल्लंघन के कारण सरकारें तक बदल जाती हैं। लेकिन भारत में यह सब नहीं ही हो रहा। भारतीय जज, श्रमिक यूनियनों, चरित्रवान नागरिकों और सच बोलने वाले नौजवान छात्रों को इतिहास के ऊबड़ खाबड़ रास्ते को समतल करने की कोशिश करने वाले भीमा कोरेगांव के मानव अधिकार कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यकों के छीने जा रहे अधिकारों को बचाने के लिए उसी तरह से मुखर नहीं हैं। दुनिया का कोई तटस्थ व्यक्ति अब यह नहीं कहता कि भारत में आम चुनाव पूरी तौर पर निष्पक्ष, न्यायप्रिय और भ्रष्टाचाररहित तरीके से ही हो रहे हैं। यदि वह कर पाए तब ही उसके ऐसा किया जाने को ही तो भारत को एक तरह से विश्व गुरू होना कहा जा सकता है।

कभी सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पी. एन. भगवती, वी. आर. कृष्णा अय्यर, सगीर अहमद, साव्यसाची मुखर्जी, हंसराज खन्ना, जैसे कई नक्षत्र थे जिनकी रोशनी से न्याय की अदालते जगमग थीं। सुप्रीम कोर्ट जाने से इनकार करने वाले हाई कोर्ट के महान जज अब्दुल करीम चावला का नाम भी है। आजकल जस्टिस नागरत्ना कम से कम इस रोशनी को बाले हुए हैं।

खबर संक्षेप

कथावाचक पं. संतोष का मनाया जन्मदिन

औबेदुल्लागंज। सुप्रसिद्ध कथावाचक गुरुदेव पं. संतोष तिवारी शास्त्री का रविवार को अवतरण मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा एवं हिंदू नेता वचन लोधी, नीरज चावला, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सिंह, आरती यादव, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन आदि ने पं. संतोष तिवारी को जन्मदिन की बधाई दी।

रचनात्मक अभिव्यक्ति को मिलेगा मंच

भोपाल। एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा 5 से 6 मई तक दो दिवसीय हिंदी काव्य लेखन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में एम्स भोपाल के सभी फैकल्टी, स्टाफ और विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को अपने विचारों और भावनाओं को काव्य के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यशाला रचनात्मकता को बढ़ाने के साथ-साथ मानसिक तनाव को कम करने में सहायक होगी। इस तरह के कार्यक्रम लोगों को अभिव्यक्ति को बेहतर बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देते हैं। कविता लेखन से लोग अपनी भावनाओं को सहज रूप से व्यक्त कर पाते हैं, जिससे मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलती है।

दानापुर-बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन 31 मई तक चलेगी

भोपाल। गर्मियों में बढ़ी यात्री भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने दानापुर से सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ा दी है। अब ट्रेन मई तक चलेगी। ट्रेन 03251 दानापुर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल एक्सप्रेस स्पेशल अब 31 मई तक 31 अतिरिक्त फेरे के चलेगी। ट्रेन 03252 बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल 3 मई से 2 जून 2026 तक 31 अतिरिक्त फेरे चलाएगी। ट्रेन सतना, जबलपुर, इटारसी स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन से जुड़ी विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139, आधिकारिक वेबसाइट से ली जा सकती है।

गूगल पर कोरियर कंपनी का नंबर सर्च करना पड़ा भारी

ओटीपी भेजकर रिटायर्ड बैंककर्मी से 3 लाख 91 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा में रहने वाले रिटायर्ड बैंककर्मी से सायबर जालसाज ने 3 लाख 91 हजार रुपए की ठगी कर दी। दरअसल ऑफिस से उनके कुछ दस्तावेज कोरियर के माध्यम से घर पर आने वाले थे। देरी होने पर उन्होंने गूगल से कोरियर कंपनी का नंबर सर्च कर बात की। कॉल पर बात करने वाले जालसाज ने उन्हें ओटीपी भेजते हुए कहा कि आपका कोरियर रवाना कर दिया गया है। रिटायर्ड बैंककर्मी ने जालसाज को ओटीपी बता दिया। अगले दिन उनके मोबाइल पर तीन लाख 91 हजार रुपए कटने का मैसेज आ गया। शाहपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ऑफिस से दस्तावेज कोरियर के माध्यम से आने वाले थे

थाना प्रभारी संतोष मरकाम ने बताया कि दानापानी रोड शाहपुरा निवासी विनोद शुक्ला (69) रिटायर्ड बैंककर्मी हैं। ऑफिस से उनके कुछ दस्तावेज कोरियर के माध्यम से आने वाले थे। लेकिन जब काफी दिन तक कोरियर नहीं आया तो उन्होंने गूगल पर कोरियर कंपनी का नंबर सर्च कर बात की। कॉल पर बात करने वाले ने उन्हें एक ओटीपी भेजा और कहा कि ओटीपी नंबर बता दीजिए। यहां से आपका कोरियर रवाना कर दिया गया है। जल्द ही आपको मिल जाएगा। फरियादी विनोद शुक्ला ने अपने मोबाइल पर आया ओटीपी बता दिया। अगले दिन मोबाइल पर आए मैसेज से पता चला कि उनके खाते से तीन लाख 91 हजार 957 रुपए किसी और खाते में ट्रांसफर हो गए हैं।

गेहूं बेचने के बाद खाते में आए थे एक लाख, छह हजार

किसान के खाते से एक लाख रुपए उड़ाए

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव रुनाहा में रहने वाले किसान के खाते से अज्ञात जालसाज ने 1 लाख रुपए यूपीआई के माध्यम से निकाल लिए। किसान को खाते से रुपए निकलने की जानकारी उस समय लगी, जब वह पैसे निकालने बैंक पहुंचे। बैंक में पता चला कि उनके खाते में एक लाख छह हजार रुपए थे। केवल छह हजार रुपए ही बचे है। बाकि एक लाख रुपए की रकम यूपीआई के माध्यम से निकाली गई है। किसान ने घटना की शिकायत तत्काल नजीराबाद थाने पहुंचकर की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम रुनाहा निवासी 25 साल के सुनील गुर्जर खेती करते हैं। उन्होंने गेहूं की फसल सोसाइटी में बेची थी। 27 अप्रैल को सोसाइटी में बिल लगाया और उनके खाते में एक लाख छह हजार रुपए आ गए। 2 दिन बाद वह रुपए निकालने बैंक पहुंचे तो पता चला कि खाते में केवल छह हजार रुपए बस बचे हैं। किसान बैंक पहुंचे और खाते की जानकारी निकलवाई। इस दौरान पता चला कि उनके खाते में यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपए निकले हैं।

मांस की आपूर्ति प्रभावित, रोजाना 200 किलो मांस की जरूरत

स्लॉटर हाउस बंद: वन विहार में बाघ, सिंह के लिए मांस को लेकर बढ़ गई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम का स्लॉटर हाउस बंद होने के साथ ही वन विहार में जानवरों के मास के इंतजाम को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल यहां पहले रोजना 200 किलो मांस की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब डॉक्टरों की निगरानी में दो भैंसों से जानवरों की खुराक को पूरा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों वन्य प्राणियों के भोजन की व्यवस्था को लेकर एक अलग तरह की व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम का स्लॉटर हाउस बंद होने के बाद वन्य जीवों के लिए मांस की आपूर्ति प्रभावित हो गई थी, जिसके बाद वन विहार प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था शुरू की। अब वन विहार की सफारी रेंज में स्लॉटर हाउस बना दिया है, जहां भैंसों की कटाई कर वन्य प्राणियों के लिए मांस तैयार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को प्रशासन की अनुमति के बाद शुरू किया गया है और इसमें पशु चिकित्सकों की निगरानी भी रखी जा रही है, ताकि वन्य प्राणियों को सुरक्षित और जांचा हुआ मांस ही दिया जा सके। वन विहार प्रबंधन का कहना है कि यह व्यवस्था पूरी तरह नियमों के तहत की जा रही है और वन्य जीवों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर ही सभी प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं।

डॉक्टरों की निगरानी में दो भैंसों से पूरी हो रही जानवरों की खुराक

सप्ताह में एक दिन नहीं दिया जाता भोजन

जानकारी के अनुसार मांसाहारी वन्य प्राणियों को सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को भोजन नहीं दिया जाता है। वन्य जीव विशेषज्ञों के अनुसार ऐसा उनके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और प्राकृतिक भोजन चक्र बनाए रखने के लिए किया जाता है। यह व्यवस्था लंबे समय से वन विहार में लागू है।

अब तक करीब 182 भैंसों की कटाई

वन विहार में रोजाना लगभग 200 किलो मांस की जरूरत होती है, जो यहां रहने वाले शेर, बाघ, तेंदुआ और अन्य मांसाहारी वन्य प्राणियों को खिलाया जाता है। इस जरूरत को पूरा करने के लिए रोजाना लगभग दो भैंसों की कटाई की जा रही है। अब तक करीब 182 भैंसों की कटाई की जा चुकी है।

जांच के बाद ही होती है कटाई

भैंस के वन विहार पहुंचने के बाद सबसे पहले उसकी स्वास्थ्य जांच की जाती है। इस दौरान वन विहार के डॉक्टरों की टीम मौजूद रहती हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि भैंस किसी बीमारी से ग्रसित न हो। इसके बाद ही कटाई की प्रक्रिया की जाती है। कटाई के बाद भी मांस की जांच की जाती है, ताकि वन्य प्राणियों को सुरक्षित मांस दिया जा सके।

वीरेंद्र सिंह, सहायक संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान

कलेक्ट्रेट से अनुमति के बाद ही की जा रही स्लॉटरिंग

अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था पूरी तरह अस्थाई है और कलेक्ट्रेट से अनुमति मिलने के बाद ही सफारी रेंज में स्लॉटरिंग की जा रही है। नगर निगम का स्लॉटर हाउस बंद होने से मांस की सप्लाई रुक गई थी, इसलिए वन्य प्राणियों के भोजन की नियमित व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया। वन्य प्राणियों के भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

मांस सप्लाई के लिए टेंडर जारी

अधिकारियों के अनुसार मांस सप्लाई की नियमित व्यवस्था के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। अधिकृत सप्लायर के चयन तक अस्थाई रूप से वन विहार परिसर में ही भैंसों की कटाई की जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने या नगर निगम का स्लॉटर हाउस दोबारा शुरू होने के बाद नियमित सप्लाई फिर से शुरू कर दी जाएगी।

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित अनुष्ठान सोसाइटी के सामने घटना

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, सिर से गुजरा पहिया, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित अनुष्ठान सोसाइटी के सामने शुक्रवार रात बाइक सवार ड्राइवर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए और वाहन का पहिया उनके सिर से होता हुआ गुजर गया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दीपेश श्रीवास्तव (38) पल्लवी नगर शाहपुरा में रहता था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था। शनिवार रात वह बाइक से घर जा रहा था। अनुष्ठान सोसाइटी के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गया था। सिर से पहिया गुजरने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि किसी पीले रंग के चार पहिया वाहन ने दीपेश की बाइक को टक्कर मारी है।

बच्चों को बाहर खेलने भेज मां ने लगाई दुपट्टे से फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित आमृ विहार फेस श्री में महिला ने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे पर फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले उसने अपने दोनों बच्चों को खेलने के लिए बाहर भेज दिया था। महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही पति और परिजन के बयान में भी आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला है। पुलिस के अनुसार कल्पना कसवे पति सतीष कसवे (30) आमृ विहार फेस-श्री कोलार में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट गाड़ी चलाता है।

गाड़ी चलाने गया था पति

शुक्रवार सुबह पति गाड़ी चलाने चला गया। घर पर कल्पना अपने आठ और दस साल के दो बच्चों के साथ घर पर थी। शाम करीब सवा 4 बजे उसने बच्चों को बाहर खेलने भेज दिया। बच्चे पंद्रह मिनट बाद खेलकर घर लौटे तो उन्होंने मां को फांसी के फंदे पर लटके देखकर रोने लगे। दोनों बच्चों की रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे।

औबेदुल्लागंज में अव्यवस्थाओं का अंबार

300 दुकानदार बेरोजगार, अधूरे निर्माण और अतिक्रमण से जनता परेशान

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और अव्यवस्थाओं के चलते नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्र में करीब 300 दुकानदार बेरोजगार होकर घूम रहे हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगर में बन रहे ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य भी लंबे समय से ठप पड़ा हुआ है। वहीं अर्जुन नगर में मुख्यमंत्री संजीवनी अस्पताल का भवन निर्माण पूरा होने के बावजूद उसमें दरारें पड़ने की शिकायत सामने आई है, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौहरगंज रोड पर बिल्डर द्वारा नदी-नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने का मामला भी तूल पकड़ता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि बरसात के समय इसी नाले से पानी की निकासी होती है, ऐसे में अतिक्रमण से जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

पति-पत्नी का का किया संतनगर में स्वागत

8900 किमी 12 ज्योतिर्लिंग यात्रा पर निकले युवा दंपती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

12 ज्योतिर्लिंग यात्रा पर निकले सिंधी समाज के युवा दम्पति नीलेश राजानी व सोनिया राजानी (अहमदाबाद) का संत हिरदाराम नगर पहुंचने पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि सिंधी समाज के लिए गौरव व श्रद्धा का विषय बना व क्षण जब 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकले युवा दंपती नीलेश राजानी एवं सोनिया राजानी हमारे बीच में है। हम संत नगर की ओर से इनका सम्मान करते हैं।

हम ईश्वर से प्रार्थना करते है जिस तरह इनकी यात्रा अभी तक सफल हुई है आगे भी अपने लक्ष्य तक पहुंचे और यात्रा सफल हो।

नीलेश और सोनिया राजानी का स्वागत करते गणमान्य नागरिक।

नीलेश, सोनिया का शॉल, फूलमालाओं से स्वागत

कार्यक्रम में युवा दम्पती का शॉल व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, विक्रमादित्य मंदिर उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार अंदानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, जेठानंद मंगतानी, हरीश मेहरचंदानी माधव पारदासानी, भाजपा नेता कमल वीधानी, वासदेव वाधवानी, घनश्याम लालवानी, राकेश शेवानी, रमेश तनवानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश आसवानी व आभार गुलाब जेठानी ने प्रकट किया।

प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

वार्ड नंबर 12 में दूषित पेयजल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड नंबर 12 में दूषित पेयजल से लोग परेशान है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। औबेदुल्लागंज के वार्ड 12 पीपल चौक निवासी अभिषेक साहू ने बताया कि नलों में इन दिनों लोगों को दूषित पेयजल मिलने की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के निवासियों के अनुसार नलों से आ रहा पानी गंदा, बदबूदार और पीने योग्य नहीं है, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से पानी का रंग मटमैला है और उसमें गंदगी साफ दिखाई दे रही है। बावजूद इसके नगर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नागरिकों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि शिकायतों के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

इंदौर में दूषित पानी पीने से मौतों की घटना के बाद भी नहीं सीखा सबक

नलों में गंदा पानी आ रहा है।

गौरतलब है कि हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत के मामले सामने आए थे। उस घटना के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस सबक नहीं लिया, ऐसा स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो यहां भी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए, पाइपलाइन की सफाई कराई जाए और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग से भी इलाके में निगरानी बढ़ाने की अपील की गई है, ताकि किसी संभावित बीमारी के फैलाव को रोका जा सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेकर राहत पहुंचाता है।

बेमौसम बारिश से वार्ड बेहाल जिम्मेदार जनप्रतिनिधि गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज में शनिवार को हुई अचानक बे-मौसम तेज बारिश से वार्ड 14 वार्ड 8, 9, 10, 11, 12 में सड़कों गलियों में पानी भर गया। गरीबों के मकान की पन्नी उड़ गई। दुकानों के बोर्ड उड़ गए। इतना नुकसान होने पर गलियों में भरे बरसात के पानी से नागरिकों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी।

इस पर लक्ष्मी देवी अर्चना हरिप्रसाद द्रौपदी आदि ने कहा कि नगर परिषद की अध्यक्ष को वार्डों में आकर हाल-चाल पूछना था, मगर वर्तमान अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि समस्याओं के लिए और पीड़ित लोगों के हाल-चाल जानने अब तक नहीं आए। वही लक्ष्मी देवी हरिप्रसाद ने कहा कि पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर त्रिलोचन बिट्टू तो 5 साल तक वार्डों में घूमी और समस्याओं पर बाढ़ आने पर हाल-चाल जानने पूर्व अध्यक्ष घर-घर पहुंचती थी। पूर्व अध्यक्ष ने घर-घर जाकर डस्टबिन बांटे। नगर परिषद के 8 पार्षदों ने तंज कसते हुए कहा कि नपा अध्यक्ष नगर परिषद में कम उपस्थित रहती है। अगर जनता को मिलना हो तो नगर परिषद दफ्तर आओ।

पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू से फोन पर पूछा तो वह कहती है सेवा करना हमारा काम रहा है। प्रतिपक्ष नेता पार्षद हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक ने फोन पर बताया कि मैंने नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन दिया है कि नगर परिषद में अध्यक्ष पति का हस्तक्षेप बंद किया जाए।

40 से ज्यादा दमकल देर रात तक आग बुझाने के लिए करती रही मशक्कत

मंडीदीप में केमिकल कंपनी स्टैंडर्ड में लगी भीषण आग

केमिकल फैक्ट्री में लगी आग से उठती ऊंची लपटें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में रविवार रात करीब आठ बजे इंडस्ट्रियल एरिया के स्टैंडर्ड कंपनी में भीषण आग लग गई, जिसमें करोड़ों के केमिकल और मशीन जल कर खाक हो गए। नगर के आस पास करीब दो दर्जन से अधिक दमकल आधी रात तक आग बुझाने में मशक्कत करती रही। आग लगने की मुख्य वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मौके पर एसडीओपी, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया, वही मंडीदीप नगर पालिका, एचईजी, नाहर, वर्धमान समेत आस पास के करीब दो दर्जन दमकलों ने आग बुझाने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया गया।

जिंसी चौराहे के ट्रांसफर स्टेशन के पास लगी आग, कई पेड़ झुलसे

भोपाल। जिंसी चौराहे के पास निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशन के पास झाड़ियों में रविवार को दोपहर करीब तीन बजे आग लग गई। इसकी चपेट में आने से कई पेड़ झुलस गए। आग लगने से उठे धुएं को देखकर लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। तत्काल मौके पर एक दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू किया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बता दें कि शहर में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है।

साधु वासवानी स्कूल में आयोजन

अभिव्यक्ति शिविर में लड़के भी सीख रहे हैं खाना बनाने का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल अभिव्यक्ति शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अलग-अलग एक्टिविटी में भाग लेकर लाभान्वित हो रहे हैं।

विद्यालय पीआरओ दीपा आहूजा ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिविर में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक योगा, खेलकूद, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रातः 8 से 11 बजे तक चित्रकला, मेंहदी, कम्प्यूटर, कुकिंग (लड़के एवं लड़कियों के लिए पृथक), कैलीग्राफी, हस्त लेखन, संगीत, नृत्यकला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फ ब्यूटीशियन, अंग्रेजी स्पोकन तथा अनुभवी प्रशिक्षिकों द्वारा दिया जा रहा हैं। प्रातः 11 से 12 बजे तक पुस्तकालय सुविधा भी प्रदान की जा रही हैं। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के स्वल्पाहार की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही हैं। हीरो ज्ञानचंदानी ने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उन्नयन तथा समय के उचित सदुपयोग के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को ऐसे शिविर में भाग लेकर अपनी कलाा को निखारना चाहिए। कन्हैयालाल रामनानी ने कहा कि जिस तरह से यहां बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रर्शन कर ढेर सारी कलाओं को सीख रहे है, वे भविष्य में उनके लिए काफी मददगार सिद्ध होगी। नई-नई कला को सीख कर हर बालक अपने आप को निखार सकता है।

बाल अभिव्यक्ति शिविर में शामिल बच्चे और अतिथि।

भोज ताल में पक्षियों की गिनती, 60 से ज्यादा प्रजातियां चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल बड़र्स संस्था का समर बर्ड मॉनिटरिंग प्रोग्राम, वालंटियर्स ने लिया हिस्सा

रविवार को भोपाल बड़र्स संस्था द्वारा समर बर्ड मॉनिटरिंग प्रोग्राम के तहत भोज ताल के बिशनखेड़ी क्षेत्र में पक्षी गणना का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी के मौसम में मिलने वाले प्रवासी और स्थानीय पक्षियों की पहचान करना था।

कार्यक्रम में संस्था के वालंटियर्स ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और अलग-अलग स्थानों पर जाकर पक्षियों को चिन्हित किया। इस दौरान करीब 60 पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया गया। प्रमुख पक्षियों में इंडियन पैराडाइस फ्लाईकैचर, कोंब डक, स्पॉट बिल्ड डक, कॉटन टील, ब्लैक हेडेड आइबिस, ग्लॉसी आइबिस, ओपन बिल स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क, पर्पल मूरहेन, फीसेंट टेल जकाना, ब्रॉन्ज विंग जकाना, गोल्डन ओरियल, पैडी फील्ड पिपिट और कॉमन आयोरा शामिल रहे।


1 टेल्ड जैकाना पक्षी


2 पेंटेड स्टॉर्क पक्षी

3 ओपनबिल स्टॉर्क पक्षी

बड़र्स संस्था के ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में भोपाल बड़र्स संस्था से मो. खालिक और डॉ. संगीता राजगीर स्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। वहीं वालंटियर्स के रूप में दीपेश भावसार, गौरा जोशी, स्मिता राजपूत और रतनमाला मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

भोज ताल के बिशनखेड़ी क्षेत्र में किया गया पक्षी गणना का आयोजन

तीन पुस्तकों का लोकार्पण, किताबों के महत्व पर जोर

आयोजन के दौरान पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

किताबें हमें सोचने और समझने की ताकत देती हैं: संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक साहित्यिक समारोह में 'अनकही', 'आसपास' और 'सदगुरु कबीर और मानवता' पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि के शारदा सभागार में हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे ने की। चौबे ने कहा कि आज के समय में टेक्नोलॉजी हमारी सोच और एकाग्रता को प्रभावित कर रही है, ऐसे में किताबों का महत्व और बढ़ जाता है।

कार्यक्रम में 'अनकही' के लेखक नरेश बाथम ने ग़ज़लों के माध्यम से जीवन के अनुभव साझा किए। 'आसपास' की लेखिका मनोरमा पंत ने बताया कि उनकी लघुकथाएं समाज और आसपास की घटनाओं से प्रेरित हैं। वहीं डॉ. मालती बसंत ने संत कबीर के विचारों को आज के समय से जोड़ा। मुख्य अतिथि मुकेश वर्मा ने युवाओं से अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने की अपील की।

हरिओम जटिया को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय अवार्ड

भोपाल। हिन्दुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा आयोजित भारत संस्कृति यात्रा के समापन पर सम्मान समारोह हुआ। यह कार्यक्रम रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर कला और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए हरिओम जटिया को "स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय अवार्ड 2025-26" से सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. अशुतोष शर्मा, सचिव प्रोसेनजीत पोद्दार, संयोजक बलवंत पुराणिक और समन्वयक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल सहित कई कलाकार मौजूद रहे। समारोह में शास्त्रीय संगीत और लोक कला की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जनजातीय संग्रहालय में लोक कलाकारों की विविध प्रस्तुतियां डिण्डोरी, बड़वाहा, उज्जैन और सागर के कलाकारों ने बिखेरा रंग

प्यारो लागे रे म्हारो मालवो देश...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार को रोशनी भार्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा-सैला नृत्य, संजय महाजन एवं साथी, बड़वाहा द्वारा गणगौर नृत्य, लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन, राजकुमार सिंह ठाकुर एवं साथी, सागर द्वारा बुंदेली गायन की प्रस्तुति दी गई। गतिविधि में लोकेश माल एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन में प्यारो लागे रे म्हारो मालवो देश..., रेसमियो रूमाल बलम...,भेरूजी ..., जमाई गीत..., भारत देश है प्यारो..., गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं राजकुमार सिंह ठाकुर एवं साथी, सागर द्वारा बुन्देली गायन में काये जाबे कोनऊ के द्वारा में..., राखे रहियो मोरी खबरिया..., हम सांची बात बताये..., तुमाये इते आके..., जैसे कई लोक गीतों की प्रस्तुति दी।

बुंदेली गायकों ने दी क्षेत्र के लोकगीतों की प्रस्तुति

गणगौर नृत्य

गणगौर निमाड़ी जन-जीवन का गीति काव्य है। चैत्र दशमी से चैत्र सुदी तृतीया तक पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस गणगौर उत्सव का ऐसा एक भी कार्य नहीं, जो बिना गीत के हो। गणगौर के रथ सजाये जाते हैं, रथ दौड़ाये जाते हैं। इसी अवसर पर गणगौर नृत्य भी किया जाता है। झालरिया दिये जाते हैं। महिला और पुरूष रनुबाई और धणियर सूर्यदेव के रथों को सिर पर रखकर नाचते हैं। ढोल और थाली वाद्य गणगौर के केन्द्र होते हैं। गणगौर निमाड़ के साथ राजस्थान, गुजरात, मालवा में भी उतना ही लोकप्रिय है।

करमा नृत्य देता है कर्म की प्रेरणा

करमा कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य है। ग्रामवासियों में श्रम का महत्व है श्रम को ही ये कर्म देवता के रूप में मानते हैं। पूर्वी मध्यप्रदेश में कर्म पूजा का उत्सव मनाया जाता है। उसमें करमा नृत्य किया जाता है परन्तु विन्ध्य और सतपुड़ा क्षेत्र में बसने वाले जनजातीय कर्म पूजा का आयोजन नहीं करते। नृत्य में युवक-युवतियां दोनों भाग लेते हैं, दोनों के बीच गीत रचना की होड़ लग जाती है।

सभी ऋतुओं में गोंड जनजातीय करमा नृत्य करते हैं। यह नृत्य जीवन की व्यापक गतिविधि के बीच विकसित होता है, यही कारण है कि करमा गीतों में बहुत विविधता है।

10वीं-12वीं के मेधावी स्टूडेंट सम्मानित

कांग्रेस नेता शुक्ला व रिटायर्ड डीजी त्रिपाठी ने किया टॉपर्स का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट (90+%) अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं का कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान एवं मार्गदर्शन समारोह एक निजी होटल में दोपहर भोज पर आयोजित किया गया, जिसमे नरेला के समस्त छात्र एवं छात्राओं जो म.प्र. बोर्ड कक्षा में 90% से अधिक अंक लाए हैं उनको निमंत्रण देकर बुलाया गया और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया जिसके मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीजी (एनसीआरबी) एन के त्रिपाठी द्वारा छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने समस्याओं और कठिनाइयों को लेकर त्रिपाठी से सवाल जवाब किए। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने कहा की मेधावी छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए अन्य सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी आगे आने की ज़रूरत है जिससे देश की प्रगति और उन्नति हो सके। इस अवसर पर सैयद उस्मान अली, अमित खत्री, दीपक दीवान, व्रजेन्द्र शुक्ला, आशीष ओझा, अनूप पांडे, आदि मौजूद थे।

पुरानी यादें ताजा, दोस्ती का जश्न मनाकर रिश्तों को किया मजबूत

फिजियोथेरेपी के प्रथम बैच के दोस्तों का 20 साल बाद हुआ पुनर्मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दशकों बाद फिजियोथेरेपी के पहले बैच के दोस्तों का खास पुनर्मिलन हुआ। इस दौरान सभी ने एक साथ मिलकर अपने पुराने दिनों को याद किया और बिताए हुए पलों को साझा किया।इस मौके पर दोस्तों ने अपनी मजबूत दोस्ती और आपसी रिश्तों का जश्न मनाया। सभी ने बताया कि कॉलेज के दिनों से लेकर आज तक उनका साथ बना हुआ है।क्लासरूम से शुरू हुआ सफर अब क्लिनिक तक पहुंच चुका है, लेकिन इन दोस्तों के बीच की बॉन्डिंग आज भी पहले जैसी ही मजबूत है। पुनर्मिलन के इस कार्यक्रम ने सभी को भावुक कर दिया और पुरानी यादों को फिर से जीवंत कर दिया।

पर्यावरण सुधार कार्यशाला में प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने दिया संदेश

पर्यावरण बचाने के लिए सिर्फ चिंता नहीं, अब कार्रवाई करने का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चेतन सिंह सोलंकी, जिन्हें "सोलर मैन ऑफ इंडिया" के नाम से जाना जाता है, ने आज भोपाल में आयोजित "पर्यावरण सुधार सत्याग्रह कार्यशाला" को संबोधित किया। यह कार्यक्रम कैरियर कॉलेज, भेल दशहरा मैदान परिसर में आयोजित हुआ। प्रो. सोलंकी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका है और इसका समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने बताया कि इस समस्या की मुख्य वजह जरूरत से ज्यादा संसाधनों का उपयोग (ओवरकंजम्प्शन) है।

उन्होंने समझाया कि वर्तमान में मानवता पृथ्वी की क्षमता से लगभग 1.8 गुना अधिक संसाधनों का उपयोग कर रही है, जबकि हमारे पास केवल एक ही पृथ्वी है। यह स्थिति लंबे समय तक नहीं चल सकती। कार्यशाला के माध्यम से उन्होंने लोगों को केवल जागरूक ही नहीं किया, बल्कि समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर भी जोर दिया।

सेवा यात्रा के तहत बच्चों ने दिया पर्यावरण का संदेश

कल 'प्रिय विजेश, यादें शेष' कार्यक्रम में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश संगठन प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी, मप्र के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. विजेश लुनावत की 5वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सेवा और समर्पण यात्रा का मुख्य कार्यक्रम 5 मई को सायं 5 बजे से 'खुशीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज सभागृह' में आयोजित किया जाएगा। विजेश लुनावत स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस विशेष पुण्य स्मरण कार्यक्रम 'प्रिय विजेश, यादें शेष' में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह होंगे। इस समारोह में मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसद आलोक शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

पेंटिंग के माध्यम से बच्चों ने दिया पर्यावरण का संदेश

विजेश लुनावत स्मृति फाउंडेशन की सचिव स्मिता लुनावत के अनुसार मुख्य आयोजन की पूर्व संध्या पर आज रविवार को राजधानी के जवाहर बाल उद्यान में फाउंडेशन द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में राजधानी के 110 से अधिक बच्चों ने अपनी तूलिका से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। छोटे बच्चों ने जल ही जीवन है और किशोरों ने ग्रीन भोपाल, क्लीन भोपाल जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को कागज़ पर उतारा। पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ-साथ तालाब किनारे स्थित पार्क में व्यापक स्वच्छता अभियान (श्रमदान) और पौधरोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

17वां बाल साहित्य सम्मान समारोह

बाल साहित्य में बच्चों के अधिकारों को शामिल करना जरूरी: न्यायमूर्ति ममतानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित 17वें बाल साहित्य सम्मान समारोह में न्यायमूर्ति मनोहर ममतानी ने कहा कि बाल साहित्य में बच्चों के अधिकारों की बात भी शामिल होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए लिखते समय उनके हक और जरूरतों पर ध्यान देना जरूरी है।

कार्यक्रम में डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने बच्चों को पढ़ाई के साथ योग और व्यायाम अपनाने की सलाह दी। प्रो. सौरभ प्रकाश ने कहा कि बाल साहित्य नई शिक्षा नीति के अनुसार होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. कुंकुम गुप्ता ने कहा कि बच्चों को सिर्फ लिखकर नहीं, बल्कि अपनी रचनाएं सुनाकर भी प्रेरित करना चाहिए।कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कई साहित्यकारों और बाल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मधुलता शर्मा ने किया और आभार जलज गुप्ता ने माना।

उत्तराखंड में बारिश-ओलावृष्टि से हालात हो गए बेकाबू

उत्तरकाशी हाईवे बना 'झरना', नदी -नाले उफने, जगह- जगह ओले गिरने से लोग घरों में दुबकने को हो गए मजबूर, 30 पर्यटक फंसे

एजेंसी ▶▶ उत्तराखंड

रविवार की सुबह उत्तराखंड के कई जिलों में मौसम ने अचानक करवट ली और घने काले बादलों ने दिन को रात में तब्दील कर दिया। देहरादून में तड़के से ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। नदी-नाले उफान पर आ गए, कई मोहल्लों में पानी भर गया और जगह-जगह ओले गिरने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। गंगोत्री नेशनल हाईवे पर मनेरी के पास पहाड़ी से अचानक इतने जोर से पानी का रेला आया कि देखते ही देखते वहां एक विशाल झरना बन गया। राजमार्ग पर चल रहे राहगीर और वाहन चालक हक्के-बक्के रह गए। लोग जान बचाकर भागे। हाईवे कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया और यातायात थम गया।

खास बातें

- देशभर में बदले मौसम ने मचाई तबाही
- यातायात को कर दिया जाम
- सेना को संभालना पड़ा मोर्चा

फ्लोटिंग हटमेंट तूफान की चपेट में आए

टिहरी: टिहरी जिले में टिहरी बांध झील पर तूफान के कारण डोबरा-चांटी पुल के पास तैरती झोपड़ियों के एक घाट को नुकसान पहुंचने के बाद एसडीआरएफ कर्मियों ने मोर्चा संभाला।

शनिवार शाम टिहरी झील के डोबरा-चाटी क्षेत्र में अचानक आई आंधी ने कहर बरपाया। झील पर बने फ्लोटिंग हटमेंट तूफान की चपेट में आ गए। कुछ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए, कुछ पानी में बह गए। इस हादसे में करीब 25 से 30 पर्यटक झील क्षेत्र में फंस गए। एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई जनहानि नहीं हुई।

नैनीताल और अल्मोड़ा में भी मचा हड़कंप, रेलिंग ढही

नैनीताल जिले के हल्द्वानी, कोटबाग, कालाढूंगी और खुर्पाताल में सुबह-सुबह भारी ओलावृष्टि हुई। फसलों और बागानों को नुकसान पहुंचने की खबर है। अल्मोड़ा में शनिवार देर शाम आए तूफान ने नगर में अफरा-तफरी मचा दी। नगर निगम भवन की रेलिंग ढह गई और कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हरिद्वार में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जबकि ऊधम सिंह नगर के खटीमा में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई।

रायबरेली में पड़े ओले

यूपी में मौसम एक बार फिर से पलट गया है। रात से ही अवध के कई जिलों में अच्छी बरसात हुई। सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, अमेठी, रायबरेली सहित कई जिलों में रविवार की सुबह हल्की बरसात हुई। रायबरेली में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

पंजाब में घना कोहरा छाया रहा

पंजाब में काले घने बादलों के पहरे के साथ हुई। सुबह के वक्त ही रात जैसा नजारा बन गया। सड़कों पर गाड़ियों को हेडलाइट्स जलाकर चलना पड़ा। 50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलीं हवाएं। मदेखते ही देखते करीब 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज तूफानी हवाएं चलने लगीं।

राजस्थान में 'महातूफान'

जयपुर। राजस्थान में मौसम ने ऐसी करवट ली है कि पूरा प्रदेश मानों ठिठुरने को तैयार है। उत्तर पाकिस्तान से उठे शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ ने राजस्थान में हलचल मचा दी है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि जल्द प्रदेश के 12 से अधिक जिलों में बारिश होगी,साथ ही बिजली गिरने की भी प्रबल आशंका है।

खबर संक्षेप

चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक, कई घायल

नूरपुर। पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर नूरपुर के समीप न्याजपुर में रविवार सुबह 6.30 पर एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से चीखो पुकार मच गई। चंबा से ऊना के लिए निकली थी और सुबह 11 बजे के करीब नूरपुर में पहुंचने पर यह हादसा हो गया। न्याजपुर में तीखे मोड़ पर चालक को हार्ट अटैक आया, वह खिड़की से गिर गया।

राष्ट्रपति से मिल चड्ढा करेंगे 'कई' खुलासे

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा था, ताकि वह उन्हें पंजाब के सरकारी तंत्र के कथित दुरुपयोग के बारे में बता सकें। चड्ढा का कहना है कि पंजाब का सरकारी तंत्र का इस्तेमाल राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है और उन सांसदों को निशाना बनाया जा रहा है, जो भाजपा में शामिल हुए हैं।

बुलंदशहर में नहाते वक्त 5 लोग गंगा में डूबे

बुलंदशहर। यूपी के बुलंदशहर स्थित मांडू गंगा घाट पर एक दुखद घटना सामने आई है। अंतिम संस्कार के बाद गंगा नदी में स्नान करते समय 5लोग डूब गए। ये सभी देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव कुछेजा के निवासी बताए जा रहे हैं। वे एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घाट पर पहुंचे थे। शवदाह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी गंगा में स्नान कर रहे थे।

19 की उम्र में महिला क्रिकेटर ने की खुदकुशी

पुडुचेरी। भारतीय क्रिकेट जगत से बेहद दुखद खबर है। 19 वर्षीय उभरती महिला क्रिकेटर एंजल गंगवानी ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा टीम चयन में नाम न आने के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान चल रही थीं। गंगवानी पुडुचेरी में रहकर क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही थीं। यहां महिला टी20 टीम के लिए ट्रायल दिया था।

मुसलमानों के रोने का वक्त आ गया: मौलाना

कोलकाता। 4 मई को बंगाल चुनाव की मतगणना होगी। लोग बेसब्री से अपने-अपने कैंडिडेट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। टीएमसी कार्यकर्ता ममता सरकार बनने का दावा कर रही है। एक वीडियो में मौलाना जर्जिश अंसारी कह रहा मुसलमानों के लिए रोने का वक्त आ गया है। मौलाना ने कहा, बंगाल वालों तुम्हें मुबारक, तुम यही चाहते थे और यही तुम्हें मिल गया।

बंगाल में मतगणना के पहले ही पक्ष- विपक्ष में खिची तलवारें, आरोप- प्रत्यारोप का दौर जोरों पर

टीएमसी का आरोप- भाजपा के झंडे वाले वाहन घुसे, चार घंटे तक धरना भी दिया

उत्तर 24 परगना में वीवीपैट पर्चियां मिलने से हड़कंप

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के बाहर रविवार को हंगामा हुआ। टीएमसीके कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाले 2 वाहनों को उस परिसर में प्रवेश दिया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना उस समय हुई, जब इससे एक दिन पहले ममता ने सखावत बालिका विद्यालय में स्थित इस मतगणना केंद्र के बाहर 4 घंटे तक धरना दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अनधिकृति लोगों के प्रवेश का आरोप लगाया था। दोनों दलों के नेता और कार्यकर्ता राज्यभर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर नजर रखे हुए हैं, जहां उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद है। भारी जीत का भरोसा जताने के बावजूद ममता ने कई बार मतगणना में गड़बड़ी और ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका जताई है। उत्तर 24 परगना में वीवीपैट की पर्चियां मिलने से हड़कंप मच गया है। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर नजर रख रहे भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता

वाहनों को प्रवेश पर उठाए सवाल

रविवार सुबह टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी 2 गाड़ियां परिसर में घुसीं और स्ट्रांग रूम के पास तक पहुंच गईं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। फिर भी इन वाहनों को कैसे प्रवेश मिला? टीएमसी ने दावा किया कि पुलिस ने वाहनों को हटाने का भरोसा दिया। लेकिन वह कुछ समय तक वहां खड़े रहे। इससे पहले गुरुवार रात कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों पर भी हंगामा हुआ था। टीएमसी नेताओं ने स्ट्रांग रूम में पारदर्शिता की कमी और गड़बड़ी की आशंका जताई थी। हावड़ा और अन्य जगहों पर भी टीएमसी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सीसीटीवी बंद होने के आरोप लगाए।

अफसरों की 'ड्यूटी जानकारी' लीक, स्प्रेडशीट-सूचियां प्रसारित

सुवेंदु ने चुनाव आयोग से की कार्रवाई की मांग

बंगाल में मतगणना से पहले भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी अपनी ड्यूटी, स्थान और जिम्मेदारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी विभागीय संगठनों और संघों के साथ साझा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे सोमवार को होने वाली मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर असर पड़ सकता है और पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता खतरे में आ सकती है। अधिकारी ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मेरे संज्ञान में यह बात आई है कि मतगणना के दिन ड्यूटी के लिए तैनात कई अधिकारी कथित तौर पर अपनी ड्यूटी का विवरण, स्थान और पदनाम अपने-अपने विभागीय संगठनों और संघों को बता रहे हैं। मुझे यह जानकारी मिली है कि कुछ स्प्रेडशीट और सूचियां प्रसारित की जा रही हैं, जिनमें अधिकारी अपनी 'चुनाव ड्यूटी की जानकारी' स्वेच्छा से या किसी दबाव में भर रहे हैं। इसमें मतगणना प्रक्रिया के दौरान उनकी विशिष्ट भूमिकाओं का विवरण भी शामिल है।

भाजपा ने ईसी से की शिकायत

सुवेंदु ने पोस्ट के साथ कुछ वाट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संबंधी नियमों का एक गंभीर उल्लंघन है। मतगणना प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता, इसमें शामिल कर्मियों की तैनाती की गोपनीयता पर निर्भर करती है। इस गोपनीयता का कोई भी उल्लंघन परिणामों की निष्पक्षता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। जब किसी अधिकारी की तैनाती का विशिष्ट विवरण किसी राजनीतिक झुकाव वाले संगठन या संघ को पता चल जाता है, तो इससे अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव और दबाव की गुंजाइश बन जाती है। उन्होंने ईसी और बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सुवेंदु ने कहा, अधिकारियों को किसी भी संगठन के साथ अपनी मतगणना ड्यूटी साझा करने से रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं।

फाल्टा में दोबारा वोटिंग, भड़के अभिषेक

दिल्ली के किसी गॉडफादर को भेजो

अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बेनर्जी ने भाजपा को चुनौती दी है। सांसद ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, तुम्हारे बांग्ला विरोधी गुजराती गिरोह और उनके कठपुतली ज्ञानेश कुमार के लिए दस जन्म भी मेरे डायमंड हार्बर मॉडल में जरा सी भी सेंध नहीं लगा पाएंगे। अपनी पूरी ताकत लगा दो। मैं पूरे भारत संघ को चुनौती देता हूं, फाल्टा आओ। उन्होंने कहा, अपने सबसे मजबूत उम्मीदवार को भेजो, दिल्ली के किसी गॉडफादर को भेजो। अगर हिम्मत है तो फाल्टा से चुनाव लड़ो।

फाल्टा के भाजपा उम्मीदवार

4 मई के बाद जहांगीर को जेल में डालेंगे

बंगाल की फाल्टा विधानसभा सीट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के फाल्टा से उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने पुनर्मतदान का स्वागत किया है। बंगाल की फाल्टासीट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। पांडा ने चुनाव आयोग द्वारा फाल्टा सीट पर पुनर्मतदान कराने के फैसले का स्वागत किया है। पांडा ने कहा कि चुनाव आयोग का यह फैसला जरूरी था और इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। पांडा ने यह भी कहा कि 4 मई के बाद जहांगीर खान को जेल में डाला जाएगा।

तमिलनाडु चुनाव

नतीजों से पहले मतगणना केंद्रों पर 18,000 पुलिसकर्मी तैनात

चेन्नई। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के बाद सोमवार को होने वाली मतगणना की तैयारियों के बीच केंद्रों पर 18,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। प्राधिकरणों ने सभी 62 मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की है, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सुरक्षित रखी गई हैं और उन्हें सख्त निगरानी में खोला जाएगा।

चुनावी राज्यों में ड्राई डे घोषित

नई दिल्ली। सोमवार को मतगणना के दिन भी पूरे दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी, यानी उस दिन भी ड्राई डे रहेगा। यह प्रतिबंध पूरे राज्य में लागू होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश दिया है।

केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

बीमा क्षेत्र में 100 फीसद विदेशी निवेश की अधिसूचना जारी

एलआईसी में 20 फीसदी निर्धारित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बीमा क्षेत्र में सुधार करते हुए 100 फीसद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को स्वचालित मार्ग के तहत मंजूरी दे दी। वित्त मंत्रालय ने विदेशी विनिमय प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2026 में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की। अब बीमा कंपनियों और उनसे जुड़े मध्यस्थों, जैसे कि बीमा ब्रोकर सहित अन्य में अब 100 फीसद तक विदेशी निवेश स्वचालित मार्ग से किया जा सकेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मामले में विदेशी निवेश की सीमा 20 फीसद ही निर्धारित की गई है। इससे जुड़ा फैसला पिछले साल दिसंबर में संसद द्वारा पारित 'सबका बीमा, सबकी रक्षा' (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 के बाद लिया गया।

कर्नाटक की श्रृंगेरी विधानसभा सीट

कांग्रेस नेता की 3 साल बाद छिनी विधायकी, गणना में कटे 255 वोट

एजेंसी ▶▶ श्रृंगेरी

कर्नाटक की श्रृंगेरी विधानसभा सीट पर 2023 के चुनाव परिणामों को लेकर चल रहा विवाद एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती में कांग्रेस के मौजूदा विधायक टीडी राजेगौड़ा को बड़ा झटका लगा है। री-काउंटिंग के बाद उनके वैध वोटों की संख्या में भारी गिरावट आई है जिससे भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज अब 52 वोटों की बढ़त बना चुके हैं। चुनाव में कांग्रेस के राजेगौड़ा ने भाजपा के जीवराज को मात्र 201 वोटों के बेहद कम अंतर से हराया था। भाजपा उम्मीदवार ने वोटों की गिनती में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट के आदेश पर जब पोस्टल बैलेट की दोबारा गिनती हुई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कांग्रेस विधायक के 255 वोट अवैध पाए गए, जिससे उनका कुल आंकड़ा गिर गया। उनका आंकड़ा 569 से गिरकर 314 पर आ गया।

पुलिस से झड़प मामले में दर्ज हुई थी एफआईआर

सीएम मान समेत आप नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया चंडीगढ़ प्रशासन

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पुलिस से झड़प और डीसी के आदेशों का उल्लंघन करने के मामले में चंडीगढ़ प्रशासन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। 6 साल पहले भगवंत मान, हरपाल चीमा, अमन अरोड़ा समेत आम आदमी पार्टी के दर्जनों नेताओं के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस ने केस दर्ज किया था। पिछले साल इन नेताओं को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी।

आप के कई नेताओं के खिलाफ दर्ज था मामला

महिला कांस्टेबल की शिकायत पर कार्रवाई

यह मामला 10 जनवरी 2020 को सेक्टर-3 थाना में तैनात एक महिला कांस्टेबल की शिकायत पर दर्ज किया गया था। आम आदमी पार्टी के नेता बड़ी संख्या में तत्कालीन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप था कि प्रदर्शन के दौरान कुछ व्यक्तियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की।

पुणे में 4 साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न पर बोले पिता

कोई नेता हमारे घर न आए, आरोपी को दें मौत की सजा

मैं परिवार समेत निवेदन कर रहा- मेरी बेटी को न्याय मिले

एजेंसी ▶▶ पुणे

यहां 4 साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में पिता ने बेटी के लिए न्याय की मांग करते हुए नेताओं से अपील की है। पिता ने कहा है कि जब तक उनकी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता और आरोपी को मौत की सजा नहीं मिल जाती, तब तक कोई नेता उनके घर पर शोक व्यक्त करने न आए। मुझे रिश्तेदारों और दोस्तों से पता चला है कि कई राजनेता शोक व्यक्त करने के लिए हमारे घर आ रहे हैं।मैं अपने परिवार और अपनी ओर से एक निवेदन करना चाहता हूं कि जब तक मेरी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता और आरोपी को मौत की सजा नहीं मिल जाती, तब तक कोई भी राजनेता मिलने न आए।

ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया

घटना से पुणे के भोर क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी आलोचना की और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। इस मामले में पुलिस ने आपराधिक रिकॉर्ड रखने वाले 65 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को जाम कर दिया

लोगों ने शनिवार को मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को जाम कर दिया। 4 घंटे तक यातायात ठप रहा। बच्ची के परिवार के सदस्यों और प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम को 'नवाले ब्रिज' क्षेत्र में पीड़िता के शव को सड़क पर रख दिया और शख्स को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की।

मौत की सजा की मांग करेगी सरकार: फड़नवीस

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाएगी। देवेंद्र ने कहा कि उन्होंने बच्ची के परिवार से बात की और उन्हें पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।

जयराम ने कहा

ग्रेट निकोबार पर राहुल के सवालों से डरी केंद्र सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस का दावा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 28 अप्रैल 2026 के दौरे से सरकार घबरा गई है और डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। पार्टी ने पर्यावरण, आदिवासी अधिकारों और पारदर्शिता के मुद्दे उठाते हुए इस पूरी परियोजना पर संसद में विस्तार से चर्चा कराने की मांग की है।

केंद्र सरकार अपनी कमियां छिपा रही

ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने इस प्रोजेक्ट के बहाने केंद्र की मोदी सरकार पर बहुत तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का सीधा आरोप है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया ग्रेट निकोबार दौरे के बाद से सरकार पूरी तरह से घबरा गई है। पार्टी का कहना है कि सरकार अब अपनी कमियां छिपाने और डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है।

गैलेक्सी आई का 'मिशन दृष्टि' सफलतापूर्वक लॉन्च, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

भारत के लिए गेमचेंजर होगी नई 'दृष्टि', अंतरिक्ष की ये नई उड़ान बढ़ाएगी चीन और पाकिस्तान का टेंशन

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसकी मदद से प्रतिकूल मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट के माध्यम से गैलेक्सी आई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, गैलेक्सी आई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सी आई के संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

अब हर मौसम में पृथ्वी की निगरानी की क्षमता बढ़ जाएगी

भविष्य में सैटेलाइट्स का पूरा कॉन्स्टेलेशन तैयार हो जाएगा

भारत को साल के 365 दिन निरंतर कवरेज प्राप्त होगी

रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टी स्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजर लगा हुआ है। दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) को संयोजित करने वाली तकनीक है।

बेहद महत्वपूर्ण है यह उपलब्धि

इस उपलब्धि का महत्व इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पहले भारत के पास ऐसी सर्विलांस क्षमता का अभाव था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के एयरबेस पर भारतीय वायुसेना की कार्रवाई के प्रमाण के तौर पर भारत को अमेरिका की कमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी पर निर्भर रहना पड़ा था। रक्षा सूत्रों के अनुसार, उस समय देश के पास अपने स्तर पर हर मौसम और हर समय निगरानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। यही वजह है कि मिशन दृष्टि को रणनीतिक नजरिए से बेहद अहम माना जा रहा है। एक सैन्य कमांडर ने के कहना है कि अब हम कुछ ऐसे अंतर को भर पाने में सक्षम होंगे जो हमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान थे।



सेटेलाइट का दृश्य

खबर संक्षेप

अमेरिका ने निक को सलाहकार बनाया

वॉशिंगटन। अमरीका ने निक स्टीवर्ट को ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए काम कर रही राजनयिक टीम में सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की टीम में शामिल शस्टीवर्ट एक अनुभवी नीति विशेषज्ञ हैं। उन्होंने पहले ट्रंप प्रशासन के दौरान विदेश विभाग में ईरान से संबंधित मुद्दों पर काम किया है। अमरीका के अधिकारियों के अनुसार जेरेड कुशनर ने निक स्टीवर्ट को ईरान के साथ वार्ता दल में शामिल करने में मदद की। इससे पहले, श्री स्टीवर्ट फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज से जुड़े थे।

ब्रिटेन ने उड़ानों के ईंधन से जुड़ी योजना तैयार की

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने रविवार को उड़ानों के संबंध में आकस्मिक उपायों की घोषणा की जिनके तहत विमानन कंपनियों को एक ही दिन में एक ही जगह जाने वाली कई उड़ानों को समायोजित करके उनकी संख्या कम करने के लिए कहा गया है। ब्रिटेन के परिवहन विभाग ने अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरुमध्य की नाकेबंदी के कारण हुई विमान ईंधन की कमी के चलते कुछ अस्थायी योजनाएं पेश की हैं। सरकार ने कहा कि अभी विमानन कंपनियों के सामने ईंधन की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर संघर्ष के कारण आगे परेशानी बढ़ती है।

साइबर धोखाधड़ी में 130 विदेशी गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका में पिछले दो दिनों में कथित साइबर अपराध को लेकर 130 से अधिक विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने श्रीलंका में सक्रिय सीमापार ऑनलाइन धोखाधड़ी नेटवर्क पर व्यापक कार्रवाई के तहत ये गिरफ्तारियां की हैं। उसने यहां उपनगरीय क्षेत्र थलंगामा में शनिवार को 37 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया। रविवार को एक अन्य छापेमारी में यहां उपनगरीय क्षेत्र राजगिरिया में 100 से अधिक लोग गिरफ्तार किये गये थे।

नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ

यूएस की नाक के नीचे से ईरान ने निकाला खुद का टैंकर, होर्मुज से 2 हजार करोड़ का तेल किया पार

एजेंसी ▶▶ तेहरान

समंदर में अमेरिका और ईरान के बीच एक बड़ी लुकाछिपी का खेल चल रहा है। एक ताजा रिपोर्ट ने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। मॉनिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है। इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

यह इस बात का संकेत है कि समंदर में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है।

इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समंदर में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है।

यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है। इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है।

इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है

ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है

खाली हुए लेबनान के गांव

इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान के कई गांवों और कस्बों के निवासियों को अपने घर तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। यह आदेश ऐसे समय में जारी किया गया है, जब हिजबुल्ला और इजराइल के बीच संघर्ष रोकने के लिए युद्धविराम लागू है। इजराइली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाय अद्रई ने सोशल मीडिया पर कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए तुरंत घर छोड़कर कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों में जाना चाहिए। यह चेतावनी 10 से अधिक गांवों और कस्बों पर लागू होती है, जिनमें नबातियेह जिले के वे इलाके भी शामिल हैं जो लितानी नदी के उत्तर में हैं, जबकि इजरायली सेना की तैनाती नदी के दक्षिण में है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में इजरायल ने हवाई हमले किए, जिनमें कुछ ऐसे क्षेत्र भी शामिल हैं जिन्हें खाली करने का आदेश नहीं दिया गया था। 17 अप्रैल से अमेरिका की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम लागू है, जिसका उद्देश्य हिजबुल्ला और इजरायल के बीच हिंसा रोकना था। इसके बावजूद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और लगातार हमलों की खबरें सामने आ रही हैं।

जहाज ने छिपाई अपनी लोकेशन

- रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था।
- फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है।
- फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाकेबंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था।
- इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था।
- इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था।

नाकेबंदी पर अमेरिका और ईरान के दावे

ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ईरान को अब तक कितना नुकसान

शनिवार को कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपए (45,600 करोड़ रुपए) के तेल राजस्व का है।

चीन-अमेरिका के बीच कूटनीतिक तनाव

अमेरिकी प्रतिबंधों को चीन ने ठुकराया कहा-हम नहीं मानते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और अमेरिका के बीच व्यापारिक और कूटनीतिक तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने ईरान से तेल खरीदने के आरोपी अपने पांच टीपॉट रिफाइनरियों पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों को अवैध बताते हुए उनके खिलाफ निषेधाज्ञा जारी किया है। चीनी सरकार का कहना है कि वह इन एक तरफा प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देगी और इन्हें राष्ट्रीय संप्रभुता व सुरक्षा के खिलाफ बताया है।

दरअसल, यह कदम विशेष रूप से हेंगली पेट्रोकेमिकल और चार अन्य स्वतंत्र टीपॉट रिफाइनरियों को अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से बाहर किए जाने के जवाब में उठाया गया है। चीन का कहना है कि ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन करती हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि उसने एक निषेध आदेश जारी किया है, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि प्रतिबंधों को मान्यता नहीं दी जाएगी, लागू नहीं किया जाएगा या उनका पालन नहीं किया जाएगा। चीन ने इस आदेश को राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया है।

एकतरफा प्रतिबंधों का विरोध जताया

चीनी मंत्रालय ने आगे कहा, चीनी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी और अंतरराष्ट्रीय कानून में आधार के बिना एकतरफा प्रतिबंधों का लगातार विरोध किया है। इसमें कहा गया है कि इस आदेश ने हेंगली पेट्रोकेमिकल (डालियान) रिफाइनरी और चार अन्य तथाकथित टीपॉट रिफाइनरियों- शेडोंग जिनचेंग पेट्रोकेमिकल ग्रुप, हेबेई शिन्हाई केमिकल ग्रुप, शौगुआंग लुकिंग पेट्रोकेमिकल और शेडोंग शेंगक्सिंग केमिकल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों को रोक दिया है।

जुटाया था राजस्व

24 अप्रैल को अमेरिकी वित्त विभाग ने प्रदिबंधों की घोषणा करते हुए हेंगली को ईरान के सबसे मूल्यवान ग्राहकों में से एक बताया और कहा कि इसने कच्चे तेल की खरीद के माध्यम से ईरानी सेना के लिए सैकड़ों मिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न किया था।

दोसांझ के कॉन्सर्ट में खालिस्तानी झंडा लहराए

दिलजीत ने प्रदर्शनकारियों को रोका कहा- हंगामा बंद करें और चले जाएं

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा के कैलगरी में आयोजित एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने खालिस्तान समर्थकों को कड़ी फटकार लगाई है।

कार्यक्रम के दौरान जब कुछ लोग भारत में प्रतिबंधित आतंकी समूहों के झंडे लहराकर हंगामा करने लगे, तो दिलजीत ने मंच से ही उन्हें टोक दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को स्पष्ट शब्दों में हंगामा बंद करने और वहां से चले जाने की हिदायत दी। यह पहली बार नहीं है जब दिलजीत के कार्यक्रमों में खालिस्तानी तत्वों ने बाधा डालने की कोशिश की हो, लेकिन गायक ने इस बार कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें मंच से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा ने अपनी हालिया रिपोर्ट में देश के भीतर खालिस्तानी चरमपंथ के बढ़ते खतरे को स्वीकार किया है।

ट्रंप ने जर्मनी पर किया डबल अटैक

अमेरिकी सैनिक बुलाए गए वापस कारों पर 25% टैरिफ भी लगाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जर्मनी के खिलाफ एक साथ दो मोर्चों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पूरी दुनिया को चौंका दिया है।

ट्रंप ने न केवल जर्मनी से अमेरिकी सैनिकों की वापसी का दायरा बढ़ाने का संकेत दिया है, बल्कि यूरोपीय संघ से आने वाले वाहनों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा भी कर दी है। ट्रंप का यह डबल अटैक अटलांटिक पार के रिश्तों में बढ़ती तल्खी को साफ दर्शाता है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि जर्मनी में तैनात अमेरिकी सैनिकों की संख्या में होने वाली कटौती केवल 5 हजार तक सीमित नहीं रहेगी। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने दो-टूक कहा कि पेंटागन द्वारा बताए गए 5 हजार का आंकड़ा बहुत छोटा है और आने वाले समय में इससे कहीं ज्यादा सैनिकों की 'छुट्टी' की जाएगी। ट्रंप की इस नाराजगी की मुख्य वजह व्यापारिक समझौतों का सही से पालन न होना है।

रील बनाने के चक्कर में बड़ा हादसा

वायुसेना ने किया दो बच्चों का रेस्क्यू

सिद्धार्थ नगर। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर में रील बनाने के जुनून ने एक मासूम की जान ले ली। शनिवार को पांच बच्चे एक पुरानी पानी की टंकी पर चढ़ गए थे, लेकिन उतरते समय सीढ़ी ढहने से तीन बच्चे 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। इनमें से सिद्धार्थ नामक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। टंकी के ऊपर फंसे बाकी दो बच्चों को बचाने के लिए रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन चला। जलभराव के कारण जब स्थानीय प्रशासन विफल रहा, तो मुख्यमंत्री कार्यालय के समन्वय से इंडियन एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर को बुलाया गया। रविवार तड़के वायुसेना ने दोनों बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा। परिजनों में मातम पसरा है।

धमकाया कहा- ये मुंबई में भी हो सकता है

कपिल शर्मा के कैप्स कैफे के पास फायरिंग, बिश्नोई ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बार फिर से कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा वाले रेस्टोरेंट कैप्स कैफे के पास गोलीबारी की गई। यह फायरिंग उनके कैफे के पास स्थित रेस्टोरेंट पर की गई। बिश्नोई गैंग के एक कथित सदस्य ने सोशल मीडिया के जरिए कपिल शर्मा को धमकाया भी है।

इस फायरिंग की घटना के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई। जिसे टायसन बिश्नोई जोरा सिद्धू नाम के व्यक्ति ने साझा किया है। यह बिश्नोई गैंग का कथित सदस्य बताया जाता है। इसमें वह लिखता है, चाय सुट्टा बार कैफे पर गोली चली है। यह कैप्स कैफे के पड़ोस में है। हमारा इसको और कपिल शर्मा को मैसेज है कि लाइन पर आ जाओ।

आगे पोस्ट में कपिल शर्मा को चेतावनी देते हुए कहा गया, चाय सुट्टा बार की जगह पर तेरा कैप्स कैफे और मुंबई वाला घर होगा। अबकी बार हम किसी की सिफारिश पर नहीं रुकेंगे। कपिल शर्मा के कैफे पर पहले तीन बार फायरिंग हो चुकी है। सबसे पहले हुई फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी।

पहले भी हो चुकी है फायरिंग

यह गिरोह बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां देने के लिए चर्चा है। तीसरी बार भी इस गैंग के मेंबर्स ने कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की थी। पहली बार फायरिंग पिछले साल जुलाई में और दूसरी बार फायरिंग अगस्त महीने में हुई थी। तीसरी फायरिंग की घटना पिछले साल दिवाली से पहले की गई थी।

नेपाल में खलबली, खुलेंगी पुरानी फाइलें!, आयोग करेगा संभी संपत्तियों की जांच

45 दिन के भीतर जांच प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

पूर्व जजों, मंत्रियों और सेना प्रमुखों समेत 10,000 संपत्तियां आईं जांच के दायरे में

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में इस हफ्ते हुए एक घटनाक्रम ने हलचल मचा दी है। नेपाल में नए बने उच्च-स्तरीय संपत्ति जांच आयोग को 10,000 लोगों की प्रोपर्टी की जांच करने के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं। इससे पहली बार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख जांच के दायरे में आए हैं। नेपाल के पूर्व चीफ जस्टिस और सेना प्रमुख की संपत्ति में बढ़ोत्तरी की जांच ये आयोग कर सकता है, जिससे शीर्ष स्तर पर फिक्र देखी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को प्रकाशित नेपाल राजपत्र (गैजेट) की एक सूचना में आयोग के अधिकार क्षेत्र की रूपरेखा दी गई है।इससे पता चलता है कि आयोग का दायरा काफी विस्तृत है। इसमें सरकारी कर्मचारी, राजनीतिक रूप से नियुक्त अधिकारी, प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद, स्थानीय सरकार के प्रमुख, उनके उप-प्रमुख जांच के दायरे में हैं।



सेना प्रमुखों से होगी शुरुआत

काठमांडू में आयोग के एक अधिकारी ने बताया है कि 10,000 से अधिक लोग इस जांच के दायरे में आएंगे। हालांकि अभी इसकी सटीक संख्या बताना संभव नहीं है। जांच आयोग अधिनियम, 1969 के तहत 15 अप्रैल को गठित इस संस्था को पूर्व अधिकारियों की संपत्ति की जांच करने का दायित्व सौंपा गया है। आयोग को अपने पहले चरण में सेना प्रमुखों और जनरलों के साथ-साथ 2006 के बाद सेवा देने वाले जजों की संपत्ति पर ध्यान केंद्रित करेगा।

सेवारत अधिकारी फिलहाल इससे दूर

सेवारत अधिकारी फिलहाल आयोग की सीधी जांच के दायरे में नहीं हैं। उनके खिलाफ मिलने वाली किसी शिकायत को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। आयोग को पूर्व अधिकारियों की संपत्ति की जांच करने का दायित्व सौंपा गया है। इनमें वे अधिकारी भी शामिल हैं।

एक साल में जांच पूरी हो जाएगी

कमीशन को काम शुरू करने की तारीख से एक साल का कार्यकाल मिला है। जांच पूरी करने के बाद कमीशन सरकार को सिफारिशों के साथ रिपोर्ट सौंपेगा। इस पर सरकार को 45 दिनों के भीतर जरूरी कार्रवाई शुरू करनी होगी। अपना काम पूरा करने के बाद कमीशन मुख्य सचिव के जरिए अंतिम रिपोर्ट सौंपेगा। सरकार के पास किसी भी समय कमीशन को भंग करने का अधिकार सुरक्षित है। ऐसे मामलों में या फिर कार्यकाल पूरा होने पर कमीशन को सभी रिकॉर्ड 'अधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए' को सौंपने होंगे।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	8	6	1	13
बेंगलुरु	9	6	3	12
हैदराबाद	10	6	4	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	9	5	4	10
चेन्नई	9	4	5	8
दिल्ली	9	4	5	8
कोलकाता	8	2	5	5
मुंबई	9	2	7	4
लखनऊ	8	2	6	4

ऑरेंज कैप

लोकेश राहुल
433 रन
दिल्ली

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में हार्दिक और सूर्यकुमार पर होगी निगाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं।

■ मुंबई इंडियंस को आज लखनऊ को हराना होगा

मुंबई को क्वालीफाई करने सभी मैच जीतने होंगे

पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। मुंबई को अगर मगर से क्वालीफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीम के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी।

हार्दिक की कप्तानी सवालों के घेरे में

मुंबई के खराब प्रदर्शन से हार्दिक की कप्तानी भी सवालों के घेरे में आ गई है। रणनीति के मामले में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुंबई के बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि हार्दिक का बल्ले और गेंद दोनों से साधारण प्रदर्शन रहा है। गेंदबाजी में हार्दिक का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है।

बल्लेबाजों की कमजोरी राह में रोड़ा बन रही

एलएसजी ने पहले मैच में हार के साथ शुरुआत करने के बाद लगातार दो जीत से वापसी की। हालांकि जब उनकी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था तब वह ऐसा नहीं कर पाई। उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है लेकिन बल्लेबाजों की कमजोरी उसकी राह में रोड़ा बन रही है।

सूर्यकुमार बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम

सूर्यकुमार अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं, जो वास्तव में चिंता का विषय है क्योंकि अब वह पहले की तरह गेंदबाजों पर हावी नहीं हो पा रहे हैं। भारत की टी20 टीम के कप्तान ने 2025 में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने 2026 की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया। वह न तो पूरी तरह से फॉर्म से बाहर नजर आ रहे हैं और ना ही वह क्रीज पर लंबा समय बिता पाए हैं।

दोनों टीमों के बल्लेबाज विफलता से जूझ रहे

मुंबई इंडियंस और एलएसजी का इस सत्र में प्रदर्शन एक जैसा रहा है। यह दोनों ही टीमें बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता से जूझ रही हैं, जिसने अंतिम चार में पहुंचने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक धूमिल कर दिया है। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी टीम लगातार पांच मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है।

खबर संक्षेप

मार्टा ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता



मैड्रिड। यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक मैच जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर गिर पड़ीं और अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। बाद में उन्होंने दर्शकों की तालियों के बीच कलाबाजी भरी बैकफ्लिप की। वहीं एंड्रीवा कोर्ट के किनारे अपनी सीट पर बैठ गईं और तौलिए से अपना चेहरा छिपाकर रोने लगीं। यह कोस्त्युक का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है।

दीक्षा डागर मॉरिशस में खिताब की दौड़ में

पोर्ट लुईस (मॉरिशस)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर बोगी मुक्त तीन अंडर 69 के शानदार कार्ड से लेडीज यूरोपीय टूर पर यहां एमसीबी लेडीज क्लासिक - मॉरिशस में खिताब की दौड़ में शामिल हो गईं। एलईटी पर दो बार की विजेता दीक्षा ने पहले दौर में 68 का स्कोर किया और दूसरे दौर के बाद वह सात अंडर पर पहुंच गई हैं जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। वहीं चार भारतीय खिलाड़ियों में से तीन ने कट हासिल किया। दीक्षा के साथ हिताशी बख्शी (71-69) और त्वेसा मलिक (70-71) भी कट हासिल कर अंतिम दौर के लिए शामिल हुईं। हिताशी संयुक्त रूप से 19वें और त्वेसा संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर हैं। वाणी कपूर (78-77) कट हासिल करने से चूक गईं।

शिमकेंट में उपविजेता रहे मानस धामने

नई दिल्ली। युवा खिलाड़ी मानस धामने अपने पहले एटीपी चैलेंजर एकल फाइनल में खिताब जीतने से चूक गए और उन्हें रविवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में कड़े मुकाबले में बेल्जियम के बुवैसर गदामौरी से हार का सामना करना पड़ा। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने मुकाबले में 6-7(8), 4-6 से हारने से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी के सामने कड़ी चुनौती पेश की। धामने ने पहले सेट में अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को टाई-ब्रेक तक खींच लिया और यहां तक कि सेट प्वाइंट भी हासिल किया लेकिन गदामौरी 10-8 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी दूसरे सेट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया और बेल्जियम के खिलाड़ी ने निर्णायक बढ़त हासिल करके खिताब अपने नाम कर लिया।

तालिका में शीर्ष पर काबिज किंग्स को चार विकेट से शिकस्त

तेज गेंदबाजों का कमाल, सुदर्शन के अर्धशतक से टाइटंस ने पंजाब किंग्स को चटाई धूल

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

जेसन होल्डर (चार ओवर में 24 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन (57) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 40) की शानदार बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के एक मैच में रविवार को यहां तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स को चार विकेट से शिकस्त दी। पंजाब किंग्स के लिए सूर्यांश शेडगे ने 57 रनों की उत्कृष्ट पारी खेली, लेकिन होल्डर के साथ कागिसो रबाडा (22 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (28 रन पर दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाकर प्लेऑफ की अपनी दावेदारी मजबूत की।

■ सुदर्शन और सुंदर ने की शानदार बल्लेबाजी

पंजाब 13 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम

टाइटंस ने इसके साथ ही इस सत्र में पंजाब किंग्स से 31 मार्च को मिली तीन विकेट की शिकस्त का बदला भी चुकता कर लिया। इस हार के बावजूद पंजाब किंग्स नौ मैचों में 13 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है, वहीं टाइटंस 10 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

सुंदर ने छक्का लगाकर गुजरात को दिलाई जीत

वहीं, अर्शदीप ने 19वें ओवर में जेसन होल्डर (पांच) को आउट कर मैच में रोमांच बना दिया। टाइटंस को आखिरी ओवर में 11 रन की जरूरत थी और गेंद स्टोइनिस के हाथ में थी। अरशद खान (नाबाद आठ) ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया, जबकि सुंदर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी।

सिंधू के साथ सुदर्शन ने जीत की नींव रखी

मौजूदा सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ने वाले सुदर्शन ने जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 53 रन की साझेदारी करने के बाद निशांत सिंधू (15) के साथ 20 गेंदों में 25 और सुंदर के साथ चौथे विकेट के लिए 20 गेंदों में 30 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। सुदर्शन ने 41 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा, जबकि सुंदर ने 23 गेंदों की नाबाद पारी में इतने ही चौके और एक छक्का लगाया।

पंजाब ने 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे

पंजाब किंग्स के लिए अर्शदीप सिंह और विजयकुमार वैशाख ने दो-दो, जबकि मार्को यानसन और स्टोइनिस ने एक-एक विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 8.4 ओवर में 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे।

बटलर ने छक्कों के साथ हाथ खोला

गिल ने अर्शदीप की गेंद को मिडविकेट बाउंड्री की तरफ भेजा, लेकिन अगली गेंद को हवा में खेल बैठे और कूपर कोनोली ने आसानी से कैच लपक लिया। बटलर ने यानसन और बार्टलेट पर छक्कों के साथ हाथ खोला, जबकि सुदर्शन ने छठे ओवर में यानसन के खिलाफ एक और छक्का जड़कर पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 58 रन कर दिया।

किंग्स की और से शेडगे ने खेली आक्रामक पारी

इससे पहले घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए कई बार तेज पारी खेल सुर्खियां बटोर चुके दाएं हाथ के बल्लेबाज शेडगे ने बिना जल्दबाजी के खेलते हुए गुजरात के गेंदबाजों की अनुशासित लाइन-लेंथ का सम्मान किया, लेकिन मौके मिलने पर आक्रामकता भी दिखाई। उन्होंने पारी के 14वें ओवर में मानव सुतार के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके जड़ते हुए 27 रन बटोरे और सिर्फ 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया, केकेआर ने लगातार यह तीसरी जीत दर्ज की

कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद की जीत का सिलसिला तोड़ा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों चक्रवर्ती (36 रन देकर तीन विकेट) और सुनील नारायण (30 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (59 रन) के अर्धशतक की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फॉर्म में लौटे चक्रवर्ती और नारायण की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केकेआर ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 19 ओवर में महज 165 रन पर समेट दिया। इसके बाद रघुवंशी (47 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (43 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवर में 84 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम ने लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। फिन एलेन ने 13 गेंद में 29 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 11 गेंद में नाबाद 22 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार पांच जीत की लय तोड़ने में मदद की। सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर, जबकि केकेआर सात अंक लेकर आठवें स्थान पर बरकरार है।

■ कोलकाता के स्पिनर्स व रघुवंशी ने किया शानदार प्रदर्शन

हेड ने नारायण को भी नहीं बख्शा

वैभव अरोड़ा के दूसरे ओवर में हेड ने चार चौके जड़े। हेड ने नारायण को भी नहीं बख्शा; उन्होंने तीसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। पारी के पांचवें ओवर में उन्होंने हमवतन कैमरन ग्रीन को भी तीन चौके जड़कर परेशान किया। लेकिन नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर चक्रवर्ती की गेंद पर हेड के आउट होते ही सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी पूरी तरह ढह गई।

पूनावाला के साथ मिलकर 15,600 करोड़ से अधिक की हिस्सेदार की हासिल

मित्तल परिवार ने राजस्थान रॉयल्स में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ 1.65 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपये) की बोली लगाकर राजस्थान रॉयल्स में सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उन्होंने कल सोमानी-रॉब वाल्टन-शीला फोर्ड हैम्प के समूह के दौड़ से हटने के बाद यह सौदा किया। इस सौदे में दी गई राशि राजस्थान की पुरुष फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स के उद्यम मूल्य को दर्शाती है। यह सौदा बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल संचालन परिषद और अन्य लागू नियामक प्राधिकरणों के अनुमोदन सहित अन्य शर्तों के अधीन है।

इससे पहले सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन कई मुद्दों के कारण यह उचित जांच प्रक्रिया में खरा नहीं उतर पाया। मित्तल परिवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''लक्ष्मी एन मित्तल और आदित्य मित्तल ने आज घोषणा की है कि अदार पूनावाला के साथ मिलकर मनोज बदाले और उनके समूह से राजस्थान रॉयल्स का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर सहमति बन गई है।

मुझे क्रिकेट से प्यार है: मित्तल

राजस्थान रॉयल्स आईपीएल टीम के अलावा दक्षिण अफ्रीका में पार्ल रॉयल्स और वेस्टइंडीज में बारबाडोस रॉयल्स का भी मालिक है। उत्तरी राजस्थान के सादुलपुर में जन्में लक्ष्मी एन मित्तल ने कहा, ''मुझे क्रिकेट से प्यार है और मेरा परिवार राजस्थान से है, इसलिए आईपीएल में मैं किसी अन्य टीम का हिस्सा बनने के बजाय राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगा।''

जब चीजें आपके अनुकूल नहीं होतीं : जयवर्धने

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपने करियर के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां उनके लिए कुछ भी अनुकूल नहीं है और उनके पास कड़ी मेहनत करते रहने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। सूर्यकुमार टी20 विश्व कप में कप्तान रहते हुए खिताब जीतने के बावजूद खराब दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक नौ पारियों में कुल 183 रन बनाए हैं, जिसमें दिल्ली के खिलाफ लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। कोच ने इसके बाद अच्छी शुरुआत की लेकिन वह उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। उन्हें शरीर का निशाना बनाकर की गई गेंदों पर संघर्ष करना पड़ रहा है। जयवर्धने ने सूर्यकुमार के खराब प्रदर्शन के बारे में कहा, ''अगर वह (सूर्या) कुछ अच्छे स्कोर बना लेता है तो मुझे लगता है कि उसे लय मिल जाएगी। मुझे लगता है कि कभी-कभी जब चीजें आपके हिसाब से नहीं चलतीं, तो सब कुछ ठीक नहीं होता है।'' श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा, ''मुझे लगता है कि उसने (रामकृष्ण घोष की गेंद पर आउट होना) काफी अच्छा शॉट खेला था जो सीधे फील्डर के पास चला गया। मेरा मतलब है कि मैंने इतनी क्रिकेट खेली है कि मैं इसे समझ सकता हूं।''

■ कोच ने खराब फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार का समर्थन किया

सूर्या के अधिकतर शॉट बाउंड्री पर कैच कर लिए गए

कोच ने कहा, ''वह निश्चित रूप से इसके लिए तैयार है। वह अच्छी स्थिति में है। बस इतनी सी बात है कि इस सत्र में जितनी बार वह बाउंड्री पर कैच आउट हुआ है, पहले ऐसा नहीं हुआ था।'' कोच ने कहा, ''मुझे लगता है कि वह खुद भी निराश है, लेकिन उसे और कड़ी मेहनत करनी होगी।''

ओसासुना को हरा बार्सिलोना ला लिगा खिताब के करीब

एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा। मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई जबकि टोरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया।

डब्ल्यूएफआई ने आयोजन स्थल बदलने से किया इंकार

विनेश को पक्षपात की आशंका, पर महासंघ ने दी सुरक्षा की गारंटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को कहा कि गोंडा राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट का स्थल नहीं बदला जाएगा और उन्होंने विनेश फोगाट की सुरक्षा की 'व्यक्तिगत गारंटी' दी। विनेश ने चेतावनी दी कि कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कुछ भी अप्रिय घटना होने पर भारत सरकार जिम्मेदार होगी। संजय सिंह ने बताया, ''अगर विनेश को अपनी सुरक्षा की चिंता है तो मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं इसकी व्यक्तिगत गारंटी ले रहा हूं।

■ गोंडा में होने जा रहा राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट

विनेश 18 महीनों बाद करेगी वापसी

उन्होंने प्रतियोगिता में फैसलों'' की आशंका भी जताई। विनेश ने 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता के परिणामों पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख के करीबी लोग प्रभाव डाल सकते हैं।

टूर्नामेंट ओपन है अनिवार्य नहीं : संजय सिंह

अध्यक्ष ने कहा, ''मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह एक ओपन टूर्नामेंट है, जो अनिवार्य नहीं है। इसमें प्रतिस्पर्धा करने का उनका अपना विकल्प है। हम आयोजन स्थल नहीं बदलेंगे। राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 12 मई तक आयोजित होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत पुरुषों के फ्रीस्टाइल ट्रायल से होगी, जिसके बाद ग्रीको-रोमन (11 मई) और महिलाओं की स्पर्धा (12 मई) होगी।

किसी भी अप्रिय घटना के लिए सरकार होगी जिम्मेदार: विनेश

विनेश 57 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेंगी। विनेश ने कहा, अगर मेरे, मेरी टीम या समर्थकों के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान मीडिया और खेल समुदाय से आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया।

नौनिहालों में संस्कार देने 15 दिवसीय विद्यार्थी संस्कार शिविर आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नौनिहालों में भारतीय संस्कृति एवं श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के बीजारोपण हेतु मंदाकिनी कॉलोनी, कोलार रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में 15 दिवसीय विद्यार्थी संस्कार शिविर चलाया जा रहा है। यह शिविर 16 मई तक प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 10:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ प्रज्ञा परिजन केपी सेन ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कार व्यक्ति के जीवन को विकसित करने और उसे उत्तम बनाने का आधार हैं। इनके माध्यम से अच्छे गुण, मानवीय मूल्य एवं ज्ञान का विकास होता है, जिससे व्यक्ति एक श्रेष्ठ मानव बनता है।

विद्यार्थी संस्कार शिविर में प्रस्तुति देती छात्रा।

विद्यार्थी संस्कार शिविर में प्रार्थना, मंत्रोच्चार करते छात्र-छात्राएं।

15 दिनों में नजर आता है सकारात्मक परिणाम

उन्होंने अभिभावकों से विश्वास दिलाया कि 15 दिनों में बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। प्रथम दिवस शिविर में प्रज्ञा पाक्षिक मीडिया प्रभारी देवेन्द्र श्रीवास्तव ने "पॉजिटिविटी इन, नेगेटिविटी आउट" सूत्र वाक्य के अंतर्गत प्रार्थना, मंत्रजाप, प्राणायाम, अभिव्यक्ति एवं प्रश्नोत्तरी का अभ्यास कराया। साथ ही बच्चों को प्रतिदिन प्रातः उठकर माता-पिता के चरण स्पर्श करने का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय की प्राचार्या चेतना ने गायत्री परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देश की भावी पीढ़ी को संस्कारित करने हेतु इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

विद्यार्थियों ने किया ताड़ासन, गणेश मुद्रा

शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को योगाभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, गणेश मुद्रा एवं योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया। साथ ही अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि वे बच्चों को दैनिक संस्कारों की स्मृति दिलाते रहें।

बच्चों को सिखाएं श्लोक एवं दिनचर्या

- प्रातःकाल उठकर माता-पिता एवं बड़ों के चरण स्पर्श करना
- "कराग्रे वसते लक्ष्मी..." मंत्र के साथ हथेली दर्शन
- आत्मचिंतन एवं दिनभर के श्रेष्ठ कार्यों का संकल्प
- पृथ्वी माता को प्रणाम कर दिन की शुरुआत
- प्रातःकाल तांबे के पात्र का जल (ऊषापान) ग्रहण करना
- जल सदैव बैठकर पीना
- शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया आदि।

स्वच्छता सर्वेक्षण में लोगों से फीडबैक देने और दूसरों को भी प्रेरित करने का किया आव्हान

शहर में स्वच्छता संवाद शुरू लोगों के बीच पहुंचीं महापौर

कहा- देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने सकारात्मक सिटीजन फीडबैक जरूर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर में स्वच्छता को लेकर चल रही गतिविधियां तेज हो गई हैं। रविवार को महापौर मालती राय न्यू मार्केट स्थित एक रेस्टोरेंट में शहर के अधिवक्ताओं व अन्य लोगों के साथ स्वच्छता संवाद करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने, सकारात्मक फीडबैक देने व इसके लिए दूसरों को प्रेरित करने का आव्हान किया।

उन्होंने शहर के अधिवक्ताओं व आम लोगों से स्वच्छता संवाद के दौरान कहा कि अपना शहर भोपाल देश दुनिया के सुंदर शहरों में शामिल है। हमें अपने शहर को सुंदर शहर के साथ ही देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है और स्वच्छता में नंबर-1 बनाने के लिए शहर के लोगों का और अधिक सक्रिय सहयोग चाहिए। श्रीमती राय ने कहा कि आप सब शहर के जागरूक नागरिक है और हमेशा ही सहयोग हमें मिला है। इस बार के सर्वे में भी आप सब स्वच्छता की गतिविधियों में और अधिक सक्रियता से सहयोग करें और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सकारात्मक सिटीजन फीडबेक भी जरूर दें।

स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का आव्हान करतीं महापौर।

क्यूआर कोड और लिंक उपलब्ध कराई

महापौर ने मौजूद लोगों को सिटीजन फीडबेक के लिए निर्धारित क्यूआर कोड एवं लिंक उपलब्ध कराते हुए फीडबेक देने का आव्हान किया। जिस पर मौजूद सभी लोगों ने अपने-अपने मोबाइल फोन से सिटीजन फीडबेक दर्ज कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अलावा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, कई संस्थाओं के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।

जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

अचारपुरा में अनोखी परंपराः ज्येष्ठ की दूज पर निकाली जगन्नाथ रथ यात्रा, रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के नजदीक स्थित अचारपुरा में जेष्ठ मास की दूज पर रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। मीणा समाज मेला ट्रस्ट कमेटी ने इसका आयोजन किया। इससे पहले वैशाख मास में रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला के समापन पर 31 फीट के रावण का भी दहन किया गया। लगभग 76 साल पहले यह परंपरा प्रारंभ हुई थी, जिसे अब भी निभाया जा रहा है।

रास्ते में ग्रामीणों ने की फूलों की वर्षा

गांव के जगन्नाथ मंदिर से रथ रवाना हुआ, जिसमें भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ विराजमान हुए। रथ गांव के प्रमुख रास्तों से होता हुए वापस मंदिर पहुंचा। रास्ते में ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर भगवान की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। इससे पहले राम-रावण संग्राम का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों ने युद्ध किया और फिर रावण का दहन किया।

समर सीजन में एक तरफ ट्रेनों भीड़, ट्रेनों के निरस्त व मार्ग बदले

रिमॉडलिंग कार्यः भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें आज से बदले रूट से चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक तरफ जहां समर सीजन व शादियों के चलते इन दिनों ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है, तो वहीं कई मंडलों में रेलवे की ओर से यार्ड रिमॉडलिंग सहित अन्य काम किए जा रहे है। इसके चलते ट्रेनें निरस्त करने के साथ मार्ग में बदलाव किया जा रहा है। इससे यात्रियों को मुश्किल बढ़ गई है। इससे ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों की देरी से चल रही है।

आज से बदले रूट से चलेंगी ट्रेनें: जानकारी के अनुसार यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 4 मई से 27 मई तक कुल 24 दिनों तक चरणबद्ध रूप से सम्पन्न होगा।

जौनपुर के बजाए परिवर्तित मार्ग से जाने वाली रेलगाड़ियां

- *गाड़ी संख्या 19051 वलसाड़-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 16, 23 मई को परिवर्तित मार्ग जियोनाथपुर-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंड़िहार जंक्शन।*
- *गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड़ एक्सप्रेस 18, 25 मई को परिवर्तित मार्ग औंड़िहार जंक्शन-वाराणसी सिटी-वाराणसी जंक्शन-जियोनाथपुर।*
- *गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-एलटीटी गोदान एक्सप्रेस, 13, 15, 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-फाफा मऊ जंक्शन।*
- *गाड़ी संख्या 11060 छपरा-एलटीटी एक्सप्रेस, 14, 16, 18, 21, 23, 25 मई को परिवर्तित मार्ग शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-फाफा मऊ जंक्शन। 5) गाड़ी संख्या 11055 एलटीटी-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस, 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25 मई को परिवर्तित मार्ग फाफा मऊ जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-अयोध्या कैन्ट जंक्शन-शाहगंज जंक्शन।*

बरगी डैम हादसे के दिवंगतों को किया याद

ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस में दिवंगतों के लिए हुई प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरगी डैम हादसे में शरीर छोड़ने वाली आत्माओं की शांति के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान, ब्लेसिंग हाउस भोपाल में विशेष शांति पाठ एवं दीप जलाकर दिवंगत आत्माओं को शांति का दान दिया गया।

श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ब्लेसिंग हाउस द्वारा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि सभा एवं शांति-स्मृति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। शांति सभा के दौरान राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से सभी दिवंगत आत्माओं के लिए शांति और शक्तियों से समाहित संकल्प किया गया। सभी भाई-बहनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

दहेज और मृत्यु भोज जैसी प्रथाओं को रोकने पर रहेगा फोकस

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प, कुरीतियों के खिलाफ आगे आया ताम्रकार समाज महिला मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ताम्रकार समाज के महिला मंडल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लिया है। रविवार को अग्रवाल विश्रांति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवगठित महिला मंडल की प्रदेश समिति ने जिम्मेदारी संभाली। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार ने प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानलता ताम्रकार और उनकी टीम को शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे घरेलू विवादों को आपसी समझ से सुलझाने की जरूरत है, ताकि मामले थाने और अदालत तक न पहुंचें।

ताम्रकार समाज की बैठक।

महिलाआं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा।

पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में रखे अपने विचार

प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानलता ताम्रकार ने बताया कि महिला मंडल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही दहेज प्रथा और मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के कई पदाधिकारियों और समाज सेवियों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930